धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित | रांची, सोमवार 08 जुलाई 2024 ● आषाढ़ शुक्ल पक्ष 03 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 90 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




## जय जगन्नाथ

**लगातार न्यूज नेटवर्क। रांची।** राजधानी रांची में रविवार को जगन्नाथपुर में अद्भुत और विहंगम नजारा दिखा. रथ यात्रा के इस पावन मौके पर भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा. सभी ने भगवान जगन्नाथ के जयकारे लगाए और शीश नवाया. इस मौके अपार जनसमूह उमड़ पड़ा. सबने मिल कर रथ को खींचा और भगवान जगन्नाथ का आशीर्वाद लिया. भगवान जगन्नाथ अपने भाई-बहन के साथ नौ दिन तक मौसीबाड़ी में रहेंगे. मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पूरी तरह से भक्तिभाव में लीन दिखे. पीतांबर वस्त्र धारण कर पूरी नेम निष्ठा से जगन्नाथ स्वामी की पूजा-अर्चना की. सीएम हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर भी इसकी जानकारी दी. एक वीडियो ट्वीट कर उन्होंने लिखा- रांची में महाप्रभु की ऐतिहासिक रथ यात्रा में शामिल होने का परम सौभाग्य मिला. **जय जगन्नाथ स्वामी!** -फोटो : रमीज

### ललाट पर टीका और पीतांबर धारण कर मुख्यमंत्री ने की पूजा-अर्चना



### कब क्या-क्या हुआ

- 3.00 बजे सुबह से ही श्री विष्णुसहस्रनामर्चना हुई.
- 4:30 बजे सीएम सपरिवार जगन्नाथपुर मंदिर पहुंचे
- 5:10 बजे पूजा-अर्चना की प्रक्रिया पूरी हुई
- 5:11 बजे रथ से सीढ़ी को हटा दिया गया. फिर रस्साबंधन
- 5.15 बजे सीएम ने थोड़ी देर के लिए रथ खींचा.

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 68,200 |
| चांदी (किलो) | 97,000 |

## ब्रीफ खबरें

### नीट-यूजी मामला: सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट विवादों से घिरी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2024 से संबंधित याचिकाओं पर सोमवार को सुनवाई करेगा. इन याचिकाओं में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) की पांच मई को हुई परीक्षा में गड़बड़ी और कदाचार का आरोप लगाने वाली और इसे फिर से आयोजित करने का निर्देश देने का अनुरोध करने वाली याचिकाएं भी शामिल हैं. सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड की गई आठ जुलाई की वाद सूची के अनुसार, चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ परीक्षा से संबंधित कुल 38 याचिकाओं पर सुनवाई करेगी.

### जिम्बाब्वे पर भारत की आसान जीत



**हरारे।** टीम इंडिया ने रविवार को जिम्बाब्वे को दूसरे टी20 मैच में 100 रनों से करारी शिकस्त दी. पहले मैच में भारतीय टीम 116 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 102 रन ही बना सकी थी. लेकिन दूसरे टी20 मैच में भारतीय बल्लेबाज फॉर्म में दिखे और जिम्बाब्वे के खिलाफ सबसे बड़ा टोटल खड़ा कर दिया. इस जीत के साथ भारत ने सीरीज 1-1 से बराबर कर ली है. भारत ने इस तरह टी20 में जिम्बाब्वे के खिलाफ सबसे बड़े अंतर से जीत हासिल की. **-खेल पेज भी देखें**

### घाटी में छह आतंकी ढेर, दो जवान शहीद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में हुई दो मुठभेड़ों में छह आतंकी मारे गए और दो जवान शहीद हो गए. अधिकारियों ने बताया, मोदरगाम मुठभेड़ स्थल से दो आतंकियों के शव बरामद किए गए जबकि चिन्नीगाम स्थल से रविवार को चार शव बरामद किए गए. मुठभेड़ में पैरा कमांडो समेत दो सैन्यकर्मियों ने अपने प्राण न्यौछावर कर दिए. जम्मू-कश्मीर के डीजीपी आरआर स्वैन ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में आतंकियों का सफाया करना एक बड़ी उपलब्धि है.

### पुरी की यात्रा में भगदड़ एक की मौत, कई घायल

**पुरी।** ओडिशा के पुरी में रविवार को भव्य जगन्नाथ रथ यात्रा निकाली गई. इस यात्रा में भगदड़ मचने से एक की मौत हो गई. कई लोग घायल हैं. हादसे के बाद घायलों को तुरंत अस्पतालों में पहुंचाया गया. यह भगदड़ रथ खींचने के दौरान हुई. एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल था, जिसकी मौत हो गई. बताया जा रहा है कि यह घटना भगवान बलभद्र के रथ को खींचने के दौरान हुई, जिसे सबसे पहले खींचा गया था.

# हेमंत 3.0 का फ्लोर टेस्ट आज, जीत तय

## आज ही मंत्रिमंडल का विस्तार, मिल सकता है नए चेहरों को मौका

**कौशल आनंद। रांची**

विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तीसरी बार फ्लोर टेस्ट से गुजरेंगे. हालांकि राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने इस बार मुख्यमंत्री बने हेमंत सोरेन को फ्लोर टेस्ट का निर्देश नहीं दिया. इसके बावजूद हेमंत ने सदन में विश्वास मत हासिल करने का निर्णय लिया है. सोमवार को हेमंत सोरेन सदन में अपनी सरकार का विश्वास मत हासिल करेंगे. विश्वास मत के बाद हेमंत सरकार का कैबिनेट विस्तार राजभवन में दिन के 3.30 बजे होगा. राजभवन के बिरसा मंडप में राज्यपाल नये मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे.

हेमंत सोरेन सरकार का सदन में विश्वास मत हासिल करना तय माना जा रहा है. क्योंकि विधानसभा के वर्तमान संख्या बाल के आधार पर सरकार के पास बहुमत के आंकड़े से अधिक विधायकों का समर्थन है और इसको लेकर हेमंत सोरेन निश्चित हैं. बता दें कि पहली बार हेमंत सोरेन ने दिसंबर 2019 में सरकार गठन के समय, दूसरी बार पांच सितंबर 2022 और अब सोमवार 8 जुलाई को विश्वास मत हासिल करने के लिए फ्लोर टेस्ट में जा रहे हैं.

**संख्या बल सरकार के पक्ष में :** झारखंड विधानसभा के कुल 81 सदस्यों में से लोकसभा चुनाव में चार विधायकों के सांसद बनने के बाद सदस्यों की संख्या घटकर 77 रह गई है. झामुमो से दो विधायक जोबा मांझी और नलित सोरेन, भाजपा से दो विधायक मनीष जायसवाल और ढुल्लू महतो सांसद बन चुके हैं. ये लोग विधायकी से इस्तीफा भी दे चुके हैं. ऐसे में विधनसभा की वर्तमान संख्या केवल 77 रह गई है. अगर इंडिया गठबंधन की बात करें, तो इनके पास कुल 47 विधायकों का समर्थन है. जिसमें झामुमो 26, कांग्रेस 18, राजद एक, माले एक और मनोनीत एक विधायक शामिल हैं. झामुमो के विधायक लोबिन हेंब्रम को पार्टी छह साल के लिएनिष्कासित कर दिया है, वहीं विधायक चमरा लिंडा निलंबित हैं. जबकि जामा विधायक सीता सोरेन ने भाजपा में जाने के बाद अपना इस्तीफा स्पीकर को दे दिया है, जिसे स्पीकर ने स्वीकार भी कर लिया है. इसलिए झामुमो के विधायकों की संख्या 26 हो गई है.

### चार विधायकों के सांसद बनने के बाद अब विधानसभा की सदस्य संख्या रह गयी है 77, इसलिए राह और आसान



#### यह है विधानसभा में दलगत स्थिति

**विधानसभा में कुल सीटें 81**

अब विधानसभा में सदस्यों की संख्या **77** | स्पीकर को छोड़कर विधायकों की संख्या **76**

| सत्ता पक्ष | विपक्ष |
|---|---|
| झामुमो : 26 | भाजपा : 24 |
| कांग्रेस : 18 | आजसू : 3 |
| राजद : 01 | एनसीपी : 1 |
| माले : 01 | कुल : 28 |
| मनोनीत : 01 | अन्य |
| कुल : 47 | निर्दलीय : 2 |

नलिन सोरेन, जोबा मांझी, ढुल्लू महतो, मनीष जायसवाल सांसद बने. सीता सोरेन ने इस्तीफा दिया.

- वर्तमान विधानसभा के कार्यकाल में हेमंत तीसरी बार और चंपाई एक बार जा चुके हैं फ्लोर टेस्ट में

#### तीन विधायकों पर रहेगी सबकी नजर

हेमंत सरकार के विश्वास मत के दौरान तीन विधायकों की भूमिका पर सबकी नजरें रहेंगी. इनमें झामुमो से निष्कासित लोबिन हेंब्रम और निलंबित विधायक चमरा लिंडा प्रमुख हैं. इसके अलावे भाजपा विधायक रहते हुए कांग्रेस का दामन थाम चुके जेपी भाई पटेल पर भी नजरें रहेंगी. जेपी को लेकर प्रतिपक्ष के नेता अमर बाउरी ने स्पीकर कोर्ट में मामला दर्ज कराया है. जो अभी लंबित है. ऐसे में जेपी वोट करेंगे या नहीं, यह पूरी तरह से स्पीकर के निर्णय पर निर्भर करेगा. इसके अलावे कांग्रेस के एक अन्य विधायक एवं पूर्व मंत्री आलममीर आलम जो टेंडर कमीशन मामले में जेल में हैं, कोर्ट से सत्र में हिस्सा लेने की अनुमति मांगी है.

### आज हटेगा पर्दा, कौन-कौन बनेगा सरकार में मंत्री

जानकारी के अनुसार सोमवार दोपहर दो बजे विधानसभा की कार्यवाही समाप्त हो जाएगी. यानी की फ्लोर टेस्ट हो जाएगा. इसके बाद अपराह्न 3.30 बजे हेमंत सोरेन अपने मंत्रिमंडल का विस्तार करेंगे. शपथ ग्रहण समारोह राजभवन के बिरसा मंडप में होगा, जहां राज्यपाल नये मंत्रियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे. हेमंत सरकार 3.0 में नए चेहरों को मौका मिल सकता है. झामुमो से दीपक बिरुआ, बेबी देवी, हफीजुल अंसारी और मिथिलेश ठाकुर को छोड़ कर नए चेहरे शामिल हो सकते हैं. हेमंत सोरेन के छोटे भाई बंसत सोरेन ड्राप हो सकते हैं. इनके बदले लातेहार विधायक बैजनाथ राम को जगह दी जा सकती है. ये पलामू प्रमंडल से मिथिलेश ठाकुर की जगह ले सकते हैं. ठीक इसी तरह से कांग्रेस की तरफ से आलमगीर के बदले डॉ. इरफान अंसारी को जगह मिलना बताया जा रहा है. बादल पत्रलेख को भी बदले जाने की चर्चा है. इनकी जगह दीपिका सिंह पांडेय को जगह देने की चर्चा है. हालांकि कांग्रेस में पेंच विधायक दल के नेता को लेकर भी फंस रहा है. आलमगीर आलम न केवल मंत्री थे, बल्कि पार्टी विधायक दल के नेता भी रहे हैं. इसलिए अब यह पद किसे मिलेगा, यह भी देखना दिलचस्प होगा. इस पद को लेकर पार्टी के सीनियर नेता डॉ. रामेश्वर उरांव की चर्चा जोरों पर है.

## देवघर : ताश के पत्तों की तरह ढही तीन मंजिली इमारत

# तीन की मौत, कई लोगों के फंसे होने की आशंका

**लगातार न्यूज नेटवर्क। देवघर**

झारखंड के देवघर में भी सूरत जैसा बड़ा हादसा हो गया है. यहां भी रविवार को तीन मंजिला इमारत गिरने से हड़कंप मच गया. इस हादसे में अब तक तीन लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि कई अन्य लोगों के फंसे होने की आशंका है. एनडीआरएफ और जिला प्रशासन की टीमें मौके पर रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी हैं.

अधिकारियों ने बताया कि देवघर के एक इलाके में सुबह करीब छह बजे तीन मंजिला इमारत ढह गई. उन्होंने बताया कि मलबे में अब भी कुछ लोगों के फंसे होने की आशंका है और वहां राहत एवं बचाव अभियान जारी है. देवघर के सिविल सर्जन रंजन सिन्हा ने बताया, मलबे में दबे छह लोगों को बाहर निकाल कर यहां सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया. उनमें से एक महिला सहित दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक बच्चे समेत तीन अन्य का उपचार जारी है.

बचाव अभियान में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के एक दल को तैनात किया गया है. देवघर के एसडीपीओ ऋत्विक श्रीवास्तव ने कहा, इमारत ढहने के बाद मलबे में अब भी कुछ और लोगों के फंसे होने की आशंका है और घटनास्थल पर राहत एवं बचाव अभियान जारी है. उन्होंने बताया कि इमारत ढहने के बाद मलबे से बाहर निकाले गए लोगों को देवघर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है.


घटनास्थल पर राहत एवं बचाव और राहत अभियान का नेतृत्व कर रहे एनडीआरएफ के निरीक्षक रंधीर कुमार ने बताया कि मलबे में फंसे हुए लोगों को सुरक्षित बाहर निकालने के प्रयास किए जा रहे हैं. देवघर के डीसी विशाल सागर ने कहा, शुरुआती जानकारी के मुताबिक यहां कुछ निर्माण कार्य चल रहा था. संभानना यह भी जताई जा रही है कि घर उतना मजबूत नहीं था और इसी की वजह से गिर गया. उन्होंने कहा, मामले की जांच की जाएगी, लेकिन फिलहाल प्राथमिकता लोगों की जान बचाना है. बचाव कार्य लगातार चलाया जा रहा है. मौके पर वरीय अधिकारी भी मौजूद हैं.



राहत व बचाव कार्य में लगी एनडीआरएफ की टीम.

- एनडीआरएफ और जिला प्रशासन की टीमें मौके पर रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटी हैं
- इमारत ढहने के बाद मलबे से बाहर निकाले गए लोगों को देवघर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है

### देवघर हादसे पर मरांडी ने जताया शोक



**रांची।** देवघर स्थित एक पुराने मकान के गिर जाने से तीन लोगों की हुई मौत पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गहरा शोक प्रकट किया है. मरांडी ने कहा कि घटना को सुनकर मर्माहत हूं. उन्होंने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की. उन्होंने कहा कि ईश्वर परिजनों को धैर्य एवं साहस प्रदान करें. घायलों के जल्दी स्वस्थ होने की कामना है.

### सूरत में भी गिरी इमारत, 7 मरे

इससे पहले शनिवार को सूरत में पांच मंजिला इमारत के गिरने से हड़कंप मच गया था. यह घटना सचिन जीआईडीसी इलाके की है. इसमें 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि एक औरत को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया. यह हादसा इतना भीषण था कि मलबे के नीचे से लोगों की आवाजें आ रही थीं.घटना को 12 घंटे से ज्यादा का समय बीत चका है और रेस्क्यू ऑपरेशन अभी भी जारी है. बताया जा रहा है कि कुछ और लोग मलबे में फंसे हो सकते हैं. एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीम मौके पर मौजूद हैं. इमारत का निर्माण साल 2017 मे किया गया था. इमारत में कुल 30 फ्लैट थे, जिनमें 5 में लोग रह रहे थे. घटना के वक्त कुछ लोग काम पर गए हुए, जबकि कुछ घर में सो रहे थे.

## बड़ा संकट — वैश्विक बैंक सिटी ग्रुप की एक नई रिपोर्ट पर कांग्रेस ने सरकार पर साधा निशाना

# देश में बेरोजगारी की दर बढ़ कर 42% तक पहुंची

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

कांग्रेस ने रविवार को आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने नोटबंदी, जीएसटी, चीन से बढ़ते आयात के कारण रोजगार सृजन करने वाले एमएसएमई को तबाह कर भारत में बेरोजगारी के संकट को बढ़ा दिया है.

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक बयान में वैश्विक बैंक सिटीग्रुप की नयी रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि कुछ चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं, जो चुनाव में कांग्रेस द्वारा कही गई बातों की पुष्टि करते हैं. रमेश ने कहा, कांग्रेस बेरोजगारी पर चिंता जताती रही है. उन्होंने कहा, पीएम मोदी ने केवल बड़े कारोबारियों को लाभ पहुंचाने वाली नीतियां बना कर बेरोजगारी दर को 45 वर्षों के उच्च स्तर पर पहुंचा दिया, जिसमें स्नातकों के बीच बेरोजगारी दर 42 प्रतिशत है.

**गांवों में मजदूरी 1.5% से कम हो रही :** रमेश ने मोदी पर ग्रामीण भारतीयों को और गरीब बनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में मजदूरी प्रति वर्ष 1.5% से कम हो रही है. रमेश ने कहा, सिटीग्रुप की रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि सरकार की कई योजनाओं ने जमीनी स्तर पर कोई लाभ नहीं दिया और इनमें सुधार के लिए सुझाव दिए गए हैं. रिपोर्ट का हवाला देते हुए उन्होंने दावा किया कि स्किल इंडिया योजना विफल रही है. केवल 4.4% युवाओं के पास ही किसी तरह का प्रशिक्षण है. कौशल विकास के लिए नयी पहल की सख्त जरूरत है. कांग्रेस के न्याय पत्र में प्रशिक्षुता का जो वादा था वह समय की मांग है. मुद्रा और स्वनिधि जैसे जुमले छोटे व्यवसायों को कर्ज देने में पूरी तरह विफल रहे हैं. इनमें बड़े पैमाने पर सुधार की आवश्यकता है. कम वेतन वाली नौकरियों में काम करने वाले लोग पीड़ित हैं. रमेश ने कहा कि कांग्रेस की न्यूनतम वेतन 400 रुपए रोज की गारंटी अच्छी शुरुआत होगी. रमेश ने कटाक्ष करते हुए कहा, नॉन बायोलॉजिक प्रधानमंत्री और उनके लिए ढोल पीटने वाले अर्थशास्त्री इस पर हमला बोलने लगते हैं, लेकिन वास्तविकता शायद और गंभीर है, यह है रोजगार विहीन विकास.

### केवल 21% श्रम शक्ति के पास नियमित नौकरी




रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत को अपने युवाओं को रोजगार देने के लिए अगले 10 वर्षों तक प्रति वर्ष 1.2 करोड़ नौकरियां सृजित करनी चाहिए. यहां तक कि 7% जीडीपी वृद्धि भी युवाओं के लिए पर्याप्त नौकरियां पैदा नहीं करेगी. अर्थव्यवस्था के क्षेत्र में मोदी सरकार की विफलता बेरोजगारी संकट का मूल कारण है. केंद्र के विभिन्न विभागों में 10 लाख रिक्त पद हैं जो न केवल शिक्षित युवाओं के साथ मजाक है बल्कि कामकाज में भी बाधा है. जयराम ने रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि भारत की केवल 21 प्रतिशत श्रम शक्ति के पास नियमित वेतन वाली नौकरी है जो कि कोविड के पहले के समय से 24 प्रतिशत कम है. रमेश ने दावा किया, कोविड के बाद की रिकवरी में एकमात्र लाभार्थी अरबपति वर्ग रहा है. इस बीच वेतनभोगी मध्यम वर्ग के लिए रास्ते बंद हो रहे हैं.

# टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की फिर से बढ़ेंगी मुश्किलें

**लगातार न्यूज नेटवर्क। नयी दिल्ली**

टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा की एक बार फिर से मुश्किलें बढ़ गई हैं. हाथरस कांड के बाद महिला आयोग की प्रमुख रेखा शर्मा के खिलाफ किए एक सोशल मीडिया पोस्ट पर महुआ पर एफआईआर दर्ज की गई है. नए कानून के तहत गरिमा को ठेस पहुंचाने को लेकर मामला दर्ज हुआ है.

- नए आपराधिक कानूनों के तहत एफआईआर दर्ज



बता दें कि यूपी के हाथरस में पिछले दिनों भोले बाबा के सत्संग में भगदड़ मच गई थी, जिसके बाद 121 लोगों की जान चली गई. हादसे के बाद महिला आयोग प्रमुख रेखा शर्मा मौके पर पहुंची थीं. सामने आए वीडियो में रेखा शर्मा को बारिश से बचाने के लिए किसी ने छाता पकड़ा हुआ था. इस पर महुआ ने एक्स पर लिखा- वह अपने बॉस का पजामा संभालने में व्यस्त हैं. हालांकि, विवाद बढ़ने के बाद महुआ ने पोस्ट को हटा लिया. एनसीडब्ल्यू ने रेखा शर्मा के विरुद्ध सांसद की आपत्तिजनक टिप्पणी पर संज्ञान लेकर उन पर पुलिस को केस दर्ज को कहा था. आयोग ने पाया कि टिप्पणी भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 79 के अंतर्गत आती है.

इसके बाद, एनसीडब्ल्यू की पोस्ट को रिपोस्ट करते हुए मोइत्रा ने लिखा- दिल्ली पुलिस आए, कृपया इन स्वतः संज्ञान आदेशों पर कार्रवाई करें. अगर आपको तीन दिनों में गिरफ्तारी के लिए जरूरत हो तो मैं नादिया में हूं. रेखा पर शर्मा पर महुआ ने कहा, मैं अपना छाता खुद संभाल सकती हूं. मोइत्रा ने एक पोस्ट में शर्मा पर भी केस की मांग की.

- राज्य गठन से अब तक 12 बार हो चुका है फ्लोर टेस्ट
- 13वीं बार हेमंत सोरेन विश्वास मत हासिल करेंगे
- इस साल दूसरी बार होगा फ्लोर टेस्ट
- चंपाई के बाद अब हेमंत सोरेन फ्लोर टेस्ट पास करेंगे

# फ्लोर टेस्ट में हेमंत सोरेन का स्ट्राइक रेट 100%

रवि भारती। रांची

यूं ही झारखंड को राजनीति की प्रयोगशाला नहीं कहा जाता. राज्य गठन के बाद से अब तक रिकॉर्ड 12 बाद सदन में फ्लोर टेस्ट हो चुका है. आठ जुलाई को 13वीं बार सीएम हेमंत सोरेन फ्लोर टेस्ट का सामना करेंगे. हालांकि हेमंत सोरेन का फ्लोर टेस्ट पास करने का स्ट्राइक रेट शत-प्रतिशत है. हेमंत सोरेन ने दो बाद डिप्टी सीएम रहते और एक दफा सीएम के रूप में फ्लोर टेस्ट पास कर चुके हैं. आठ जुलाई को चौथी बार हेमंत सोरेन फ्लोर टेस्ट का सामना करेंगे. वहीं इस साल दो बार फ्लोर टेस्ट की परिस्थिति बनी है. पांच फरवरी को हेमंत सोरेन के इस्तीफे के बाद चंपाई सरकार ने फ्लोर टेस्ट में विश्वास मत हासिल किया था. बताते चलें कि सदन में अबतक 12 बार तत्कालीन सरकारों द्वारा लाए गए विश्वास प्रस्ताव में नौ बार सरकारों ने अपना बहुमत साबित किया. दो बार प्रस्ताव आने के बाद वोटिंग से पहले ही तत्कालीन मुख्यमंत्रियों ने अपना इस्तीफा दे दिया था. एक बार वोटिंग की अनुमति ही नहीं दी गई थी. वहीं सदन में अबतक दो ही बार अविश्वास प्रस्ताव आया है.

**सबसे पहले बाबूलाल मरांडी ने लाया था विश्वास प्रस्ताव :** सबसे पहले 23 नवंबर 2000 को बाबूलाल मरांडी ने विश्वास प्रस्ताव लाकर बहुमत साबित किया था. उसके बाद 11 मार्च 2005 को शिबू सोरेन ने विश्वास प्रस्ताव लाया था. लेकिन प्रोटेम स्पीकर ने प्रस्ताव पेश करने की अनुमति नहीं दी. 15 मार्च 2005 को अर्जुन मुंडा ने विश्वास



मत हासिल किया था. 14 सितंबर 2006 को अर्जुन मुंडा ने बहुमत नहीं होने के कारण सदन में इस्तीफा घोषणा की. 20 सितंबर 2006 को मधु कोड़ा बहुमत साबित किया. 29 अगस्त 2008 को स्टीफन मरांडी (तात्कालीन संसदीय कार्य मंत्री) का प्रस्ताव बहुमत से स्वीकृत हो गया. सात जनवरी 2010 को रघुवर दास का (संसदीय कार्य मंत्री) प्रस्ताव बहुमत से स्वीकृत हो गया. 30 मई 2010 को सुदेश महतो (उप मुख्यमंत्री) का प्रस्ताव बहुमत नहीं होने के कारण शिबू सोरेन का इस्तीफा हुआ. 14 सितंबर 2010 को हेमंत सोरेन (उप मुख्यमंत्री) का प्रस्ताव बहुमत से स्वीकृत हुआ. 18 जुलाई 2013 को हेमंत सोरेन का (उप मुख्यमंत्री) प्रस्ताव बहुमत से स्वीकृत हुआ. पांच सितंबर 2022 को हेमंत सोरेन (मुख्यमंत्री) ने बहुमत साबित किया. पांच फरवरी 2024 को चंपई सोरेन (मुख्यमंत्री) ने बहुमत साबित किया.

### सदन में अब तक दो बार आ चुका है अविश्वास प्रस्ताव

विधानसभा में अब तक दो बार अविश्वास प्रस्ताव आ चुका है. सबसे पहले तत्कालीन नेता प्रतिपक्ष स्टीफन मरांडी तथा विधायक फुरकान अंसारी ने 17 मार्च को 2003 को तत्कालीन मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की सूचना विधानसभा सचिवालय को दी थी. लेकिन अविश्वास प्रस्ताव आने से पहले ही बाबूलाल मरांडी ने उसी दिन मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था. दूसरी बार नेता प्रतिपक्ष के रूप में अर्जुन मुंडा, विधायक सीपी सिंह और राधाकृष्ण किशोर 18 दिसंबर 2007 को तत्कालीन मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव लाये थे, जो अस्वीकृत हो गया था. इसमें मधु कोड़ा सरकार ने अपना बहुमत साबित कर दिया था.

### फ्लोर टेस्ट के बाद मंत्रिमंडल का गठन

आठ जुलाई को मुख्यमंत्री विधानसभा में विश्वासमत हासिल करने सदन में आएंगे. इसके लिए विधानसभा का विशेष सत्र सुबह 11 बजे बुलाया गया है. विश्वासमत का काम ठीक से निपट गया तो उसी दिन हेमंत मंत्रिमंडल का विस्तार भी कर सकते हैं. इसके लिए रविवार की शाम या सोमवार की सुबह राजभवन से हेमंत समय मांग सकते हैं. यह देखना दिलचस्प होगा कि मंत्रिमंडल में किसे जगह दी जाती है. वैसे पूरी उम्मीद है कि पुराने मंत्रिमंडल को ही बहाल कर लिया जाएगा. जो दो पद खाली हैं, उन पर किसे बिठाया जाए, सारी माथापच्ची इसी पर होनी है.

### राज्य सरकार एक बड़ी आबादी के साथ कर रही खिलवाड़ : आजसू

# सरकार में आते ही छह माह के अंदर ओबीसी समाज को देंगे अधिकार : सुदेश

प्रमुख संवाददाता। रांची

पूर्व मुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो ने कहा कि इस राज्य की एक बड़ी आबादी के साथ इस राज्य की सरकार खिलवाड़ कर रही है. राज्य सरकार ने चुनावी घोषणा में वादा किया था कि जैसे ही सरकार में हम आएंगे 6 माह के अंदर ओबीसी समाज का अधिकार देने का काम करेंगे. लेकिन सरकार के विदाई वर्ष में भी इस राज्य के ओबीसी समाज के साथ लॉलीपॉप दिखाने का काम किया गया. वे रविवार को ओबीसी एकता अधिकार मंच के अरगोड़ा स्थित केंद्रीय कार्यालय के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि इस सरकार में बैठे मंत्री और मुख्यमंत्री केवल घोषणाएं करते हैं, धरातल पर एक भी काम नहीं हो रहा है और ओबीसी समाज को छला जा रहा है. हम ओबीसी समाज की लड़ाई को मजबूती के साथ विधानसभा में रखने का काम करेंगे और हम ओबीसी समाज के लोगों से आग्रह करते हैं कि इस लड़ाई को मजबूती के साथ एकजुटता के साथ खड़ा होकर लड़ाई लड़े ताकि ओबीसी समाज का हक अधिकार मिल सके.

#### ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन




समारोह को संबोधित करते सुदेश महतो. साथ में केंद्रीय रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ.

### ओबीसी समाज के साथ हम कंधे से कंधा मिलाकर चलेंगे: संजय सेठ

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि ओबीसी समाज के साथ हम कंधों से कंधा मिलाकर चलेंगे. ओबीसी समाज के हर लड़ाई को मजबूती के साथ हम लड़ाई में खड़ा रहेंगे. विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि हम ओबीसी एकता अधिकार मंच के साथ हर मौके पर खड़े रहेंगे, जहां भी मेरी जरूरत होगी वहां मंच को मेरा सहयोग और समर्थन मिलेगा. राज्यसभा सांसद आदित्य साहू ने ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद और मंच के पदाधिकारियों के कार्यों को सराहना करते हुए सहयोग और समर्थन करने की बात कहे. मौके पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो ने ओबीसी एकता अधिकार सह न्याय यात्रा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. न्याय यात्रा रथ राज्य के सभी जिलों में प्रखंड स्तर से लेकर पंचायत स्तर तक ओबीसी समाज को जगाने का कार्य करेगी .

### ओबीसी समाज की आवाज बुलंद की जाएगी : ब्रह्मदेव

ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि पूरे प्रदेश में ओबीसी समाज के लोगों को जागने के लिए, राजनैतिक, शैक्षणिक क्षेत्र में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए, यह गैर राजनैतिक संगठन ओबीसी समाज का गठन किया गया है. ओबीसी एकता अधिकार मंच का एकमात्र उद्देश्य ओबीसी समाज के हक, अधिकार की लड़ाई को मजबूती देने के लिए राज्य के 24 जिले में ओबीसी समाज का संगठन खड़ा कर ओबीसी समाज के आवाज को बुलंद करना.

**ओबीसी एकता अधिकार मंच का एकमात्र उद्देश्य ओबीसी समाज के हक, अधिकार की लड़ाई को मजबूती देना है**

# अभ्यर्थियों के पास पीजीटी परीक्षा में भ्रष्टाचार के पुख्ता प्रमाण: अमर बाउरी

प्रमुख संवाददाता। रांची

जेएसएससी पीजीटी परीक्षा में हुई धांधली की जांच की मांग को लेकर राजभवन के समक्ष धरना दे रहे अभ्यर्थियों से रविवार को नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने मुलाकात की. इस दौरान रांची विधायक सीपी सिंह सिंह,कांके विधायक समरी लाल, राजमहल विधायक अनंत ओझा और गोड्डा विधायक अमित मंडल भी मौजूद थे. नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि जेएसएससी पीजीटी मामले में कई गड़बड़ियां सामने आई हैं, जिस तरह से अभ्यर्थियों ने अपने साथ हो रहे अन्याय के पुख्ता प्रमाण दिखाए हैं. इससे लगता है कि झारखंड सरकार ने सफल अभ्यर्थियों से पैसे लेकर नौकरी बेचने का काम किया है. सरकार को चाहिए कि जब सीबीआई पहले से ही नियुक्ति घोटाले मामले पर अपनी जांच कर रही है तो इस मामले की जांच भी एक साथ करवा दें.

**सरकार नौकरी बेचने का कर रही है काम :** बाउरी ने कहा कि राज्य सरकार ने प्रति वर्ष 5 लाख नौकरी देने का वादा किया था और नौकरी नहीं मिलने पर 5 से 7 हजार रुपये का भत्ता देने का वादा युवाओं से किया था. लेकिन नौकरी देना तो दूर सरकार नौकरी को बेचने का काम कर रही है. कई मामले की जांच एसआईटी का गठन कर की गई, जिसमें राज्य सरकार के ही दो अधिकारियों की गिरफ्तारी भी की गई. लेकिन पूरा मामला ठंडे बस्ते में चला गया और किसी पर भी कोई भी कार्रवाई नहीं की गई.



अभ्यर्थियों से बात करते अमर बाउरी और सीपी सिंह.

### ब्लैकलिस्डेड कंपनी को सौंपा गया था काम: सीपी सिंह

रांची के विधायक सीपी सिंह ने कहा कि जिस तरह से छात्रों ने प्रमाण पेश किए हैं, उससे लगता है कि झारखंड के पांच सेंटर से ही अभ्यर्थी सफल हुए हैं, जिस कंपनी को परीक्षा करवाने का टेंडर दिया गया वह कंपनी पहले से ही ब्लैक लिस्टेड है, बावजूद इसके फिर से उसी कंपनी से परीक्षा करवाने पर भी सरकार के ऊपर सवाल खड़े हो रहे हैं. इस पूरे मामले की जांच केंद्रीय जांच एजेंसी से करवाने की बात कही, ताकि छात्रों को न्याय मिल सके. वहीं उन्होंने छात्रों को उच्च न्यायालय जाने का भी सुझाव दिया, ताकि कोर्ट के माध्यम से इस पूरे मामले की जांच सीबीआई से करवाई जा सके.

#### अभ्यर्थियों को दी जा रही है धमकी

बाउरी ने कहा कि धरने पर बैठे अभ्यर्थियों को पहले तो समझाने का काम किया जा रहा था, लेकिन अब उन्हें धमकी भी दी रही है. यदि युवाओं के साथ कोई भी छेड़छाड़ होती है तो सड़क से लेकर सदन तक भारतीय जनता पार्टी इस लड़ाई को लड़ने का काम करेगी. युवाओं के साथ सरकार छेड़छाड़ ना करें नहीं तो सत्ता के साथ झारखंड से भी उन्हें हाथ धोना पड़ेगा.

# मुस्लिम लीग ने 20 सीटों पर चुनाव लड़ने का किया ऐलान



बैठक में शामिल मुस्लिम लीग के नेतागण.

संवाददाता। रांची

इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग झारखंड प्रदेश कमेटी की बैठक मेन रोड स्थित होटल सरताज में प्रदेश अध्यक्ष अशरफ हुसैन की अध्यक्षता में हुई. उन्होंने कहा कि विधानसभा के 20 सीटों का चयन विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक दृष्टिकोणों से किया गया है. प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि समाज के सभी वर्गों के लिए विकास और समावेशी नीति को बढ़ावा देना है, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में सुधार के लिए पार्टी ने कई योजनाएं तैयार की है. प्रदेश महासचिव शान उल हक ने अपने समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं से शांतिपूर्ण और सुसंगत चुनाव अभियान चलाने का आग्रह किया. उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सभी की भूमिका अहम है और हमें एक स्वस्थ और सकारात्मक चुनाव प्रक्रिया का पालन करना चाहिए. प्रदेश उपाध्यक्ष अंजनी कुमार सिन्हा ने कहा कि हमारा उद्देश्य एक ऐसा समाज बनाना है, जिसमें हर व्यक्ति को समान अवसर मिले और सभी को विकास का लाभ मिल सके. प्रदेश उपाध्यक्ष सहाबुद्दीन ने कहा कि मुस्लिम लीग ने समाज के सभी वर्गों से समर्थन और सहयोग की अपील की है. वहीं प्रदेश महासचिव शानुल हक ने कहा आईयूएमएल झारखंड प्रदेश इलेक्शन पार्लियामेंट्री बोर्ड की बैठक आगामी 14 जुलाई को होगी.

# 35 सदस्यीय राज्य कमेटी का गठन किया गया

### झारखंड राज्य लेखा लिपिक का प्रथम राज्य स्तरीय सम्मेलन

संवाददाता। रांची

झारखंड राज्य लेखा लिपिक संघ का प्रथम राज्य स्तरीय आयोजन किया गया. सम्मेलन में रांची के अलावा झारखंड के विभिन्न जिलों के सभी कार्य विभाग के लेखा लिपिकों ने भारी संख्या में भाग लिया. सम्मेलन में 35 सदस्यीय राज्य कमेटी का गठन किया गया. सम्मेलन में झारखंड सरकार से कई बिंदुओं पर मांग संबंधी प्रस्ताव पारित भी कराया गया. सम्मेलन की अध्यक्षता अविनाश कुमार मिश्र ने किया. विशिष्ट अतिथि लेखा परीक्षा एवं लेखा विभाग के पदाधिकारी सह झारखंड लेखा पदाधिकारी /लेखाकार संघ के अध्यक्ष सुशील कुमार मिश्र, महासचिव सतीश चंद्र दास, झारखंड राज्य राजपत्रित कर्मचारी महासंघ के संरक्षक नवीन चौधरी, एनएमओपीएस/ जेएचएआरओटीईएफ के प्रांतीय अध्यक्ष अरविंद कुमार, मीडिया प्रभारी शिवानंद, डिप्लोमा अभियंता संघ के महामंत्री कुमार बृजेश, सीडेक के तकनीकी पदाधिकारी महावीर तिर्की, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखंड के अवर सचिव राजीव कुमार चौधरी, उच्च तकनीकी शिक्षा विभाग झारखंड के प्रशाखा पदाधिकारी संजय कुमार,महाधिवक्ता कार्यालय के सहायक प्रशाखा अधिकारी राजशेखर सहित अलग-अलग वक्ताओं ने संबोधित किया.




सम्मेलन में संबोधित करते वक्ता.

# पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने भाजपा को किया बाय-बाय

प्रमुख संवाददाता। रांची



बहरागोड़ा से पूर्व विधायक कुणाल षाड़ंगी ने बीजेपी को बाय-बाय कर दिया है. उन्होंने अपना इस्तीफा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी को भेज दिया है. उन्होंने लिखा है कि पत्र के माध्यम से मैं भारतीय जनता पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से त्यागपत्र दे रहा हूं. यह निर्णय मैंने गहन चिंतन और आत्ममंथन के उपरांत लिया है. षाड़ंगी ने इस्तीफे की कॉपी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष और प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह को भी भेजी है. राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि कुणाल षाड़ंगी जल्द झामुमो का दामन थाम सकते हैं.

**महत्वपूर्ण मुद्दों के प्रति पार्टी रही उदासीन :** कुणाल ने अपने इस्तीफे में लिखा है कि पिछले कई महीनों से मैं यह महसूस कर रहा हूं कि कई बार पूर्वी सिंहभूम जिले की बुनियादी समस्याओं से जुड़े विषयों और संगठनात्मक विषयों को आपके और अन्य वरीय पदाधिकारियों के संज्ञान में लाने के बावजूद पार्टी जिले के महत्वपूर्ण मुद्दों के प्रति बिलकुल उदासीन है. जब मैंने प्रदेश के प्रवक्ता के पद से त्यागपत्र दिया था, तो मुझे उम्मीद थी कि मेरे द्वारा रखे गए विषयों पर पार्टी संज्ञान लेगी, लेकिन दुखद है कि स्थिति आज भी जस की तस है.

**संगठन के आंतरिक अनुशासन के प्रति भी कोई गंभीरता नहीं :** षाड़ंगी ने कहा है कि जिले की कई बुनियादी सुविधाओं और विशेष तौर पर युवाओं के मुद्दों पर यहां से चुने हुए जनप्रतिनिधि हमेशा से मौन रहे हैं और संगठन के आंतरिक अनुशासन के प्रति भी कोई गंभीरता दिखाई नहीं देती है.

**भाजपा में रहकर संभव नहीं :** पूर्वी सिंहभूम जिले की जनता के हित में यह आवश्यक है कि उनकी आवाज को जोरदार तरीके से बुलंद किया जाए, ताकि उनकी समस्याओं का उचित समाधान हो स, जो वर्तमान परिस्थिति में भाजपा में रह कर मुझे संभव प्रतीत नहीं होता है.

### चिंताजनक सूबे के 15 जिलों के 2439 लोगों के डीएल रद्द करने की अनुशंसा

# हर दिन 81 लोगों के डीएल रद्द करने की सिफारिश

संवाददाता। रांची

झारखंड में हर दिन 81 लोगों के ड्राइविंग लाइसेंस रद्द करने सिफारिश की जा रही है. पिछले एक महीने के दौरान राज्य के 15 जिलों में 2439 लोगों के ड्राइविंग लाइसेंस रद्द करने की सिफारिश पुलिस द्वारा संबंधित जिले के डीटीओ से की गयी है. इनमें सबसे अधिक रांची जिले में 706 और देवघर जिले में 602 लोगों के ड्राइविंग लाइसेंस रद्द करने की सिफारिश की गई. यह कार्यक्रम एमवी एक्ट के तहत धारा 183, 184, 185, 189, 190, 914सी, 194डी और 197ई के तहत की गई है.

### इन कारणों से आपका ड्राइविंग लाइसेंस हो सकता है रद्द

ओवर स्पीडिंग करते पकड़े जाने पर जुर्माना तो लगेगा ही, साथ ही यातायात पुलिस के पास आपका ड्राइविंग लाइसेंस रद्द करने का भी अधिकार रहता है. इसलिए सड़क पर चलते समय ओवर स्पीडिंग से बचें. यदि पुलिस आपको सड़क पर खतरनाक तरीके से वाहन चलाते हुए पकड़ती है, तो लाइसेंस जब्त की संभावना के साथ-साथ आप पर भारी जुर्माना लगाया जा सकता है. खतरनाक ड्राइविंग में लापरवाही से गाड़ी चलाना और नियम का पालन न करना शामिल है. यदि आपकी ड्राइविंग सड़क पर अन्य मोटर चालकों के जीवन के लिए खतरा है, तो इसे खतरनाक ड्राइविंग माना जाएगा. यहां तक कि मोटरसाइकिल पर स्टंट करना भी सार्वजनिक सड़कों पर खतरनाक ड्राइविंग मानी जाती है. दोपहिया वाहन पर तीन लोगों का बैठना भी मोटर व्हीकल एक्ट के अनुसार अपराध है.

#### जानें किसे जिले में कितने लोगों का ड्राइविंग लाइसेंस रद्द करने की सिफारिश की गई है




| | | | |
|---|---|---|---|
| रांची : | 706 | रामगढ़ : | 08 |
| लोहरदगा : | 01 | कोडरमा : | 127 |
| सिमडेगा : | 01 | गिरिडीह : | 28 |
| खूंटी : | 05 | बोकारो : | 67 |
| जमशेदपुर : | 287 | दुमका : | 13 |
| सरायकेला : | 262 | देवघर : | 602 |
| पलामू : | 290 | गोड्डा : | 31 |
| हजारीबाग : | 04 | कुल : | 2439 |

क्लासिफाइड


















राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार




www.lagatar.in | धनबाद, सोमवार 08 जुलाई 2024 ● आषाढ़ शुक्ल पक्ष 03 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 90 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

**ब्रीफ खबरें**

### गोमो की बेटी को ताइक्वांडो में सिल्वर



**गोमो।** रांची में आयोजित 24 वां झारखंड स्टेट सब जूनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप में गोमो के रेल कर्मी देवब्रत सरकार की बेटी देबोश्री ने सिल्वर मेडल जीडा है. उन्होंने बताया कि रांची दो दिवसीय ताइक्वांडो चैम्पियनशिप में धनबाद जिला की ओर से इस प्रतियोगिता में भाग लिया था. जिसमें झारखंड के विभिन्न जिलों से लगभग पांच सौ प्रतिभागियों ने भाग लिया था. इसमें उसने ये कामयाबी पाई है. देबोश्री गोमो के डिनोबिली स्कूल की छात्रा है.

### नाबालिग से छेड़खानी में वृद्ध को जेल

**तोपचांची :** नाबालिग लड़की से छेड़खानी मामले की दर्ज शिकायत के आधार पर तोपचांची पुलिस ने रविवार को आरोपी इलियास अंसारी को जेल भेज दिया. पीड़ित लड़की के परिजनों ने शनिवार की देर रात तोपचांची थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी. प्राथमिक दर्ज करने के बाद तोपचांची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर तोपचांची थाना लाए और पूछताछ की. घटना के संबंध में पीड़ित परिजनों ने बताया कि नाबालिग लड़की से बीते 3 दिन पूर्व छेड़खानी की गई थी.

### दानपेटी से चोरी करते रंगे हाथ पकड़ाया चोर

**झरिया:** चोरों के हौसले इतने बुलंद हो चुके हैं कि अब न तो उन्हें पुलिस का डर है और न ही भगवान का. शायद यही वजह रही है कि अब भगवान का घर भी महफूज नहीं रह गया है. ताजा मामला झरिया थाना क्षेत्र के चिल्ड्रेन पार्क स्थित राधा कृष्ण मंदिर में रविवार को दानपात्र से दिन दहाड़े चोरी करते हुए पुजारी ने एक चोर को रंगे हाथ पकड़ लिया.

## हत्या की आशंका : बच्चों की मां और 8 माह का भाई भी लापता, जांच में जुटी पुलिस

# पीरटांड़ के धावाटांड़ जंगल से सगे भाई-बहन का शव बरामद



संवाददाता। पीरटांड़


गिरिडीह के पीरटांड़ थाना क्षेत्र के धावाटांड़ जंगल स्थित एक नाले के बगल से सगे भाई-बहन का शव बरामद किया गया है. इन दोनों बच्चों की की मां और उसके 8 महीने का भाई भी लापता है. शव बरामद होने के बाद पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है. भाई-बहन की पहचान धावाटांड निवासी सुखलाल सोरेन के 10 वर्षीय पुत्री राधिका कुमारी और 7 वर्षीय पुत्र सचिन सोरेन के रूप में हुई है. वही मां सोना देवी और उसका 8 महीने का बेटा लापता है. इन दोनों की खोजबीन की जा रही है. दोनों भाई-बहन की मौत कैसे हुई है, उसका खुलासा नहीं हो सका है. हालांकि ग्रामीणों ने दोनों भाई-बहन की हत्या होने की आशंका व्यक्त की है. पीरटांड़ थाना की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि पुलिस पूरी घटना की जांच कर रही हैं.

**खास बातें**

- ग्रामीणों ने दोनों की हत्या होने की आशंका जताई
- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

### जोरिया में नहाने गए बच्चे की दलदल में फंसकर दर्दनाक मौत

**बलियापुर ।** रविवार को जोरिया में नहाने गए एक बच्चे की दलदल में फंसने से दर्दनाक मौत हो गई . घटना के संबंध में बताया जाता है कि बलियापुर थाना क्षेत्र के दुधिया गांव में एक जोरिया है जहां नहाने के लिए लगभग 10 वर्षीय बच्चा गया था . जो नहाने के दौरान दलदल में फंस गया और उसकी मौत हो गई . मृतक बच्चे की पहचान खेड़काबाद निवासी प्रताप सोरेन के रूप में हुई है . घटना की जानकारी मिलते ही भारी संख्या में ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंच गए . जोरिया में काफी दलदल होने की वजह से मौके पर स्थानीय लोगों द्वारा भी दलदल से मिट्टी निकाल गया . साथ ही जेसीबी मंगाकर बच्चे को बचाने की पूरी कोशिश की गई . लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद बच्चे को बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक बच्चे की मौत हो चुकी थी . घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को दी गई है . घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है, वही गांव में मातम पसर गया है .



### तोपचांची में पिकअप वैन की खड़े ट्रक से टक्कर, एक की मौत

**तोपचांची :** रविवार की सुबह तोपचांची थाना क्षेत्र के तोपचांची बाजार में तेज रफ्तार पिकअप वैन ने सड़क किनारे खड़े ट्रक को जोरदार टक्कर मार दी . दुर्घटना में दो गंभीर रूप से जख्मी व एक की मौत हो गया . घटना के संबंध में मिली प्राप्त जानकारी के अनुसार पिकअप वैन बंगाल से बिहार जा रही थी . तोपचांची बाजार स्थित नेशनल हाईवे किनारे खड़े ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी . पिकअप वैन में सवार एक युवक की घटनास्थल पर मौत हो गई . पिकअप वैन के चालक व उपचालक गंभीर रूप से जख्मी है . घटना की सूचना मिलते ही तोपचांची पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर गंभीर रूप से जख्मी दोनों युवकों को इलाज के लिए धनबाद स्थित एसएनएमएमसीएच अस्पताल भेज दिया है . पुलिस घटना में मृत युवक के शव को धनबाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है . खबर लिखे जाने तक मृत युवक व गंभीर रूप से जख्मी युवपों का शिनाख्त नहीं हो पाया है . पुलिस जांच-पड़ताल में जुट गई है .



# पुलिस चिपका रही इश्तेहार आरोपी कर रहा समीक्षा बैठक

संवाददाता। धनबाद

युवा कांग्रेस के कतरास नगर अध्यक्ष विकास सिंह के खिलाफ वर्ष 2023 में दुष्कर्म व रंगदारी का मुकदमा दर्ज किया गया था. इस मामले में पुलिस ने हाल ही में उसके खिलाफ इश्तेहार चस्पा किया है. पुलिस को वह नहीं मिल रहा है. इधर दूसरी तरफ आरोपी लोकसभा में कांग्रेस की हार पर समीक्षा बैठक आयोजित कर रहा है. हैरान करने वाली बात ये है कि आरोपी ने खुद अपने मोबाइल से ही इस बैठक के आयोजन को लेकर कांग्रेसियों को निमंत्रण भी भेजा है, सिर्फ इतना ही नहीं, वो बैठक में शरीक हुआ.जोगता थाने में 28 मई 2023 को स्थानीय एक महिला ने उसके खिलाफ पिस्टल की नोंक पर दुष्कर्म करने और रंगदारी मांगने की शिकायत दर्ज कराई थी. बयान के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसके खिलाफ छानबीन की. लगभग डेढ़ वर्ष बाद भी पुलिस उसे पकड़ नहीं पाई है. इधर हाल में कुछ दिनों पूर्व उसके खिलाफ पुलिस ने उसके घर पर इश्तेहार चस्पा किया है. इश्तेहार में उसे कोर्ट में उपस्थित होने की बात कही गई है. दूसरी तरफ वो सरेआम घूम रहा है, यहां तक कि पार्टी की बैठक समेत अन्य सार्वजनिक कार्यक्रमों में भी बेखौफ शामिल हो रहा है. लेकिन पुलिस उसे टच तक नहीं कर रही है. ऐसा क्यों हो रहा है ये तो पुलिस ही जानें.



1. कतरास नगर अध्यक्ष विकास सिंह के खिलाफ दर्ज है दुष्कर्म व रंगदारी की प्राथमिकी
2. पुलिस ने 3 जुलाई को घर पर चस्पा किया इश्तेहार अदालत में हाजिर होने का है आदेश
3. आरोपी सार्वजनिक कार्यक्रम से लेकर पार्टी की बैठकों में भी बेखौफ हो रहा शामिल

### अशोक प्रकाश लाल को प्रत्याशी बनाने की मांग

**कतरास।** कतरास प्रियदर्शनी पथ स्थित ओपी लाल सेवा सदन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष शौकत खान व संचालन ओबीसी के जिला उपाध्यक्ष पवन यादव ने किया .इस दौरान सभी एक स्वर में कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष अशोक प्रकाश लाल को बाघमारा विधानसभा से पार्टी प्रत्याशी बनाएं जाने की मांग प्रदेश पदाधिकारियों के पास रखने का निर्णय लिया गया . वक्ताओं ने कहा कि बाघमारा में अगर पार्टी युवा नेता अशोक प्रकाश लाल को पार्टी प्रत्याशी बनाती है तो बाघमारा में पार्टी की जीत सुनिश्चित है . इसलिए पार्टी आलाकमान को गंभीरता से इस पर विचार करने की आवश्यकता है . वहीं अपने संबोधन में अशोक प्रकाश लाल ने कहा कि बाघमारा की 15 वर्षों से आताताई शक्तियों से परेशान जनता परिवर्तन चाह रही है .अगर पार्टी व कार्यकर्ताओं का आदेश हुआ तो वे चुनाव मैदान में पूरी मजबूती के साथ उतरने के लिए तैयार हैं . मौके पर शौकत खान, प्रवीण राय , जितेन्द्र रावानी,भुटका महतो,मो प्रिंस,पवन यादव,रामप्रीत राजभर ,सुरज गुप्ता, बिट्टू गुप्ता,अजिज , योगेन्द्र रजक ,विजय पासवान, नौशाद आलम सहित अन्य मौजूद थे .

## राहुल देश के उदीयमान सूर्य : जलेश्वर महतो

संवाददाता। कतरास



कतरास कांग्रेस प्रधान कार्यालय में संपन्न बैठक हुई. इसकी अध्यक्षता वरीय नेता भोला राम एवं संचालन युवा कांग्रेस के कतरास नगर अध्यक्ष विकास सिंह ने किया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री सह झारखंड प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो थे. उन्होंने कहा देश की जनता महंगाई, बेरोजगारी से त्रस्त है. केंद्र की भाजपा सरकार पूंजीपतियों की सरकार है. किसान फसल उपजाता हैं किन्तु उसे कौड़ी का भाव मिलता है. ,रेट अडानी और अंबानी जैसे पूंजीपति तय कर रहे हैं.हर संस्था निजीकरण की ओर बढ़ रहा है. कार्यकर्ता विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटे,कांग्रेस की सरकार जहां-जहां बनी है. वहां महिलाओं को,छात्रों को, किसानों को सम्मान दिया जा रहा है. महतो ने कहा की राहुल गांधी ने जिस प्रकार संपूर्ण देश का दौरा किया और पूरे देश में जिस प्रकार से अभूतपूर्व जन-समर्थन मिला, यह इस बात का संकेत हैं कि राहुल गांधी उदीयमान सूर्य हैं. मौके पर बलराम महतो,प्रदीप पांडे,चंद्रदीप यादव, राजकुमार महतो,राहुल महतो, रंजीत पांडे, जियाउल हक, जनक लाल,दीना साव, शौकत खान, राजाराम यादव, अजय पासवान, मो. शहाबुद्दीन, संजय महतो, अदालत देशवाली, कुलदीप ठाकुर, परमेश्वर रवानी, दयाल महतो,मनोज महतो, सतीश महतो, महावीर महतो,बिनोद सिंह, सूर्यकांत महतो,अनिल यादव, जय सिंह, शिवेश सिन्हा,विजय वर्मन, पिंकु पांडे, अनीता देवी,श्रवण गुप्ता, रॉबिन पॉल,गोपाल भूइया आदि लोग उपस्थित थे.

### एसएनएमएमसीएच का सर्जरी वार्ड है या तालाब







झमाझम बारिश के बाद एसएनएमएमसीएच के सर्जिकल और जेनरल वार्ड में पानी भर गया. भर्ती मरीजों के साथ-साथ स्वास्थ्य कर्मियों को भी काफी परेशानी हुई. पानी के प्रवेश करने से वहां पर अफरा- तफरी मच गई. मानसून की पहली बारिश में अस्पताल की पोल खुल गई. सर्जिकल वार्ड जेनरल वार्ड में भर्ती मरीज और मरीजों के परिजन परेशान दिखे. ऐसे में संक्रमण की आशंकाएं बढ़ जायेंगी.

## बलियापुर के हर्ष सरिया बने इसरो के वैज्ञानिक

संवाददाता। बलियापुर

बलियापुर के समाजसेवी स्वर्गीय पुरूषोत्तम अग्रवाल के पोता व गिरधर वस्त्रालय के व्यवसायी संजय कुमार अग्रवाल के पुत्र हर्ष सरिया का इंडियन स्पेस रिसर्च आर्गनाइजेशन (इसरो) में वैज्ञानिक के रूप में चयन होने से बलियापुर के लोगों में हर्ष हैं. इसरो के चीफ एस सोमनाथ द्वारा बलियापुर के हर्ष सरिया को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया. इसरो में वैज्ञानिक बने हर्ष सरिया सुनीता सरिया का पुत्र है. उनकी बहन अंकिता सरिया लॉ की स्टूडेंट हैं. दादी कोशल्या देवी गृहिणी व चाचा संदीप कुमार अग्रवाल व्यवसायी हैं. उसने सिंदरी डिनोबिली स्कूल से दसवीं व डिगवाडीह स्कूल से बारवीं की पढ़ाई की. शुरू से ही वह मेधावी रहे. दसवीं की परीक्षा में वह स्कूल टॉपर रहे.



2020 में जेईई एडवांस की परीक्षा में अव्वल रहने पर उनका नामांकन तिरूअनंतपुरम, आइआइएसटी में एरो स्पेस इंजीनियरिंग में हुआ. उनकी इस सफलता के लिए भाजपा नेत्री तारा देवी, मासस केंद्रीय सचिव चंद्रदेव महतो, भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर, आशीष चटर्जी, भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष मुखर्जी, अल्पना मुखर्जी, लायंस क्लब के गिरधारी लाल अग्रवाल आदि ने बधाई दी.

## बिजली व पानी की समस्या के लेकर एकजुट हुए व्यापारी, करेंगे आंदोलन

- चेंबर ऑफ कॉमर्स पुटकी, लोयाबाद, छाताटांड़ व केंदुआ बाजार के प्रतिनिधियों ने दी चेतावनी

संवाददाता। पुटकी



बिजली, पानी की समस्या से त्रस्त पुटकी, लोयाबाद,केंदुआ के व्यवसायियों ने झारखंड स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड व माडा के खिलाफ आंदोलन करने की घोषणा की है. चेंबर ऑफ कॉमर्स पुटकी, लोयाबाद, छाताटांड़ व केंदुआ बाजार के प्रतिनिधियों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चेतावनी दी है कि 19 तारीख तक बिजली की नियमित आपूर्ति शुरू नहीं हुई तो व्यवसायी तीनों शहरों में मशाल जुलूस निकालेंगे. 20 जुलाई को जेएसईबी के पुटकी सब स्टेशन पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए घेराव किया जाएगा. पुटकी चेम्बर के अध्यक्ष ने आंदोलन की तारीख की घोषणा करते हुए कहा कि बिजली समस्या के लिए एसडीओ व जेई व जलापूर्ति के लिए माडा के अधिकारी सीधे तौर पर दोषी हैं. शिकायत करने पर अधिकारियों से केवल आश्वासन मिलता है. समस्या का निदान नहीं किया जाता. अधिकारियों की लापरवाही व कुव्यवस्था के कारण पुटकी, केंदुआ, करकेंद, लोयाबाद की एक लाख से ज्यादा की आबादी प्रभावित है. राजनीतिक दलों के जनप्रतिधि भी चुप हैं, ऐसे में व्यवसायियों को ही जन मुद्दे को लेकर आंदोलन पर उतरने पर बाध्य होना पड़ रहा है. प्रेस कॉन्फ्रेंस में केंदुआ के रणजीत मधेशिया, उपेंद्र श्रीवास्तव, राजेश गुप्ता, लोयाबाद के सुनील पांडे, पुटकी के मुर्तजा अंसारी,विकास चौधरी, शाहरुख खान, मो इम्तियाज, राजू अंसारी, टीपू अंसारी, मो आजाद आदि मौजूद थे.

**समारोह** मैराथन दौड़ और रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का किया गया आयोजन

# डीवीसी ने धूमधाम से मनाया 77 वां स्थापना दिवस

संवाददाता। मैथन

डीवीसी का 77 वां स्थापना दिवस रविवार को मैथन परियोजना में धूमधाम से मनाया गया. इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. प्रशासनिक भवन के रामानुज भवन परिसर में परियोजना प्रमुख अंजनी कुमार दुबे ने डीवीसी का झंडारोहण किया. मौके पर उन्होंने डीवीसी के सभी कर्मियों को बधाई दी. कहा कि डीवीसी 76 वर्ष पूरा कर 77 वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है. अब तक के सफर में कई उतार-चढ़ाव आए, बावजूद इसके डीवीसी नई-नई ऊंचाइयों को छूता गया. सफलता की नई कीर्तिमान स्थापित करने का सफर आगे भी जारी रहेगा. यह सब डीवीसी कर्मियों की कठिन परिश्रम व लगन से संभव हुआ है. उन्होंने कहा कि डीवीसी ने इस वर्ष रिकॉर्ड 44 बिलियन यूनिट बिजली उत्पादन किया, जिससे 24 हजार करोड़ रूपये राजस्व की प्राप्ति हुई है. वर्तमान समय में डीवीसी रोजाना 65 सौ मेगावाट बिजली उत्पादन कर रहा है, जिसे 2032 तक 17 हजार मेगावाट करने का लक्ष्य है. लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए मात्र आठ वर्ष का समय बचा है. स्थापाना दिवस के अवसर पर हमलोग समय से पहले लक्ष्य को पूरा करने का संकल्प लें.




इसके बाद परियोजना प्रमुख ने बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया. इससे पहले परियोजना प्रमुख के नेतृत्व में अधिकारी व कर्मचारी मैथन डैम स्थित शहीद मीनार जाकर मैथन डैम निर्माण में शहीद हुए शहीदों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी. फिर वहां से मैराथन दौड़ की शुरुआत हुई, जो प्रशासनिक भवन के प्रांगण में जाकर खत्म हुई. दौड़ शुरु करने के लिए परियोजना प्रमुख अंजनी कुमार दुबे ने खिलाड़ियों को मशाल दिया.

इसके बाद परियोजना प्रमुख मैथन क्लब मैदान पहुंचे, जहां डीवीसी कर्मचारियों, कैजुअल कर्मियों एवं सीआईएसएफ जवानों के बीच मैत्री फुटबॉल मैच हुआ. फाइनल मैच कर्मचारियों एवं कैजुअल कर्मियों के बीच खेला गया, जिसमें कैजुअल कर्मियों ने कर्मचारियों को 2-0 से शिकस्त दी. विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को परियोजना प्रमुख एवं अन्य अधिकारियों ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया. इस दौरान पौधरोपण भी किया गया. यहां से परियोजना प्रमुख बीपी नियोगी अस्पताल पहुंचकर रोगियों के बीच फलों का वितरण किया और हालचाल पूछा.

देर शाम वेलफेयर सेंटर में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. मैथन के विभिन्न स्कूलों के छात्र छात्राओं ने एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया. छात्र-छात्राओं ने हिंदी, बंगला, पंजाबी, राजस्थानी समेत अन्य भाषा के गानों पर शानदार नृत्य प्रस्तुत किए. सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं को भी पुरस्कृत किया गया. मौके पर डीवीसी मैथन परियोजना प्रमुख अंजनी कुमार दुबे के अलावा संजीत सिन्हा, संजीव श्रीवास्तव, अभिजीत चक्रवर्ती,बीसी कुजूर, पार्थ सारथी मुखर्जी,लोमस कुमार,दीप नारायण पटेल, अनुप पुरकायस्थ, राम स्नेह शर्मा, वंदन कुमार, डॉ संघमित्रा नंदी, अरविंद सिंह, कौशलेंद्र कुमार, डॉ. यू कुमार, रौशन लकड़ा, ऋषभ दुग्गड़, ददन सिंह, अल्तमस हयात समेत डीवीसी के अन्य अधिकारी व कर्मी मौजूद थे.

## डॉ रंजीत कुमार को बेस्ट टीचर ऑफ द ईयर अवार्ड




संवाददाता। कतरस

गुरुकुल कतरास के निदेशक डॉ रंजीत कुमार को ग्लोबल चेम्बर ऑफ कंसुमेर राईट्स और कइ क्राफ्ट द्वारा 6 जुलाई को नई दिल्ली में आयोजित इंटरनेशनल बिजनेस एंड एडुकेशन अवार्ड 2024 में पूर्व केंद्रीय मंत्री अल्फोन्स जोसफ, अम्रेश्वर प्रताप सिंह मुख्य न्यायाधीश मद्रास हाईकोर्ट, चेतन शर्मा क्रिकेटर, मुस्तफा जावरा राजदूत गाम्बिया, जैकलिन मुकंगीरा राजदूत रवांडा, डॉ जगनाथ पटनायक कुलपति आइसीएफएआई विश्वविद्यालय इत्यादि कई गणमान्य लोगों के हाथों शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये बेस्ट टीचर ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित किया गया. डॉ रंजीत कुमार को इससे पहले भी कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार मिला है. उनकी इस सफलता से कोयलांचल सहित पूरे झारखंड में गर्व का माहौल है. कुमार ने अवार्ड को अपने विद्यार्थियों को समर्पित किया है.

### ब्रीफ खबरें

**डा. मुखर्जी के विचार से आज भी मिलती है ऊर्जा : जयदेव**

**बोकारो।** भाजपा ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती पर जैना मोड़ में संगोष्ठी का आयोजन किया. इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्यअतिथि भाजपा प्रदेश मंत्री गणेश मिश्रा ने कहा कि डाक्टर मुखर्जी ने ही जनसंघ की स्थापना की थी. पुरानी जनसंघ पार्टी का ही नया रूप बीजेपी है. राष्ट्र के लिए प्राणों का बलिदान देने वाले मां भारती के महान सपूत डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी कांग्रेस की तुष्टिकरण की नीतियों का सदैव खुलकर विरोध किया. एक ही देश में दो झंडे और दो निशान उन्हें स्वीकार नहीं थे, इसलिए उन्होंने कश्मीर में अनुच्छेद 370 को खत्म करने की शुरुआत की थी. संगोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष जयदेव राय ने कहा कि डाक्टर मुखर्जी का विचार आज भी देश के लोगों के लिए ऊर्जा देने का काम करता है.

**टुंडी विस चुनाव को लेकर अजमुल ने भरी हुंकार**

**तोपचांची।** रविवार को तोपचांची प्रखंड के हटिया मैदान में बिरसा फोर्स के बैनर तले जनसभा का आयोजन किया गया. जनसभा के दौरान टुंडी विधानसभा से अजमूल अंसारी चुनाव लड़ने की बात कही. सभा को संबोधित करते हुए अजमुल अंसारी ने कहा कि टुंडी विधानसभा विकास के मापदंड से परे है. उन्होंने टुंडी विधानसभा में खामियां को गिनवाते हुए कहा कि टुंडी विधानसभा की अधिकतर सड़कें गड्ढों में तब्दील हो गए हैं. क्षेत्र के युवा लगातार रोजगार के लिए पलायन कर रहे परन्तु क्षेत्र के जनप्रतिनिधि मंत्री, सांसद व विधायक रहने के बावजूद युवाओं को रोजगार नहीं मिल पाया. हेमन्त सोरेन की सरकार ने क्षेत्र के आउटसोर्सिंग कंपनी में रोजगार के लिए 75% स्थानीय लोगों को रोजगार की बात कही है लेकिन क्षेत्र में युवाओं को रोजगार नहीं मिला रहा है.

**छात्रों की पढ़ाई में पुस्तकालय होगी मददगार : पूर्णिमा देवी**

**गोमो।** हमारा पुस्तकालय, हमारी नई उड़ान पंचायती राज विभाग की अनूठी पहल के तहत रविवार को तोपचांची प्रखंड के अंतर्गत रामाकुंडा ग्राम पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय रामाकुंडा में ग्राम पंचायत की मुखिया पूर्णिमा देवी ने फीता काटकर दीप प्रज्वलित कर ज्ञान केंद्र (पुस्तकालय) का उद्घाटन किया. इस मौके पर उन्होंने कहा कि पुस्तकालय ज्ञान का भंडार है. पुस्तकालय में ऐसी सामग्री हैं जो छात्रों को उनकी पढ़ाई में सफल होने में मददगार साबित होगी. पूर्व शिक्षक जगदीश प्रसाद महतो ने कहा कि लोगों के लिए पुस्तक अच्छा दोस्त होता है जो जीवन भर ज्ञान पाने की दिशा में हमेशा पथ प्रदर्शक बनता है.

**कुम्हार महासंघ का गोविंदपुर पूर्वी प्रखंड समिति गठित**

**गोविंदपुर।** झारखंड प्रजापति कुम्हार महासंघ गोविंदपुर पूर्वी प्रखंड शाखा समिति का गठन कर दिया गया है. कमेटी गठन को लेकर लक्ष्मी मंदिर प्रांगण बागसुमा में रविवार को बैठक हुई. बैठक की अध्यक्षता पूर्व मुखिया धीरेन कुमार ने की. बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष मोहन कुमार ने प्रजापति कुम्हार समाज से एकजुट होने की अपील की. उन्होंने ग्राम समिति गठन पर जोर दिया. साथ ही कहा कि अगले जिला सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा. अध्यक्ष धीरेन कुमार ने कहा कि झारखंड में प्रजापति समाज को आबादी के हिसाब से राजनीतिक भागीदारी नहीं मिली है.

# आस्था की डोर से खिंचे प्रभु जगन्नाथ



## झरिया में गाजे-बाजे के साथ निकाली गई रथ यात्रा



**झरिया।** झरिया में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा रविवार को गाजे-बाजे के साथ निकाली गयी. रथ को झरिया नगर का भ्रमण कराते हुए चार नंबर टैक्सी स्टैंड स्थित बनाए गए मौसीबाड़ी ले जाया गया, जहां भगवान तीन दिनों तक विश्राम करेंगे. भक्तों ने रथ पर विराजमान भगवान जगन्नाथ, भाई बलराम व बहन सुभद्रा का दर्शन किए और रथ की डोर को खींचकर अपने परिवार के लिए मंगल कामना की. बृज गोपिका मिशन के कार्यकर्ताओं ने जय जगन्नाथ, प्रभु जय जगन्नाथ समेत अन्य कीर्तन किए. रथ यात्रा का आयोजन श्रीश्री रथयात्रा संचालन समिति ने किया था. पंडित विजय पांडेय, भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजकुमार अग्रवाल, विष्णु त्रिपाठी, हरिश जोशी, अजय गुप्ता, सूरज गुप्ता, दिलीप भारती, अशोक सर्राफ, संजू वर्मा, मिक्की सिंह,दिलीप आडवाणी, मिंकी अग्रवाल समेत दर्जनों भक्त श्रद्धा भक्ति के साथ प्रभु की सेवा में लगे थे.

## 30 फीट ऊंची रथ पर विराजे भगवान जगन्नाथ



संवाददाता। धनबाद

इस्कॉन संस्था धनबाद की ओर से जिले में भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा रविवार को निकाली गई. भगवान जगन्नाथ को ऑटोमेटिक रथ पर सवार किया गया. जिसे आईआईटी आईएसएम के छात्रों के द्वारा कड़ी मेहनत के बाद बनाया गया है. सरायढेला स्थित शिव मंदिर प्रांगण से रथ यात्रा की शुरुआत की गई. विधायक राज सिन्हा समेत हजारों भक्तों की भीड़ रथ यात्रा के दौरान उमड़ पड़ी. आईआईटी के छात्र और महिलाएं रथ के आगे ढोल झाल और मृदंग के साथ नृत्य करते नजर आए. रथ की रस्सी को खींचने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ थी. इस्कॉन संस्था के लोगों ने बताया कि आईआईटी आआईएसएम के इलेक्ट्रिकल और इंजीनियरिंग विभाग के छात्रों के द्वारा इस विशेष रथ को तैयार किया गया है. 30 फुट के गुंबद वाले रथ पर भगवान जगन्नाथ विराजमान हैं. रास्ते में तार या फिर किसी तरह के आने वाले अवरुद्ध के दौरान इसे बटन के जरिए 30 फीट से नीचे किया जा सकता है.सरायढेला से शुरू हुई रथ यात्रा शहर हीरापुर हटिया, रणधीर वर्मा चौक और एसएसएलएनटी होते हुए गोल्फ ग्राउंड पहुंची. रथ यात्रा के दौरान 5 स्थानों पर ठहराव था . जहां भगवान को छप्पन भोग लगाया गया . शाम को रथ यात्रा गोल्फ ग्राउंड पहुंची. शाम 6 बजे के बाद गोल्फ ग्राउंड में एक वृहद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में हजारों भक्तों शामिल हुए .

## मैथन में भगवान जगन्नाथ की निकाली रथयात्रा



**मैथन।** कुमारधुबी के चार नंबर उड़ियाधौड़ा स्थित जगन्नाथ मंदिर प्रांगण से केंद्रीय उत्कल समाज ने रविवार को भव्य रथ यात्रा निकाली. रथ यात्रा बगानधौडा, एमबी, केएमसीएल, कालीधौडा, कुमारधुबी ओपी, कुमारधुबी बाजार, नीचेधौडा होते हुए छाईगदा में बने मौसी बाड़ी में प्रवेश किया. रथ यात्रा को लेकर भक्तपूर्ण माहौल था. रास्ते में हरि कीर्तन होता रहा. उड़ीसा सरकार के उड़िया भाषा साहित्य एवं सांस्कृतिक विभाग भुवनेश्वर की ओर आकर्षक झाकियां प्रस्तुत की गई. हर साल की तरह इस वर्ष भी 10 दिवसीय मेला का आयोजन किया गया है. केंद्रीय उत्कल समाज के सचिव संजय जगदल ने बताया कि रथ यात्रा को सफल बनाने में नव युवक उत्कल समाज, चपडाडंगाल उत्कल युवक समिति, गाड़ी खाना एवं कुमारधुबी वासियों का भरपूर सहयोग रहा. मौके पर केंद्रीय उत्कल समाज के अध्यक्ष निरंजन बाग, महानंदा सेनापति, चिरकुंडा नगर परिषद् के पूर्व अध्यक्ष डब्ल्यू बाउरी, समाजसेवी शिवरतन प्रसाद, शेरू खन्ना, मधु सिंह, इरफान अहमद खान, लक्ष्मण शर्मा, मदन शर्मा, मनोज यादव, बिट्टू नाग, पिंटू नाग बदला नाग, शुभम नाग, प्रीतम सोना, शेखर सेनापति समेत उत्कल समाज के गणमान्य लोग मौजूद थे.

## महुदा में रथयात्रा में उमड़े भक्त



**महुदा ।** रविवार को तेलमोचो स्थित रामनगरगढ़ राजबाड़ी एवं महुदा मोड़ स्थित शिव शक्ति धाम के प्रांगण में भगवान जगन्नाथ महाप्रभु का रथयात्रा निकाली गयी. इस दौरान भक्तजनों द्वारा विधि-विधान से पूजा अर्चना कर रथ यात्रा निकाली गई. रथयात्रा में सैंकड़ों की संख्या में महिला पुरूष श्रद्धालु शामिल रहे. इस दौरान भगवान जगन्नाथ, उनके भाई बलभद्र एवं उसकी बहन सुभद्रा को रथ में विराजमान कर ढोल-नगाड़े के साथ उनकी रथयात्रा निकाली गयी. रथ को मंदिर प्रांगण में ही भक्तों के द्वारा रस्सी के सहारे खींचकर मंदिर के चारों ओर भ्रमण कराया गया. तत्पश्चात वहां से वापस रथ को मंदिर परिसर में लाया गया. इस दौरान पुजारी द्वारा श्रद्धालुओं के बिच प्रसाद वितरण किया गया. रथयात्रा के दौरान मंदिर परिसर में चहल पहल रही.शिव शक्ति धाम में मेला का भी आयोजन किया गया. रथयात्रा को सफल बनाने में राजबाड़ी में राज परिवार के वंशज पूर्व जिप सदस्य मुरारी मोहन सिंह, पैक्स प्रबन्धक मानस मोहन सिंह, पूर्व पंसस अनुरागिणी सिंह, पूर्व पैक्स अध्यक्ष जगदम्बा सिंह, मुखिया मीरा कुमारी, शिबु महतो, पुजारी सुबोध पाठक, लालु साव, राजकुमार सिंह, कुणाल सिंह, निबारन महतो, ज्योति महतो, महुदा मोड़ में पुर्व मुखिया धनेश्वर महतो, पंसस सुभाष चंद्र महतो, राजेन्द्र प्रसाद, सुधीर महतो, महरू महतो, फागु महतो, दिनेश प्रसाद महतो, बुधन महतो सहित दर्जनों श्रद्धालु शामिल थे.

## चिरकुंडा में पहली बार निकाली गई रथ यात्रा



**चिरकुंडा।** चिरकुंडा थाना परिसर से पहली बार सूर्योदय सेवा समिति व इस्कॉन ने संयुक्त रूप से रविवार को भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली. इस्कॉन कुल्टी शाखा ने रथ यात्रा का पूरा आयोजन किया था. वहीं सूर्योदय सेवा समिति निवेदक थी. गाजे-बाजे के साथ व हरिनाम संकीर्तन करते हुए रथ को चिरकुंडा थाना परिसर से खींचकर तालडांगा, कुमारधुबी मोड़ होते हुए मैथन स्थित शिव मंदिर तक ले जाया गया. आठ दिनों तक भगवान जगन्नाथ यहां मौसी बाड़ी यानी शिव मंदिर में रुकेंगे. 8 दिनों बाद पुनः रथ को वापस चिरकुंडा थाना परिषद् तक लाया जाएगा. रास्ते में रथ का श्रद्धालुओं ने स्वागत किया. मारवाड़ी महिला समिति की ओर से रथ खींच रहे श्रद्धालुओं को नाश्ता का पैकेट व ठंडा पानी उपलब्ध कराया गया. मानव सेवा परिवार ने पानी व शरबत की व्यवस्था की थी.

# कोयला ट्रांसपोर्टिंग का मजदूरों ने किया विरोध, खाली लौटे 3 हाइवा

संवाददाता। मधुबन

गोबिंदपुर क्षेत्र अन्तर्गत खरखरी कोलियरी भूमिगत खदान से सटे कोलडम्प में रविवार को कोयला ट्रांसपोर्टिंग के लिये पहुंचे तीन हाइवा एवं एक पेलोडर को असंगठित मजदूरों के विरोध के कारण खाली लौटना पड़ा. मजदूर मैनुअल लोडिंग की मांग कर रहे थे.कहा जा रहा है कि सुबह लगभग 7:30 बजे एक साथ तीन हाइवा एवं एक पेलोडर कोलडम्प में दाखिल होने की खबर मिलते ही आसपास के दर्जनों असंगठित मजदूर कोलडम्प में आ धमके. प्रबंधन के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन करने लगे.मजदूरों के तेवर को देखते हुए कोलडंप में दाखिल हुए सभी वाहनों को वापस लौटना पड़ा. इस मौके पर मजदूरों ने कहा कि प्रबंधन मजदूर विरोधी नीति के तहत लोकल सेल को बंद कर मशीन से कोयला लोडिंग करके कोयला ट्रांसपोर्ट करना चाहती है, जो असंगठित मजदूरों के साथ सरासर अन्याय है. प्रबंधन की इस नीति के कारण असंगठित मजदूर भुखमरी के कगार पर पहुंच गए हैं. मजदूरों ने कहा कि प्रबंधन की इस मजदूर विरोधी नीति को सफल नहीं होने दिया जाएगा. बताते चलें कि कोलडम्प में लगभग एक हजार टन कोयला पड़ा हुआ है. खरखरी कोलयरी भूमिगत खदान में कोयले का उत्पादन नहीं के बराबर है, जिससे पिछले छह माह से कोयले का उठाव नहीं हो पाया है. इधर पिछले 15 दिनों से सुरक्षा कारणों को लेकर डीजीएमएस द्वारा मजदूरों को खदान के अंदर जाने पर रोक लगाई गई है. मामले में श्रमिक संगठनों के कथनानुसार प्रबंधन की साजिश और संसाधनों की कमी के कारण उक्त खदान बंदी के कगार पर पहुंच गई है. कोलियरी पीओ बिजय कुमार ने बताया कि मधुबन वाशरी कोयला डिस्पैच को लेकर वाहन कोलडम्प भेजा गया था,परंतु कुछ स्थानीय लोगों द्वारा मैनुअल लोडिंग की मांग करते हुए कोयला डिस्पैच नहीं होने दिया गया.

### हिलटॉप के खिलाफ ग्रामीण करेंगे आंदोलन



**कतरास।** मोदीडीह कोलियरी में संचालित हिलटॉप आउटसोर्सिंग कंपनी में परियोजना विस्तारीकरण को लेकर प्रबंधन द्वारा वहां रह रहे लोगों को लगातार हटने के लिए दबाव बनाने पर ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है . रविवार को ग्रामीणों ने बैठक कर एक स्वर में कहा कि प्रबंधन अंग्रेजी हुकूमत के तर्ज पर लोगों को बेघर करने का प्रयास कर रही है . प्रबंधन अपनी तानाशाही से बाजआ जाए नहीं तो हम सभी लोग उग्र आंदोलन करने को विवश होंगे .अगर प्रबंधन सम्मान के साथ पुनर्वास की व्यवस्था नहीं कराती है तो हमलोग किसी भी हालत में नहीं हटेंगे . हमलोगों ने पिछले दिनों हुई वार्ता में स्पष्ट रूप से कहा था कि कुल 15 परिवार को एक जगह शिफ्ट कराया जाए .

## चालकों ने 15 घंटे तक ठप रखी ट्रांसपोर्टिंग

संवाददाता। मैथन

ईसीएल मुगमा क्षेत्र के रेलवे साइडिंग खुदिया फाटक सेंट्रल पुल की ट्रांसपोर्टिंग में लगे चालक एवं सुरक्षा कर्मी के बीच शनिवार की रात नोकझोंक एवं हाथापाई हो गई. घटना से आक्रोशित ट्रांसपोर्टिंग कार्य में लगे चालकों ने ट्रांसपोर्टिंग ठपकर रेलवे साइडिंग मुख्य द्वार पर प्रदर्शन किया. रविवार को लखीमाता कोलियरी के अभिकर्ता सेंट्रल पुल रेलवे साइडिंग पहुंचकर दोनों पक्षों को समझाया. इसके बाद ट्रांसपोर्टिंग शुरू हुई. इस दौरान शनिवार रात 8 बजे से रविवार सुबह 10 बजे तक करीब 15 घंटे तक ट्रांसपोर्टिंग ठप रही. ट्रांसपोर्टिंग कार्य में लगे चालकों के अनुसार हाईवा चालक कोयला गिराने सेंट्रल पुल रेलवे साइडिंग आया था. कांटा करने के बाद वह चालन दिखाने के लिए कांटा बाबू के पास जा रहा था. इसी दौरान वहां पर सुरक्षा कार्य में लगे सुरक्षाकर्मी उससे उलझ गया. इस दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर नोकझोंक व हाथापाई हुई. घटना की जानकारी अन्य चालकों को मिलने के बाद चालकों ने ट्रांसपोर्टिंग कार्य ठप कर दिया. चालकों का आरोप है कि आए दिन किसी ने किसी बात को लेकर सुरक्षाकर्मी हम लोगों के साथ गाली-गलौज करते रहते हैं. वहीं सुरक्षा कार्य में लगे सुरक्षा कर्मियों का कहना है कि चालक सेंट्रल पुल रेलवे साइडिंग में कोयला खाली कर निकल रहा था. हम लोगों ने कहा कि हाईवा का डाला उठा कर दिखाओ.यह पता चल सके कि डाला में कोयला नहीं है. इसी बात को लेकर चालक नाराज हो गया तथा अभद्र भाषा का प्रयोग किया. रविवार को सुबह 10 बजे लखीमाता ग्रुप के अभिकर्ता सेंट्रल पुल पहुंचे तथा उन्होंने दोनों पक्षों को समझाया. उन्होंने कहा कि जांच के बाद जो दोषी होगा, उसपर कार्रवाई की जाएगी.

**आस्था** भगवती के जयकारों से गूंजा जागृत मंदिर चिरागेड़ा

# 1501 महिलाओं ने मंगल कलश लेकर किया नगर भ्रमण

**खास बातें**

- नौ दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा रूद्र चण्डी महायज्ञ का शुभारंभ

संवाददाता। धनबाद



जागृत मंदिर चीरागोड़ा में नौ दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा एवं रूद्र चण्डी महायज्ञ का शुभारंभ रविवार को पुण्य तिथि व पुण्य योग में शुरू हुआ. मंदिर प्रांगण में सुबह छह बजे यज्ञ आचार्य सुबोध पांडे के नेतृत्व में आचार्य धर्मेंद्र पांडे, सुनील पांडे, अखिलेश पांडे, गणेश शास्त्री ,रतन पांडे ,सौरभ दुबे ,विक्की मिश्रा, लवकुश पांडे, सत्यानंद पांडे ,ऋषभ कुमार ,सुमन पांडे ,श्रीकांत पांडे, नीतीश पांडे, द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार कर किया गया. इसके बाद महिलाएं सर पर मंगल कलश लेकर नगर भ्रमण को निकलीं. गाजे-बाजे के साथ निकली कलश यात्रा में माता रानी के जयकारे से पूरा माहौल गूंज्यामान हो रहा था. धनबाद भाजपा विधायक राज सिन्हा भी अपने समर्थकों के साथ कलश यात्रा में शामिल हुए. यात्रा मंदिर से निकलकर लोको टैंक पहुंची, जहां से जल लेकर हीरापुर पार्क मार्केट होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंची. नगर भ्रमण में महिलाओं के साथ काफी संख्या मे श्रद्धालु माता की जयकारे लगाते हुए चल रहे थे. महिलाओं की सेवा के लिए कई जगहों पर समिति द्वारा शीतल पेयजल का भी प्रबंध किया गया था. कलश यात्रा के मंदिर परिसर पहुंचने के बाद ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार शुरू हुआ. आचार्य सुबोध पांडे के द्वारा सर्वप्रथम पंचांग पूजन, तत्पश्चात अग्नि स्थापन, मंडप प्रवेश कराया गया. आचार्य पांडे ने बताया कि 8 जुलाई को पुण्यतिथि व पुण्य योग में सुबह 6:00 बजे से यज्ञ मंडप में वेदी पूजन ,मंडप पूजन, कुंड पूजन होगा. वाराणसी से आए विद्वानों द्वारा रूद्र व चंडी पाठ का प्रारंभ होगा. संध्या में आरती होगी. जगत जननी जगदंबा, शंकर भगवान, राम दरबार, राधा, कृष्ण , बजरंग बली, शिव लिंग, शीतला माता के प्रतिमा में 15 जुलाई 24 को दोपहर 3:40 में प्राण प्रतिष्ठा किया जाएगा. नवदिवसीय यज्ञ के आयोजन में वरिष्ठ अधिवक्ता अयोध्या प्रसाद (मुनमुन बाबू) अमरेंद्र कुमार सहाय, मनोज मालाकार , संतोष मिश्रा, अमितेश सहाय, विजय तिवारी, अरूण दूबे, कुणाल सिंह, मनोरंजन कुमार दुबे , राजेश कुमार सिन्हा, कुमार अरविन्द , रविन्द्र कुमार, प्रशांत सिन्हा, बिल्लू कुमार गुप्ता, अनुप कुमार सहाय, अजय कुमार भट्ट, अक्षत सिन्हा ,नितिश , राजमनी देवी समेत समिति के सभी सदस्य का सराहनीय योगदान रहा.

### पारजोरिया में किशोरी समूह का गठन

**महुदा।** झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा पारजोरिया राय टोला में बाल विवाह मुक्त भारत निर्माण व किशोरी सशक्तिकरण को लेकर लक्ष्मी कुमारी की अध्यक्षता में किशोरी समूह का गठन किया गया. उक्त समूह में 30 किशोरी शामिल हुई. किशोरियों ने समूह का नाम किशोरी विचार मंच रखा. इससे पहले झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट की सचिव हलिमा एजाज ने किशोरी समूह गठन के उद्देश्य व फायदे गिनाते हुए किशोरी सशक्तिकरण पर विस्तृत चर्चा किया.ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष बिनोद महतो ने सभी किशोरियों का स्वागत एवं माला देवी ने धन्यवाद ज्ञापन किया. मौके पर जिला समन्वयक नईमुद्दीन अंसारी, रंजीत राय, रानी कुमारी ,लक्ष्मी कुमारी ,चंदा कुमारी ,सुलोचना कुमारी, पूजा कुमारी, दिव्या कुमारी, काजल कुमारी, डॉली कुमारी ,सुमन कुमारी, सीमा कुमारी, एकता कुमारी, प्रमिला कुमारी, बेबी कुमारी, उषा देवी, सुनीता देवी आदि ने भाग लिया.

## कतरास में ब्लड बैंक खोलने के लिए की मांग

15 दिनों में पहल नहीं करने पर दी आमरण अनशन की चेतावनी

संवाददाता। कतरास



बाघमारा विधानसभा के कतरास शहर में ब्लड बैंक खोलने की मांग को लेकर हिन्दुस्तानी नागरिक गण के संस्थापक सह अध्यक्ष संतोष कुमार स्वर्णकार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल धनबाद सिविल सर्जन से मुलाकात कर अपने मांगों के संबंध में ज्ञापन सौंपा.पत्र के माध्यम से संतोष कुमार स्वर्णकार ने कहा कि बाघमारा विधानसभा क्षेत्र में अनगिनत निजी व सरकारी अस्पताल है. जहां बड़ी संख्या में लोग इलाज करवाते हैं मगर इतना बड़े इलाके में कहीं भी अधिकृत ब्लड बैंक नहीं होने के कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है. उन्होंने पत्र के माध्यम से चेतावनी दी है कि कतरास क्षेत्र में ब्लड बैंक की स्थापना पर 15 दिनों के अंदर पहल नहीं की गई तो वे 30 जुलाई से रणधीर वर्मा चौक पर तीन दिवसीय आमरण अनशन करेंगे.मौके पर संतोष कुमार स्वर्णकार, उपाध्यक्ष किशोर कुमार रविदास, मुख्य कार्यकर्ता रवि कुमार संगठन मंत्री संजय दास, अरुण दास सक्रिय सदस्य राजेश कु. स्वर्णकार,पवन देव ठाकुर, सोमनाथ दे,अर्जुन चौधरी, प्रगति सिन्हा, करण दास , आलोक नाथ दे सहित अन्य मौजूद थे.

## ब्रीफ खबरें

### छात्राओं के बीच साईकिल वितरण

**गावां (गिरिडीह)।** गावां बीआरसी के प्रांगण में रविवार को एक कार्यक्रम का आयोजन कर आठवीं बोर्ड में उत्तीर्ण एसटी, एससी, ओबीसी छात्र-छात्राओं के बीच साईकिल का वितरण किया गया. कार्यक्रम में मुख्य रुप से बीडीओ महेंद्र रविदास, बीईईओ तितुलाल मण्डल, शिक्षा विभाग के बीपीओ गंगाधर पांडेय, अनिल कुमार, अजय कुमार राम समेत कई लोग उपस्थित थे. मौके पर तितुलाल मण्डल ने कहा कि अष्टम बोर्ड के छात्र-छात्राओं के लिए कल्याण मंत्रालय के द्वारा साईकिल उपलब्ध करवाया गया था. जिसका वितरण किया गया. सभी छात्र-छात्राएं नियमित विद्यालय पहुंचे व तन मन से पढ़े.

### एक शाम शहीदों के नाम होगा कार्यक्रम

**गिरिडीह।** पूर्व सैनिकों का संगठन वेटरन ऑर्गनाइजेशन ऑफ झारखंड के गिरिडीह जिला इकाई के सदस्यों की बैठक रविवार को सिरसिया में संगठन के अध्यक्ष नवीन कान्त सिंह की अध्यक्षता में हुई. बैठक में आगामी 26 जुलाई को कारगिल विजयी दिवस के रजत जयंती के अवसर पर एक शाम शहिदों के नाम कार्यक्रम गिरिडीह के नगर भवन में आयोजित करने का निर्णय लिया गया. कार्यक्रम के दौरान देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की जायेगी. साथ ही उनके याद में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया जायेगा. बैठक के दौरान उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संगठन से जुड़े सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेवारी सौंपी गई.

### आरोग्य अमृत प्रतिष्ठान का उद्घाटन

**बोकारो।** झारखंड सरकार के युवा आयोग के अध्यक्ष कुमार गौरव और सीसीएल राकोमयू के वर्किंग अध्यक्ष महेन्द्र कुमार विश्वकर्मा ने रविवार को राम रतन हाई स्कूल फुसरो के समीप आरोग्य अमृत तुल्य प्रतिष्ठान का उद्घाटन किया. इस अवसर पर मुख्य अतिथि कुमार गौरव ने व्यवसाय में ग्राहकों के प्रति ईमानदारी और संतुष्टि की महत्वता पर जोर दिया. उन्होंने युवाओं को स्व-रोजगार की ओर प्रेरित करते हुए कहा कि अपना व्यवसाय शुरू करना और दूसरों को रोजगार देना महत्वपूर्ण है. इस प्रतिष्ठान को लक्ष्मण सिंह, संजीव सिंह और राजीव सिंह ने शुरू किया है. प्रतिष्ठान के निदेशक राजीव कुमार सिंह ने ग्राहकों की संतुष्टि को प्राथमिकता देने की बात कही.

### धोनी के जन्मदिन पर बैडमिंटन किट का वितरण

**गिरिडीह।** गांडेय के दुर्गा मंदिर प्रांगण में पंचायत समिति प्रतिनिधि सह मानवाधिकार संगठन के जिला अध्यक्ष श्याम पाठक के द्वारा गांडेय पंचायत के विभिन्न गांवों के बेटियों के बीच बैडमिंटन किट का वितरण किया गया. कार्यक्रम में मौजूद गांडेय प्रखंड के प्रमुख राजकुमार पाठक, गांडेय थाना प्रभारी रघुनाथ सिंह के हाथों अपने पंचायत के बच्चियों के बीच खेलो बेटी पढ़ो बेटी अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित कर बैडमिंटन किट का वितरण किया गया. मौके मिले प्रमुख राजकुमार पाठक ने कहा कि आज हमारे देश के महान क्रिकेट खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी के जन्मदिन पर बच्चों के बीच खेल को बढ़ावा देने के लिए बैडमिंटन किट बाटा गया है. मौके पर गौतम पाठक, भावेश पाठक, छोटे प्रसाद वर्मा, महादेव राणा, बाबुराम सहित कई लड़के लड़कियां मौजूद थे.

### किसान यूनियन की बैठक में पंचायत कमिटी गठित

**डुमरी (गिरिडीह)।** डुमरी झारखंड एकता किसान मजदूर यूनियन की एक बैठक रविवार को ठाकुरचक में हुई. जिसकी अध्यक्षता रजिया खातुन व संचालन मुन्नी खातुन ने किया. इस दौरान यूनियन की महिला मोर्चा की पंचायत कमिटी गठित की गई. जिसमें अध्यक्ष नाजिया खातुन, उपाध्यक्ष सबा परवीन, निकहत परवीन, सचिव चुनी देवी, उप सचिव लीलावती देवी, कोषाध्यक्ष कौशल्या देवी, संगठन मंत्री मोहनी देवी, संगठन महामंत्री लीलावती देवी, महासचिव कुसुम देवी, सलाहकार मेहरून निशा व जैबुन खातुन को बनाया गया. जबकि कार्यकारिणी सदस्य के रूप में मानो देवी, ललिता देवी, सुनीता देवी, अजरून निशा, अजमिरा खातुन, शकीला बानो, आसमा खातुन, ललिता देवी का चयन किया गया.

# धूमधाम से निकाली गई गिरिडीह में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा

संवाददाता। गिरिडीह



गिरिडीह में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा पूरे उत्साह के साथ रविवार को धूमधाम से निकाली गई. इस दौरान दर्जी मुहल्ला स्थित पुरातन शिवालय से भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और बहन सुभद्रा के विग्रह को सुसज्जित रथ पर बैठा कर नगर भ्रमण कराया गया. काफी संख्या में श्रद्धालु इस रथ यात्रा कार्यक्रम में शामिल हुए. रथ यात्रा के दौरान जय जगन्नाथ के जयकारे से पूरा नगर गूंजायमान रहा. इसके पूर्व पुरातन शिवालय में पुजारी सतीश मिश्रा द्वारा पूरे विधि-विधान के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं सुभद्रा के विग्रह का पूजा अर्चना एवं आरती किया गया. वहीं विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन मिठाई आदि भोग अर्पित किया गया. बाद में भगवन जगन्नाथ, भाई बलभद्र, बहन सुभद्रा को श्रद्धालु माथे पर उठा कर रथ में बिठाया और नगर भ्रमण के लिये निकाला गया. नगर भ्रमण कर भगवान जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलराम और बहन सुभद्रा के साथ मौसी बाड़ी अर्थात गांधी चौक स्थित छोटकी काली मंडा पहुंचे. मौसी बाड़ी में भगवान जगन्नाथ अपने बड़े भाई और बहन के साथ 7 दिनों तक निवास करेंगे और श्रद्धालु भक्तों को दर्शन देंगे. सातों दिन छोटकी काली मंडा में पूरे विधि-विधान के साथ पूजन व आरती होगी. आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि को भगवान जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलराम और बहन सुभद्रा के साथ वापस अपने धाम पुरातन शिवालय मंदिर में प्रवेश करेंगे.

## भगवान जगन्नाथ, बलभद्र स्वामी तथा मैया सुभद्रा पहुंची मौसीबाड़ी

संवाददाता। पीरटांड (गिरिडीह)



पीरटांड प्रखंड के पालगंज स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में रविवार को धूमधाम के साथ रथयात्रा महोत्सव का आयोजन किया गया. जहां भगवान जगन्नाथ स्वामी, बलभद्र स्वामी तथा बहन सुभद्रा को रथ में बैठाकर रथयात्रा निकाली गई. जो पूरे गांव का भ्रमण करते हुए तीनों भाई-बहन अपने मौसीबाड़ी महादेवमंडा पहुंचे. बताया जाता है कि लगभग 150 वर्ष पूर्व पालगंज राजा के द्वारा जगन्नाथ मंदिर का निर्माण कराया गया था. तब से लेकर अब तक पालगंज में रथयात्रा महोत्सव का आयोजन हरेक वर्ष होते आ रहा है. वहीं रथयात्रा के पूर्व शनिवार की शाम संध्या आरती किया गया. जिसके बाद रात्रि में विशेष पूजा अर्चना के पश्चात् रात में ही विधि विधान के साथ ध्वजा रोहण हुआ. इधर रथयात्रा के पूर्व रविवार को मंदिर के गुंबद में ध्वजा रोहण किया गया, तत्पश्चात भगवान की पूजा अर्चना के उपरांत महाप्रसाद का वितरण किया गया. महाप्रसाद के रूप में खिचड़ी, दहियोरी तथा कठहल कोआ दिया गया. जिसके बाद शाम में भगवान को रथ पर विराजमान कर पालगंज भ्रमण करते हुए भगवान महादेव मंडा स्थित शिव मंदिर यानी मौसी बाड़ी पहुंचे. जहां भगवान दो दिन तक शाही विश्राम करेंगे.

कार्यक्रम को सफल बनाने में पुजारी बिमल उपाध्याय, शिवचरण उपाध्याय, अनुज उपाध्याय, पंकज उपाध्याय, श्वेतांक उपाध्याय आदि का सराहनीय योगदान रहा.

## सीओ कार्यालय में कर्मी के साथ मारपीट, वीडियो वायरल पर राजनीतिक सरगर्मी तेज

# दस दिनों में कार्रवाई नहीं होने पर दी उग्र आंदोलन की चेतावनी



संवाददाता। धनवार (गिरिडीह)

बीते दिनों सीओ के कर्मी के साथ मारपीट का वीडियो वायरल को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज होने लगी है. इसको लेकर कई राजनीतिक दलों ने जांच कर कार्यवाई की मांग की है.

इधर धनवार सीओ वीडियो वायरल होने के बाद अपने को निष्पक्ष बताते हुए कई तरह की ब्यान दे रहे है. वहीं दुसरी ओर कई राजनीतिक दलों के द्वारा अलग-अलग ब्यान देकर सीओ पर कार्रवाई व उच्चस्तरीय जांच की मांग कर रहे हैं.

ट्रैक्टर संचालक व भाजपा के लोग सीओ के खिलाफ नारेबाजी करते हुए सीओ का पुतला दहन धनवार के गांधी चौक में बीते दिनों किया गया. वीडियो वायरल होने के दुसरे दिन धनवार भाजपाई संघ के लोगों ने भाजपा नेता पवन साव की अगुवाई में प्रेस वार्ता कर सीओ की पांच महीने की कार्यकाल में निर्गत एलपीसी, जमीन की ऑनलाइन, ट्रैक्टर में ले जा रहे गिट्टी, बालु की जांच के बाद की गई करवाई के साथ-साथ पैसे लेकर छोड़ी गई ट्रक, ट्रैक्टर, हाइवा की उच्चस्तरीय निष्पक्ष जांच की मांग की है. कहा कि जब से सीओ धनवार का पदभार संभाला है तब से आज तक एक भी दिन नियमित रूप से कार्यालय में बैठकर जनता का काम नहीं किया है. प्रत्येक दिन यह ट्रैक्टर, हाइवा, ट्रक पकड़ कर आधी से अधिक वाहनों से वसूली की है. इनका काम केवल अवैध वसूली पर ही लगा है.

मौके पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष उत्तम गुप्ता, राजेन्द्र यादव, प्रधुमन वर्मा, सांसद प्रतिनिधि अशोक राय, महेश राय, शिवनारायण राय, मंटु कुमार पंकज, अजित रजक, राजेन्द्र अग्रवाल, शंभु रजक, रूपलाल दास, मनोज कुमार, रोहीत कुमार आदि कई लोगों ने प्रेस के माध्यम से प्रशासन को अल्टीमेटम देते हुए कहा कि मामले को निष्पक्ष जांच कर दस दिनों के अंदर सीओ पर करवाई करें तथा तबादला करे, अन्यथा हमलोग उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे.

### मेरी कार्रवाई से अवैध धंधेबाजों में है बौखलाहटः सीओ

सीओ गुलाजर अंजुम ने सोशल मीडिया पर अपने विरुद्ध चल रहे खबर पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे निराधार और बेबुनियाद बताया है. उन्होंने कहा कि अवैध माइनिंग और अवैध परिचालन के विरुद्ध मेरे द्वारा एक के बाद एक किए जा रहे कार्रवाई से अपराधी और माफियाओं में बौखलाहट है और एक सोची-समझी साज़िश और प्रोपगेंडा के तहत मेरे विरुद्ध सोशल मीडिया पर झूठी अफवाह और खबर चला रहे हैं. कहा कि मैं उन्हें सख्त लहजे में यह बताना चाहूंगा कि ऐसी ओछी हरकतों से मुझ पर कोई असर होने वाला नहीं है. धनवार अंचल में होने वाले अवैध खनन और परिचालन के विरुद्ध मैं आगे भी लगातार इसी तरह की कार्रवाई करता रहूंगा.

### जगन्नाथ रथ की रस्सी खींचने के लिए उमड़ी भीड़

**बोकारो।** शहर के सेक्टर 4 स्थित जगन्नाथ मंदिर परिसर से रविवार को भगवान जगन्नाथ की भव्य रथ यात्रा निकाला गया. इस अवसर पर भगवान जगन्नाथ के अलावा भगवान बलभद्र और बहन सुभद्रा के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी. हजारों की संख्या में मौजूद भक्तों ने भगवान जगन्नाथ के रथ का रस्सी खींचकर भक्ति भाव से उनका आशीर्वाद लिया. इसके पूर्व सुबह 7 बजे भगवान जगन्नाथ, स्वामी बलराम व देवी सुभद्रा के विग्रह का श्रृंगार नेत्रदान व आरती के बाद उपस्थित श्रद्धालुओं ने नव यौवन दर्शन किया. इसके पूर्व सुबह से ही मंदिर परिसर में भगवान जगन्नाथ की विशेष पूजा अर्चना की गई. सुबह 11 बजे भगवान को मंदिर के गर्भ गृह से पाहंडी विधि से झूलाते हुए सजाए गए आकर्षक रथ पर बारी-बारी से विराजमान कराया गया. जिसे देखने के लिए शहर वासियों के भीड़ उमड़ पड़ी. मंदिर परिसर के अलावा मुख्य सड़क पर भगवान की एक झलक पाने के लिए महिलाओं के साथ तमाम लोग आतुर दिखे. रथ पर भी भगवान की पूजा अर्चना करते हुए यात्रा की शुरुआत करने से पूर्व बीएसएल के निदेशक प्रभारी बीके तिवारी ने दोपहर 1 बजे सज धजकर का तैयार रथ पर विराजमान भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना की. इसके बाद उन्होंने सोने के झाड़ से छेरा पन्हारा कर पारंपरिक रीति रिवाज से रथ यात्रा शुरू कराई. रथ यात्रा में बीएसएल के अधिशासी निदेशक राजन प्रसाद, सुरेश रंगानी, सीजीएम बीके बेहरा, जीएम कुमार अविनाश, उत्कल सेवा समिति के सचिव डा. यू मोहंती, डा. जीएन साहु, पीसी कर, लंबोदर उपाध्याय, जीवन दास समेत अन्य शामिल थे.

### जय जगन्नाथ के जयकारे के साथ रथयात्रा

**कसमार (बोकारो)।** कसमार प्रखंड के मंजूरा स्थित सपाहीटांड़ रथ मेला स्थल में रविवार को भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व उनकी बहन सुभद्रा की परंपरागत तरीके से पूजा अर्चना की गई. पूजा अर्चना में गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो, स्थानीय जिला परिषद सदस्य अमरदीप महाराज, मंजुरा पंसस प्रतिनिधि शिशुपाल महतो, सिंहपुर पंचायत समिति सदस्य विनोद महतो रसलीन, गर्री पंसस प्रतिनिधि राजेश कपरदार समेत अन्य दर्जनों लोगों ने रथ की रस्सी खींचने की परंपरा निभाई. सभी ने रथ खींचकर भगवान जगन्नाथ को मौसीबाड़ी पहुंचाया. मौके पर नीलेश महाराज, पंकज जायसवाल, द्वारिका महतो, सदानंद महतो, रवि शंकर महतो, लक्ष्मण महतो, विकास पांडेय, सूरज साव समेत दर्जनों लोग मौजूद थे. इधर कसमार के मधुकरपुर गांव के चड़री टुंगरी में भी रथ मेला का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालु पूजा अर्चना में शामिल हुए एवं रथ खींचा.

### नाबालिग के अपहरण के आरोपी को भेजा जेल

**गोड्डा।** स्कूल में पढ़ाई कर रही नाबालिक बच्ची को बहला फुसलाकर अपहरण कर ले जाने के आरोपी को बोआरीजोर पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया. घटना जिला के ललमटिया थाना अंतर्गत ग्राम डकैता की है. पिछले जून माह में कस्तूरबा विद्यालय में पढ़ाई कर रही छात्रा का अपहरण कर लिए जाने का मामला सामने आया था. बोआरीजोर थाना में अपहृता की मां के द्वारा शिकायत किए जाने के बाद आरोपी युवक अजहर अंसारी (22) पिता जलील अंसारी ग्राम गोरखपुर ललमटिया के खिलाफ कांड दर्ज कर लिया गया था. घटना के बाद से ही आरोपी युवक फरार चल रहा था. इधर कांड के अनुसंधानकर्ता, थाना प्रभारी एवं पुलिस इंस्पेक्टर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार दवाब बनाए हुए थे और छापेमारी की जा रही थी. इसी क्रम में सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम ने छापेमारी कर अपहरणकर्ता को दबोच लिया. युवक अजहर अंसारी को न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने के बाद जेल भेज दिया गया. छापेमारी दल में पुलिस अवर निरीक्षक रामसूरत यादव, भुट्टो मुर्मू, धीरज यादव, अंजू कुमारी, मालतो व सशस्त्र जवान शामिल थे.

### सामाजिक उत्थान के लिए नई कमिटी कार्यरत रहें : तिवारी

**बोकारो।** रोटरी क्लब ऑफ बोकारो स्टील सिटी के जनवृत 4, स्थित रोटरी प्ले ग्रुप परिसर के पॉल हैरिस सभागार में 56वीं कार्यकरिणी के प्रतिष्ठापना का कार्यक्रम विधिवत सम्पन्न हुआ. इस के साथ ही नए रोटरी सत्र 2023-24 में महेश कुमार गुप्ता के नेतृत्व में महासचिव हरदीप सिंह और कोषाध्यक्ष प्रदीप रे एवं नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के क्रियाकलापों की भी शुरुआत हुई. कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बोकारो के डायरेक्टर इन चार्ज बीके तिवारी को लघुपौध देकर किया गया. मुख्य अतिथि बीके तिवारी ने क्लब को यथासंभव सहयोग का आश्वासन देते हुए नई उमंग के साथ वृहद स्तर पर मानव सेवा एवं सामाजिक उत्थान के लिए कार्यरत रहने हेतु प्रेरित किया.

### रांची लौटने के दौरान मुख्य न्यायाधीश पहुंचे मधुबन

**पीरटांड (गिरिडीह)।** झारखंड हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश विद्युत रंजन सारंगी रविवार को देवघर से रांची लौटने के दौरान पीरटांड़ के मधुबन पहुंचे. जहां मधुबन स्थित गेस्ट हाउस में उन्हें गाड ऑफ ऑनर दिया गया. जहां उनका स्वागत गिरिडीह उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा, सदर एसडीपीओ बिनोद रवानी, बीडीओ मनोज कुमार मरांडी, मधुबन थाना प्रभारी जगन्नाथ पान सहित कई आला अधिकारियों ने किया. मुख्य न्यायाधीश को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया. कुछ देर वहां विश्राम करने के बाद उनका काफिला मधुबन स्थित भोमिया बाबा का दरबार पहुंचा, जहां उन्होंने भगवान भोमिया बाबा का पूजा अर्चना कर राज्य की खुशहाली की कामना की. जिसके बाद जैन श्वेतांबर सोसायटी के पदाधिकारियों द्वारा मुख्य न्यायाधीश को भोमिया बाबा का मोमेंटो देकर उनका सम्मान किया गया. भोमिया बाबा का दर्शन के बाद मुख्य न्यायाधीश का काफिला रांची के लिए रवाना हो गया.

### जेबीकेएसएस के जिला समिति विस्तार की कवायद

**गिरिडीह।** जयराम महतो की पार्टी जेबीकेएसएस आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी करने में जोर शोर से जुटी है. इसी कड़ी में रविवार को गिरिडीह में जिला कमिटी गठन को लेकर कवायद शुरू की गई है. जिला कमिटी के गठन को लेकर जेबीकेएसएस के लोगों की एक बैठक गिरिडीह के एक धर्मशाला में जारी है. जिसमें जिले के सभी प्रखंडों के महिला पुरुष कार्यकर्ता काफी संख्या में जुटे हैं और सदस्यता हेतु सदस्यता फार्म भर रहे हैं. वहीं जिला कमिटी के पदाधिकारी बनने के लिये भी अपना-अपना फॉर्म दाखिल कर रहे हैं.

### आम जनता को विधि रूप से सशक्त बनाया जाए : अखिल

**साहिबगंज।** सिद्धो-कान्हो सभागार, साहेबगंज में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में विधिक सेवाएं सह मेगा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार अखिल कुमार के द्वारा संबोधित करते हुए विधिक सेवा प्राधिकार के विषय में जानकारी दी. उन्होंने कहा कि विधिक सेवाएं सह मेगा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन का मुख्य उद्देश्य होता है कि आम जनता को विधि रूप से सशक्त बनाया जाए. आपको आपके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाए. आपको यह बताया जाए कि देश का कानून क्या है, आपकी इसमें किस तरह से भागीदारी हो सकती है और अगर आपको किसी विषय पर कानूनी सहायता की जरूरत है तो इसके लिए हमारा जिला विधिक सेवा प्राधिकार दिन-रात कार्य कर रही है. कार्यक्रम की शुरुआत सर्वप्रथम प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार अखिल कुमार, सचिव विश्वनाथ भगत, अंगारनाथ स्वर्णकार, राज महेश्वरम, प्रेम नाथ तिवारी संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया.

## प्रवासी मजदूर का शव पहुंचा पैतृक आवास, गांव में मातम

### मजदूर की मुंबई में सड़क हादसे में हुई थी मौत

संवाददाता। सरिया (गिरिडीह)



सरिया थाना क्षेत्र के सबलपुर पंचायत के उर्रो गांव निवासी 25 वर्षीय शुभम सिंह की मौत सड़क दुर्घटना मुंबई में बीते गुरुवार को मौत हो गई थी. जानकारी के अनुसार सरयू सिंह का पुत्र शुभम सिंह मुम्बई के कुरियर कंपनी में काम करता था . बीते सप्ताह वह सुबह काम से निकला. इसी बीच सड़क पार करने के दौरान बस की चपेट में आ गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गया. लोगों ने तत्काल उसे अस्पताल मे भर्ती करवाया. लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत गुरुवार को हो गई .

सूचना मिलते ही सरिया मध्य के जिला परिसद अनूप पाण्डेय मृतक के घर पहुंचे तथा परिजनों को ढांढस बंधवाया तथा हर सम्भव मदद की बात कही. जिप सदस्य अनूप पाण्डेय ने बताया कि शुभम काफी मेहनती था और मुम्बई में काम करके वह पूरे परिवार का भरण पोषण करता था. उसके पीछे पत्नी, एक पुत्र व माता-पिता हैं, जिसका एक मात्र कमाऊ व्यक्ति था. मौके पर आजसू प्रखण्ड अध्यक्ष बिरेन्द्र यादव समेत दर्जनों लोग मौजद रहे. बता दें कि मृतक का शव पहुंचने के बाद पूरे गांव में मातम छा गया तथा परिवार वालों का रो-रोकर बुरा हाल है.

## हड़ताल सफल बनाने के लिए इस्पात मजदूर मोर्चा की बैठक

संवाददाता। बोकारो




इस्पात मजदूर मोर्चा (सीटू) की बैठक बोकारो के सेक्टर 9 स्थित यूनियन कार्यालय में की गई. इस दौरान मेडिकल जांच की आड़ में पिछले दरवाजे से ठेका मजदूरों को काम से बाहर निकालने की साज़िश के खिलाफ जय झारखंड मजदूर समाज सहित अन्य यूनियनों द्वारा 11 जुलाई की आहूत हड़ताल को सफल बनाने की रणनीति पर चर्चा की गई.

कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए यूनियन के संयुक्त महामंत्री बीडी प्रसाद ने कहा कि बोकारो स्टील प्रबंधन की ठेका मजदूर विरोधी नीतियों के खिलाफ ठेका मजदूरों में काफी आक्रोश दिखाई दे रहा है. सभी 11 जुलाई की हड़ताल को सफल बनाने के लिए कमर कस चुके हैं. एक तो इस्पात उद्योग में न्यूनतम मजदूरी नहीं, औने-पौने जो मजदूरी दी जा रही है, उसमें भी बंदरबांट. इन सब के उपर मनमानी छंटनी करने की साज़िश से ठेका मजदूर परेशान हैं. बीडी प्रसाद ने कहा कि 20 हजार से भी ज्यादा ठेका मजदूर बोकारो स्टील प्लांट में काम कर रहे हैं. परमानेंट मजदूरों और पदाधिकारियों की कुल संख्या से लगभग दुगनी संख्या में ठेका मजदूर इस्पात उत्पादन और अकुत मुनाफा कमाने में जी जान लगा कर काम कर रहे हैं. इसलिए अब समय आ गया है कि ठेका मजदूरों के लिए जीने लायक मजदूरी तय किया जाय. मंहगाई भत्ता, साईकिल भत्ता, कैन्टीन भत्ता, नाइट शिफ्ट भत्ता, मकान भाड़ा भत्ता आदि का हकदार ठेका मजदूर भी हैं. इंसेंटिव - रीवार्ड, प्रमोशन, ग्रैच्युटी, ग्रुप इंश्योरेंस आदि का लाभ ठेका मजदूरों को देना ही होगा. आज मजदूर संघर्ष कर अपनी मांगों को लेना जानता है, इसलिए बिना देर किए प्रबंधन को 11 जुलाई के पूर्व आगे आकर प्रबंधन को ठेका मजदूरों की लम्बित मांगों को पूरा करना चाहिए और मेडिकल जांच के नाम पर छंटनी के आदेश को वापस ले लेना चाहिए. अन्यथा ठेका मजदूर हड़ताल पर जाने का मन बना चुके हैं. बैठक को संगठन सचिव आरके गोराई, शशि कान्त सिन्हा, भूदेव प्रसाद सिंह, अक्षय कुमार ने भी संबोधित किया.

## हर-घर, नल-जल योजना बनीं दिखावा, 18 को बेंगाबाद प्रखंड में आंदोलन का ऐलान

# पानी के लिए ग्रामीण झेल रहे हैं फजीहतः राजेश

संवाददाता। गिरिडीह



पानी के लिए फजीहत झेल रहे कई गांवों के लोगों से जायजा लेने पहुंचे बेंगाबाद के भूतपूर्व जिप सदस्य सह गांडेय विधानसभा क्षेत्र के नेता राजेश यादव ने आगामी 18 जुलाई को इस सवाल पर प्रखंड मुख्यालय में आंदोलन का ऐलान किया. क्षेत्र भ्रमण क्रम में मोतीलेदा पंचायत के सिजुआ (कोल्हरिया) के लोगों ने बताया कि विगत चुनाव के समय सिर्फ तीन-चार दिनों तक ही उन्हें सप्लाई वाटर मिल पाया न तो उसके पूर्व और न ही बाद में पानी मिल रहा है.

मालूम हो कि करोड़ों की जलापूर्ति योजना पूरे पंचायत में पानी देने के लिए स्थापित की गई है. इसी तरह सोनबाद पंचायत के महदैया में भी हर-घर, नल-जल योजना के तहत टंकी बनाई गई है, लेकिन उससे भी आज तक ग्रामीणों को पानी नसीब नहीं हुआ है. ग्रामीणों ने अपने कई दूसरे सवालों को भी रखा.

वहीं लोगों की समस्याओं को सुनने के बाद श्री यादव ने कहा कि पानी की तरह पैसा बहाकर और 5 किलो राशन के नाम पर बरगला कर लोस चुनाव में गरीबों का वोट लेने वाले लोग आज जनता के बीच से नदारद हो चुके हैं. नल-जल योजना को उपलब्धि बताकर ग्रामीणों का वोट लिया जा रहा था, लेकिन आज किस गांव में यह योजना सफल है, यह किसी को नहीं दिख रहा. कुल मिलाकर इन योजनाओं में लूट मचने के कारण जनता का लाखों करोड़ों खर्च कर भी पानी नसीब नहीं हो पा रहा. उन्होंने आगामी 18 जुलाई को जनता के विभिन्न सवालों तथा खासकर पानी के सवाल पर बेंगाबाद प्रखंड मुख्यालय में आंदोलन करने का ऐलान करते हुए लोगों से इसे सफल बनाने की अपील की.

मौके पर शंभू तुरी, छोटेलाल यादव, लखन कोल, ठकुरी कोल, मोहन कोल, रवि कोल, उमेश कोल, कांग्रेस कोल, मुकेश टुडू, अर्जुन कोल, बद्री कोल, प्रकाश कोल, बीरू कोल, पूरन कोल, भुनेश्वर कोल, रमेश कोल, ईश्वर कोल, धनेश्वर कोल, अमरीका कोल, डीलो तुरी, राजेश कोल, गुंजरी देवी, सुलेखा देवी, सावित्री देवी, राधा कोल, पनवा देवी, रीमा देवी सहित अन्य मौजूद थे.

### लचर बिजली आपूर्ति के खिलाफ भाजपाईयों ने दिया धरना

**गावां (गिरिडीह)।** गावां प्रखंड में विगत दो माह से लचर बिजली व्यवस्था के खिलाफ भाजपा कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी करते हुए धरना दिया. भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्थिति में सुधार नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी. मौके पर विचार व्यक्त करते हुए विधायक प्रतिनिधि मुन्ना सिंह ने कहा कि प्रखंड में बिजली व्यवस्था की स्थिति काफी चरमरा गई है . 24 घंटे में लोगों को चार से पांच घंटे ही बिजली मिल पाती है. हल्के आंधी पानी में भी लगातार सात-आठ घंटे बिजली गुल रह जाना आम समस्या बनकर रह गई है. रात में अगर कोई फॉल्ट हुआ तो पूरे रात लोगों को बिना बिजली के ही रहना पड़ता है. कहा कि यदि बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो विभाग के खिलाफ उग्र आंदोलन किया जाएगा. कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने की. जबकि मौके पर भगवान दास बरनवाल, उदय यादव, विशाल पांडेय, विशाल राणा, मनोज सिंह, दिलीप मोदी, कृष्णा बरैय, अजित शर्मा, अनिल राम आदि लोग उपस्थित थे.

## ब्रीफ खबरें

### थानेदार के फर्जी प्रोफाइल से लोगों को धोखा

**आसनसोल।** आसनसोल दक्षिण थाना के थानेदार कौशिक कुंडू द्वारा अपने फर्जी सोशल मीडिया प्रोफाइल के माध्यम से लोगों से धोखाधड़ी की जा रही . इन फर्जी प्रोफाइलों के माध्यम से वह लोगों से पैसे मांग रहे हैं और उन्हें धमकाकर बदले ले रहे हैं. यह मामला गंभीर होते हुए भी थानेदार द्वारा किसी भी कार्रवाई की जगह सिर्फ सोशल मीडिया पर बयान देने से ही सिमट जाता है. कौशिक कुंडू ने प्राथमिक स्तर पर अपनी समस्या को साझा किया था, लेकिन इसके बावजूद उनके द्वारा फर्जी अकाउंट बंद करवाने या किसी ठोस कदम की कोई बात नहीं हो पा रही है. इसके चलते लोग अनजाने में उनके ठगी का शिकार हो रहे हैं और उन्हें नुकसान हो रहा है.

### माकपा नेता इफ्तिखार नैय्यर टीएमसी में शामिल

**आसनसोल।** आसनसोल में तृणमूल कांग्रेस ने आगामी 21 जुलाई को धर्मतल्ला में होनेवाले शहीद दिवस के अवसर पर मंत्री मलय घटक के नेतृत्व में एक बड़ी बैठक आयोजित की. इस बैठक में आसनसोल उत्तर ब्लाक के नेताओं ने भाग लिया. जिसमें राहालेन मोड़ स्थित टीएमसी कार्यालय में विभिन्न वार्डों के पार्षद और नेता भी शामिल थे. इस मौके पर रेलपार के माकपा नेता इफ्तिखार नैय्यर ने तृणमूल कांग्रेस का झंडा थामा और उनका भव्य स्वागत किया गया. मंत्री मलय घटक ने इस अवसर पर भाजपा के खिलाफ तेज बयानबाज़ी करते हुए कहा कि बंगाल में भाजपा के लिए कोई जगह नहीं है और वहां के लोग सिर्फ ममता बनर्जी के नेतृत्व में ही विकास चाहते हैं. उन्होंने बताया कि ममता बनर्जी ने बीते 13 सालों में बंगाल के लिए विकास कार्य किए हैं, जो किसी भी अन्य राज्य के मुख्यमंत्री ने नहीं किए हैं. उनके अनुसार बंगाल के लोगों ने लोकसभा चुनाव में भी बंगाल विरोधियों को एक बड़ा जवाब दिया है.

### आसनसोल मंडल की रिकॉर्ड तोड़ उपलब्धियां

**आसनसोल।** पूर्व रेलवे के आसनसोल मंडल के वाणिज्य विभाग ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में रिकॉर्ड तोड़ वित्तीय उपलब्धियां दर्ज की हैं. मंडल ने 1465.75 करोड़ की कुल सकल अर्जन दर्ज की, जो पिछले साल की आलोच्य अवधि के 1293.29 करोड़ की तुलना में 13.33% की उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाती है. इस सफलता में एक बड़ा योगदान माल ढुलाई से होने वाले अर्जन का रहा, जो पिछले साल के 1136 करोड़ से 14.19% की वृद्धि को दर्शाते हुए 1297.53 करोड़ तक पहुंच गई. यह वृद्धि मंडल की बढ़ी हुई माल ढुलाई सेवाओं और अधिक व्यापार को आकर्षित करने के लिए रणनीतिक पहलों को रेखांकित करती है.

### जितेन्द्र तिवारी ने सुनी लोगों की समस्याएं

**आसनसोल।** आसनसोल के रेलपार स्थित अंबागान इलाके में भाजपा नेता जितेंद्र तिवारी ने स्थानीय लोगों से एक बार फिर बातचीत की. इस मुलाकात में उन्होंने सुना कि लोग बरसात में होने वाली परेशानियों से कैसे जूझ रहे हैं और उनकी समस्याओं को समझा. उन्होंने इस मौसमी विशेषता के बारे में जागरूकता बढ़ाने का वादा किया और नगर निगम के साथ मिलकर इस मुद्दे पर काम करने का आश्वासन दिया. श्री तिवारी ने अपने संदेश में बताया कि उन्हें लोगों की समस्याओं का समाधान करने में निरंतर प्रयास करना है और वे उनके साथ खड़े हैं. वे इस क्षेत्र में विकास को गति देने के लिए अपनी पूरी समर्थन और साझेदारी की बात भी कही.

### टोटो चालकों - पुलिस के बीच विवाद

**आसनसोल।** टोटो चालकों और पुलिस के बीच विवाद के मध्य में एक नई मोड़ आया है, जहां टोटो बेचने वालों पर कोई पाबंदी लागू नहीं होने का मुद्दा उठा है. टोटो चालकों ने राज्य के श्रम एवं कानून मंत्री मलय घटक के साथ मुलाकात की. जिसमें उन्हें जल्द ही समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया गया है. रविवार की सुबह आईएनटीटीयूसी नेता राजू अहलूवालिया के नेतृत्व में काफी संख्या में टोटो चालक मंत्री मलय घटक के साथ मुलाकात कर अपनी समस्याओं पर चर्चा की. राजू अहलूवालिया ने दावा किया कि मंत्री घटक ने टोटो चालकों को वादा किया है कि उनकी समस्याओं पर जल्द ही कार्रवाई होगी. टोटो चालकों की मांग है कि उन्हें ड्राइविंग लाइसेंस और रुट निर्धारण की सुविधा दी जाए, ताकि उन्हें रास्ते पर कोई परेशानी न हो.

# सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा के खिलाफ सर्वे

**खास बातें**

- ममता बनर्जी के निर्देश पर कार्रवाई शुरू
- मेयर ने बनाई सर्वेक्षण समिति



**अतिक्रमणकारियों के खिलाफ की जायेगी सख्त कार्रवाई**

संवाददाता । रानीगंज

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कोलकाता सहित विभिन्न जिलों में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा एवं अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कड़े निर्देश जारी किए हैं. इन निर्देशों के प्रारंभ होने के बाद, कोलकाता और अन्य जगहों में नगर निगम, नगर पालिका और पुलिस प्रशासन ने सक्रिय रूप से अवैध कब्जा और अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई शुरू की है. इस निर्देश के बाद, शनिवार को आसनसोल नगर निगम के रानीगंज 2 नंबर बोरो आफिस में अवैध कब्जा और अतिक्रमण के खिलाफ एक बैठक का आयोजन किया गया. बैठक में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जाधारियों के खिलाफ रणनीति तैयार की गई है और सख्ती से कार्रवाई की जाएगी. इस दौरान, आसनसोल नगर निगम के मेयर विधान उपाध्याय द्वारा बनाए गए सर्वे कमेटी के सदस्यों ने विभिन्न इलाकों में सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा और अतिक्रमण का परिदर्शन किया. साथ ही अवैध कब्जाधारियों को आधार कार्ड और पैन कार्ड साथ लेकर बोरो आफिस में संपर्क करने के लिए भी कहा गया है.

### घांटी ज्वेल्स में रथ यात्रा के अवसर पर भव्य कार्यक्रम

**आसनसोल।** पवित्र रथ यात्रा के मौके पर आज शहर के प्रख्यात गहनों की दुकान, घांटी ज्वेल्स में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस अवसर पर शिल्पांचल के प्रसिद्ध व्यवसायी और समाजसेवी कल्लोल मुखर्जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे. उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया. कार्यक्रम में घांटी ज्वेल्स के मालिक सुब्रतो उर्फ मीठु घांटी, शुभोजित घांटी सहित शोरूम के सभी कर्मचारी उपस्थित थे. इस अवसर पर कल्लोल मुखर्जी ने कहा कि घांटी परिवार से मेरा बहुत पुराना और घरेलू संबंध है. जब शुभोजित घांटी ने मुझे इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया तो मैंने इसे सहर्ष स्वीकार कर लिया. इस परिवार का आसनसोल में व्यापार की दुनियां में बड़ा नाम है और ये अपनी ईमानदारी और निष्ठा के लिए जाने जाते हैं.

## न्यूज अपडेट

### जरूरतमंदों के साथ हमेशा खड़ा रहूंगी : रितु



**रानीगंज।** आसनसोल नगर निगम वार्ड संख्या 77 के टीएमसी प्रेसिडेंट रितु कौर ने अपने वार्ड के प्रत्येक पाडा मोहल्ला के लोगों के सुख-दुख में हमेशा उनके साथ रहती है. उनका कहना है कि स्थानी पार्षद गुरमीत सिंह के नेतृत्व में लोगों की मदद करना मेरी दिनचर्या है. उनके द्वारा निरंतर प्रतिदिन सेवा के काम को देखते हुए टीएमसी के बड़े पदाधिकारियों ने भी रितु कौर की प्रशंसा की है. रितु कौर ने बतलाया कि राज्य की मुख्यमंत्री द्वारा विभिन्न योजनाओं को जो इस योजना से वंचित है, उन्हें यह सुविधा प्रदान की जा रही है. इसके अलावा जो लोग स्वास्थ्य सेवा से वंचित हैं, उन्हें जिला अस्पताल ले जाकर उनका स्वास्थ्य की जांच करवाई जा रही है. जरूरत पड़ने पर दिन रात लोगों के लिए तैयार रहती हूं.

### उदीप सिंह ने लगाया पुलिस उत्पीड़न का आरोप



**जामुड़िया।** जामुड़िया विधानसभा अंतर्गत परसिया पंचायत के अधीन परसिया अंचल तृणमूल कांग्रेस कार्यालय में पंचायत समिति कर्माध्यक्ष उदीप सिंह के द्वारा एक संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया . संवाददाता सम्मेलन के दौरान उदीप सिंह ने बताया कि डंपर के द्वारा छाई को परासिया क्षेत्र में ले जाया जा रहा है. जिससे क्षेत्र के लोगों को अत्यधिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है. इस छाई के कारण राजस्थानी लोगों को विभिन्न शारीरिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है. 28 तारीख को उन्होंने स्थानीय निवासियों के साथ विरोध प्रदर्शन किया था. उन्होंने आरोप लगाया कि जामुड़िया थाना के प्रभारी राजशेखर मुखर्जी ने उन्हें वहां आंदोलन करने से मना किया था, फिर भी उदीप सिंह ने वहां पर विरोध प्रदर्शन किया था. तब बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और प्रदर्शन करने से मना किया एवं प्रदूषित राख वाली गाड़ियों को अपने सामने से जाने दिया. उन्होंने पूरे घटनाक्रम की जानकारी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को दी. इसके बाद पीओबी ओपन कास्ट प्रोजेक्ट के प्रभारी असीम कुमार चक्रवर्ती और परशिया कोलियरी एजेंट मधुसूदन सिंह ने उनके खिलाफ जामुड़िया थाने में झूठी शिकायत दर्ज करायी. उदीप सिंह ने कहा कि उन पर प्रति डंपर 5,000 रुपये वसूलने और डंपर के ड्राइवर के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है. लेकिन पुलिस ने बिना छानबीन किए हुए उनके पार्टी के दो कार्यकर्ता को उठाकर गिरफ्तार कर लिया.

### स्कूल के शिक्षक व चेयरमैन के बीच तनाव

**बराकर।** सीतारामपुर एनडी राष्ट्रीय विद्यालय में स्कूल के शिक्षक द्वारा स्कूल के टीआई और स्कूल की अध्यक्ष पर स्कूल के विभिन्न मद में घोटाले को आरोप को लेकर अध्यक्ष ने प्रेस वार्ता की. स्कूल की अध्यक्ष बनी तृणमूल पार्षद उषा रजक ने स्कूल में रविवार को एक संवाददाता सम्मेलन कर स्कूल के शिक्षक धनंजय यादव द्वारा उनपर लगाए गए आरोपों को झूठा करार दिया. साथ ही उन्हें व स्कूल को बदनाम करने का आरोप लगाया. इसी बीच तृणमूल पार्षद उषा रजक मीडिया के कैमरे पर यह धमकी देते हुए नजर आई कि वह उनके ऊपर झूठा आरोप लगाने वाले स्कूल के शिक्षक धनंजय यादव और स्कूल की खबर प्रकाशित करने वाली मीडिया के ऊपर थाने में मामला दर्ज करेंगी. उन्होंने इस दौरान यह भी आरोप लगाया कि कुछ मीडिया पैसे खाकर स्कूल को बदनाम करने का प्रयास कर रही है. उनकी छवि ख़राब करने का प्रयास कर रही है. ऐसे में यह सवाल उठता है कि जब स्कूल के शिक्षक और शिक्षक इंचार्ज के बीच चल रही आपसी जंग व उनके द्वारा एक दूसरे पर लगाए जा रहे विभिन्न प्रकार के घोटालों के आरोपों के बारे में जब उनसे मीडिया पूछने गई तो वह मीडिया से दुरी बनाते क्यों नजर आई. आज आखिरकार ऐसा क्या हुआ कि उनको संवाददाता सम्मेलन कर मीडिया के ऊपर थाने में एफआईआर करने की धमकी देने की आवश्यकता पड़ गई. ऐसे में कई सवाल है जिसका जवाब ना तो तृणमूल पार्षद के पास है और ना ही एनडी राष्ट्रीय विद्यालय के शिक्षक व शिक्षक इंचार्ज के पास.

### आसनसोल में श्रीमद् भागवत कथा का समापन

**आसनसोल।** आसनसोल के सेनरेले स्थित कन्यापुर मैदान में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता के मार्मिक प्रसंग ने श्रद्धालुओं के मन को भाव-विभोर कर दिया. वृंदावन से आए कथावाचक गौरव कृष्ण गोस्वामी ने अपने मधुर संगीत और भावनात्मक कथा-वाचन के माध्यम से इस अद्वितीय मित्रता की कथा को जीवंत कर दिया. प्रसंग का सारः श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता का यह प्रसंग सच्ची मित्रता और निःस्वार्थ प्रेम का प्रतीक है. श्रीकृष्ण ने अपने गरीब मित्र सुदामा की कठिनाइयों को दूर करने के लिए अपनी दिव्य शक्ति का उपयोग किया. जब सुदामा भगवान श्रीकृष्ण से मिलने द्वारका आए, तब उन्होंने अपने मित्र की टूटी झोंपड़ी को एक भव्य महल में परिवर्तित कर दिया और उनके परिवार को सुंदर वस्त्र एवं आभूषण दिए. श्रीकृष्ण की कृपा से सुदामा धनवान बन गए और उन्हें सम्मानपूर्वक राज सिंहासन पर बैठाया गया. श्री गोस्वामी ने बताया कि यह प्रसंग भगवान की दयालुता और अपने भक्तों के प्रति उनकी अनन्य भक्ति को दर्शाता है. कथा का प्रभावः श्रोताओं ने श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता की इस कथा को सुनकर गहरी प्रेरणा और आनंद की अनुभूति की.

### 21 को कोलकाता में टीएमसी का शहीद दिवस समारोह

**आसनसोल।** हर साल की तरह इस साल भी कोलकाता के ब्रिगेड परेड मैदान में तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) द्वारा 21 जुलाई को शहीद दिवस का आयोजन किया जाएगा. इसकी तैयारियों को लेकर आज आसनसोल के राहा लेन स्थित टीएमसी जिला पार्टी कार्यालय में एक बैठक आयोजित की गई. बैठक में मंत्री मलय घटक, बोरो चेयरमैन अनिमेष दास, विभिन्न वार्ड के पार्षद और टीएमसी कार्यकर्ता उपस्थित थे. मलय घटक ने बैठक में बताया कि इस बार भी शहीद दिवस समारोह को सफल बनाने के लिए पश्चिम बर्धमान जिले से टीएमसी कार्यकर्ताओं और समर्थकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति आवश्यक है. उन्होंने कहा कि महिला कार्यकर्ताओं के लिए बसों और अन्य परिवहन व्यवस्थाओं का प्रबंध किया जाएगा. जबकि पुरुष कार्यकर्ता ट्रेन से यात्रा करेंगे. इस समारोह में शामिल होने वाले प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए विशेष बैज बनाए गए हैं, ताकि उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जा सके. उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाएगा कि बैज की कमी के कारण कोई भी कार्यकर्ता शहीद दिवस समारोह में शामिल होने से वंचित न रह जाए. इसके अतिरिक्त समारोह के बाद टीएमसी विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में लोकसभा चुनाव के दौरान पार्टी के प्रदर्शन की समीक्षा करेगी. मलय घटक ने कहा कि 21 जुलाई के कार्यक्रम के बाद हम उन विधानसभा क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करेंगे, जहां पिछले लोकसभा चुनाव में पार्टी को अपेक्षित बढ़त नहीं मिल पाई थी.

### आरपीएफ ने बरामद किया खोया सामान

**आसनसोल।** पूर्वी रेलवे ने यात्री सेवा के प्रति अपने निरंतर समर्पण के माध्यम से ऑपरेशन अमानत के तहत महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है. रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) कर्मियों के नेतृत्व में इस पहल के परिणामस्वरूप 1 जून से 30 जून, 2024 की अवधि के दौरान ट्रेन और स्टेशन परिसर से 271 खोए हुए सामान बरामद किए गए हैं. बरामद किए गए इन सामानों में लगभग 39.18 लाख रुपये मूल्य के बैग, नकदी, लैपटॉप, मोबाइल और अन्य मूल्यवान वस्तुएं शामिल हैं. बरामद किए गए सामान को उचित सत्यापन के बाद उनके संबंधित मालिकों को सुरक्षित रूप से सौंप दिया गया. मालिकों ने अपनी बहुमूल्य संपत्ति की सुरक्षा और वापसी सुनिश्चित करने में उनके त्वरित और कुशल प्रयासों के लिए पूर्वी रेलवे के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया है. पूर्वी रेलवे यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने और सभी यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के अपने मिशन में दृढ़ हैं.

### आसनसोल कोर्ट में साहित्य और कला का उत्सव

**आसनसोल।** आसनसोल कोर्ट में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें कई प्रमुख व्यक्तियों ने भाग लिया. इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आसनसोल कोर्ट के जी.आर.ओ देवाशीष चौधरी, जोन्यायिका अधिकारी, पत्रकार, शिक्षक और व्यापारिक व्यक्तित्व थे. इस कार्यक्रम में आसनसोल जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेश तिवारी, सीनियर वकील शेखर कुंडू, वरिष्ठ लेखक चन्द्रशेखर पांडा और प्रख्यात नाटककार रुद्रप्रसाद चक्रवर्ती भी शामिल थे. इस अवसर पर अनेक साहित्य प्रेमियों ने अपनी रचनाओं को साझा किया और संगीत की धुनों में भी बरसात लुटाई. इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य साहित्यिक और सांस्कृतिक विकास को प्रोत्साहित करना था. जिसमें समाज के विभिन्न वर्गों के लोग भाग लेते हुए अपनी भावनाओं को व्यक्त करते रहे.

# नर्सिंग छात्रा की बेंगलुरु में मौत

**खास बातें**

- परिवार ने सीएम से की उचित जांच की मांग
- कांकसा उत्तरपाड़ा की रहने वाली थी दीया मंडल
- बेंगलुरु में कर रही थी नर्सिंग की पढ़ाई



संवाददाता । दुर्गापुर

दुर्गापुर के कांकसा उत्तरपाड़ा की रहने वाली लड़की दीया मंडल बेंगलुरु में नर्सिंग की पढ़ाई कर रही थी. शनिवार को उसका लटकता हुआ शव बरामद किया गया. बेंगलुरु पुलिस ने उनका लटका हुआ शव बरामद किया. उनकी प्रारंभिक धारणा यह है कि दीया ने आत्महत्या की है. हालांकि, दीया के परिवार वाले ऐसी बात को स्वीकार नहीं कर रहे हैं. इसलिए, परिवार ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से अपनी बेटी की मौत की उचित जांच की मांग की. दो साल पहले गरीबी के कारण परिवार ने अपनी बेटी को बेंगलुरु के एक निजी नर्सिंग कॉलेज में पढ़ने के लिए भेजा था. मालूम हो कि दीया मंडल की मां को शनिवार की शाम एक फोन आया था. फोन पर बताया जा रहा है कि दीया की लटकती हुई लाश बरामद हुई है. दावा किया जा रहा है कि दीया ने आत्महत्या की है, लेकिन दीया की मां इस खबर को स्वीकार नहीं कर पा रही है. मौत की खबर मिलने से कुछ देर पहले दीया ने अपनी मां से फोन पर बात की थी. उनके मुताबिक दीया से फोन पर बात करते वक्त उन्हें कोई असामान्य बात नजर नहीं आई. इसके कुछ देर बाद ही बच्ची की मौत की खबर आ गई. स्वाभाविक तौर पर परिवार के लोग इस खबर को स्वीकार नहीं कर पा रहे हैं. उनके मुताबिक इसके पीछे एक और रहस्य है.

गौरतलब है कि इस घटना में पूर्वी बर्दवान के आउशग्राम निवासी राहुल नामक युवक का नाम सामने आ रहा है. मालूम हो कि युवक बेंगलुरु के उस कॉलेज में दीया के साथ पढ़ता था. दीया ने घर पर बताया था कि राहुल उस पर सेमेस्टर का फीस समय पर जमा करने का दबाव बनाता था. आरोप है कि अगर आप समय पर फीस जमा नहीं करेंगे तो परीक्षा में नहीं बैठ पाएंगे. राहुल ऐसी बातें कहकर उन पर दबाव बनाता था. ऐसे में यह सवाल खड़ा हो गया है कि क्या दीया ने मानसिक तनाव के कारण आत्महत्या की? हालांकि, दीया की मां ने इसे मानने से इनकार कर दिया. उनका दावा है कि दीया मानसिक रूप से काफी मजबूत थी. उन्होंने परिवार के बाकी सदस्यों को आश्वस्त किया. दीया के पिता दिल्ली के एक होटल में काम करते हैं. बेटी की मौत की खबर पर वह वहां से बेंगलुरु पहुंचे, लेकिन सुदूर बंगाल की बेंगलुरु में हुई लड़की की रहस्यमय मौत के बारे में उसकी मां और परिवार के अन्य सदस्यों को कुछ भी पता नहीं है. बेंगलुरु पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के अलावा उन्हें कुछ भी पता नहीं है. ऐसे में दीया की मां ने अपनी बेटी की रहस्यमय मौत के मामले में राज्य सरकार और मुख्यमंत्री से मदद मांगी है.

उन्होंने लड़की की मौत का सही कारण जानने के लिए राज्य प्रशासन से मदद का अनुरोध किया. गौरतलब है कि दुर्गापुर की रहने वाली दीया नर्सिंग के अलावा योग और तीरंदाजी में भी माहिर थी. नतीजतन, एक एथलीट के रूप में वह इतनी आसानी से टूटने वाली लड़की नहीं है, ऐसा रिश्तेदार भी दावा करते हैं. खबर है कि बेंगलुरु पुलिस ने दीया का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. जब उसके पिता वहां पहुंचेंगे तो शव का परीक्षण शुरू होगा.

# रोटरी क्लब इंटरनेशनल का इंस्टॉलेशन समारोह

संवाददाता । रानीगंज

वर्ष 2024-25 रोटरी क्लब इंटरनेशनल रानीगंज की टीम के सदस्यों को शपथ ग्रहण करवाया गया. इंस्टॉलेशन समारोह के दौरान इंस्टॉलेशन अधिकारी पुरुषोत्तम सराफ ने विधिवत रूप से नई टीम के सदस्यों को शपथ ग्रहण करवाया. नवनियुक्त अध्यक्ष ऋषि टोड़ानी, सचिन करण जायसवाल सहित बोर्ड मेंबर्स ने शपथ ग्रहण किया. रानीगंज के स्पोर्ट्स असेंबली के हाल में इस समारोह का आयोजन भव्य रूप से किया गया. रोटरी पूर्व अध्यक्ष प्रदीप बाजोरिया ने कहा कि रानीगंज रोटरी क्लब का इतिहास रहा है. पल्स पोलियो अभियान विगत कई वर्षों से चलाया जा रहा है. हजारों की संख्या में लोग अपने बच्चों को वैक्सीनेशन दिलवाने हमारे संस्था में आते हैं. इसके अलावा परमानेंट प्रोजेक्ट में फिजियोथैरेपी, निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन एवं अन्य कई तरह की स्वास्थ्य सेवाएं निरंतर लोगों को दी जाती है और रानीगंज रोटरी क्लब का नाम सेवा के कार्यों में पूरे इंटरनेशनल स्तर पर प्रसिद्ध है. इस मौके पर डॉ राजेश गुप्ता ने कहा कि सामाजिक कामों में रानीगंज रोटरी क्लब के सदस्यों का योगदान अभूतपूर्व है. पूर्व अध्यक्ष स्मिथ झुनझुनवाला ने नए अध्यक्ष एवं सचिव को कालर पिन पहनाकर आगे की जिम्मेवारी सौंपी. आसनसोल रोटरी क्लब से आए मंदिर सिंह लाली, रोटेरियन वरिष्ठ पदाधिकारी सुरेंद्र झुनझुनवाला, अलंकार साव एवं रोटेरियन महिला विंग इंटरवहील क्लब की अध्यक्ष जया संथालिया एवं महासचिव अनुराधा झुनझुनवाला मुख्य रूप से उपस्थित थे.

# तत्काल कोटा की टिकट बुकिंग में अनियमितता

संवाददाता । श्रीकांत पाण्डेय

आसनसोल रेलवे स्टेशन पर तत्काल कोटा की टिकट बुकिंग में अनियमितता का गंभीर मामला सामने आया है. रेलवे नियमों के अनुसार तत्काल कोटा की टिकटें यात्रा से एक दिन पहले शाम 10 बजे तक बुक की जा सकती हैं. लेकिन आसनसोल रेलवे स्टेशन के बुकिंग काउंटर पर तत्काल कोटा रजिस्टर में 3-4 दिन पहले ही एंट्री कर दी गई. यह मामला रविवार को तब प्रकाश में आया जब हमारे संवाददाता ने स्थिति की जांच की. रिपोर्ट के अनुसार तत्काल कोटा रजिस्टर में 8 जुलाई के अलावा 9, 10, और 11 जुलाई की बुकिंग्स भी दर्ज की गई थी. यह स्पष्ट रूप से रेलवे के निर्धारित नियमों का उल्लंघन है। रेलवे की मौजूदा प्रणाली के अनुसार, तत्काल टिकट बुकिंग केवल एक दिन पहले की जा सकती है, जिससे सभी यात्रियों को समान अवसर मिल सके. लेकिन पहले से की गई इंट्री ने कई यात्रियों को तत्काल टिकट पाने से वंचित कर दिया है. यह अनियमितता यह संकेत देती है कि कुछ रेलवे कर्मचारी या अधिकारी बुकिंग प्रक्रिया में हेरफेर कर रहे हैं, जिससे यात्रियों के हितों को हानि पहुंच रही है.

# शिव प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ से रानीगंज में भक्तिमय माहौल

## काशी के आचार्य लव कुश ने कराया हवन



संवाददाता । रानीगंज

जय माता दी स्पोर्टिंग क्लब की तरफ से श्री श्री 1008 शिव प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ में भारत के विख्यात कथाकार एवं भजन गायक द्वारा प्रवचन एवं भजनों के माध्यम से पूरे शहर का वातावरण भक्तिमय बना दिया. काशी से आए आचार्य लव कुश शास्त्री के द्वारा शिव भगवान की पूजा की गई. जय माता दी स्पोर्टिंग क्लब के अध्यक्ष जयप्रकाश साव ने कहा कि रानीगंज में श्री श्री 1008 शिव प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ काफी विशाल रूप से मनाया जा रहा है. 9 जुलाई को प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन होगा. महासचिव विकास साव ने कहा कि वृंदावन से देवी दीप्ति, श्रीजी ने कथा वाचिका, बनारस काशी से आचार्य लव कुश शास्त्री एवं वृंदावन से स्वामी श्री राज दिक्षित के द्वारा धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है. कमेटी की तरफ से प्रदीप साव एवं अनिल अग्रवाल ने कहा कि इस्ट कॉलेज पाडा में रामलीला का भव्य आयोजन ऐतिहासिक कहलाएगा.

# चिनाकुड़ी में युवती का अपहरण बेचने का आरोप, जमकर हंगामा

संवाददाता । कुलटी

पश्चिम बंगाल आसनसोल नगर निगम के वार्ड संख्या 101 के चिनाकुड़ी नौ नंबर बस्ती इलाके से पिछले 6 दिनों से रहस्यमय ढंग से लापता युवती प्रतिमा पासवान की एक सोंची समझी साजिश के तहत अपहरण कर उसे कहीं बेच देने का आरोप इलाके के ही रहने वाली उर्मिला दास के ऊपर लगाकर प्रतिमा पासवान के परिजनों ने जमकर हंगामा किया. प्रतिमा के परिजनों की माने तो आज से 6 दिन पहले मंगलवार को उर्मिला दास प्रतिमा को खीरा खरीदकर लाने के लिये बाजार भेजी थी. जिसके बाद से प्रतिमा वापस नही लौटी. प्रतिमा को उसके परिजनों व इलाके के लोगों ने काफी ढूंढा पर वह कहीं नहीं मिली. जिसके बाद प्रतिमा के परिजनों ने कुलटी थाना अंतर्गत नियामतपुर पुलिस फाड़ी को प्रतिमा की अचानक से गायब हो जाने की लिखित शिकायत की. उसके गायब होने के पीछे इलाके की ही रहने वाली उर्मिला दास नाम की एक महिला का हाथ होने का दावा किया. उन्होंने पुलिस को यह भी बताया कि उषा दास ने एक सोंची समझी साजिश के तहत प्रतिमा को गायब कर उसे कहीं बेच दिया है. वह इसलिये की उषा दास के घर में प्रतिमा का काफी आना -जाना था. ऐसे में अगर पुलिस उषा के ऊपर दबाव डालती है तो प्रतिमा की खोज खबर जरूर मिल सकती है. वहीं पुलिस प्रतिमा के परिजनों के द्वारा लगाए गए आरोप को देखते हुए उर्मिला दास से पूछताछ भी कर रही है. पर अब 6 दिन गुजर जाने के बाद भी प्रतिमा की कोई खोज खबर नहीं मिल पाई है. जिससे नाराज प्रतिमा के परिजनों ने रविवार को अपना आपा खो दिया और अपनी बेटी को वापस पाने के लिये उर्मिला दास के साथ भीड़ गई. दोनों परिजनों के बीच जमकर हंगामा हुआ.

वहीं इस मामले में उर्मिला दास का कहना है कि उनके उपर प्रतिमा के परिजनों द्वारा जो कुछ भी आरोप लगा रही है, वह सभी आरोप गलत है. प्रतिमा उनके घर आती तो थी पर उसके गायब होने के पीछे उनका दूर-दूर तक कोई हाथ नहीं है और ना ही वह इस मामले में कुछ जानती है. वहीं प्रतिमा की मां और बहन का रो -रोकर बुरा हाल है. उनका कहना है कि उर्मिला दास के कहने पर वह बाजार खीरा खरीदने के लिये घर से निकली थी. उसके कहने पर अगर वह घर से नहीं निकलती या फिर खीरा खरीदने नहीं जाती तो वह उनके पास होती, वह रो -रोकर प्रतिमा को वापस पाने की गुहार लगा रही है.

# आसनसोल में निकली भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा

संवाददाता । सांकतोड़िया



आसनसोल नगर निगम के डिसरगढ़ नदीघाट स्थित श्री श्री जग्गनाथ मंदिर कमिटी के तत्वावधान में रविवार 7 जुलाई को जग्गनाथ जी की रथयात्रा पूरी श्रद्धा के साथ निकाली गई. इस बार पहली दफा सप्ताहव्यापी मेला का भी आयोजन किया गया है. रथयात्रा का यह 35वां वर्ष है. रथयात्रा के इस अवसर पर प्रशासन और स्वयं सेवियों की चुस्त दुरुस्त व्यवस्था बनी रही. जग्गनाथ मन्दिर के पुजारी चंदन लायक ने भली भांति पूजा अर्चना कर रथयात्रा की शुरुआत की. जानकारी के अनुसार जगन्नाथ मंदिर परिसर से निकली रथ यात्रा 8 नंबर, किलबर्न, डिसरगढ़ मोड होते हुए सांकतोड़िया के रास्ते झालबागान स्थित महा मिलन मंदिर में अपने मौसी के घर पहुंचेगी. वहां से आठवें दिन यह रथ भगवान जग्गनाथ, बलभद्र और सुभद्रा को लेकर फिर वापस लौटेगी. मौके पर सांकतोड़िया फांड़ी प्रभारी दिव्येंदु मुखर्जी, डॉ सुबल चक्रवर्ती, अपराजित बनर्जी, पूर्व पार्षद अभिजीत आचार्य, चंदन आचार्य, तरुण चटर्जी, नियामतपुर ट्रॉफिक ओसी शिवनंदन दुबे सहित अन्य लोग उपस्थित थे.

## बराकर में भक्तों ने की पुष्प वर्षा

**बराकर।** बराकर बैगुनिया स्थित गौरांग मंदिर में धूमधाम के साथ रथ पूजा का उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ. बराकर शहर के बैगुनिया स्थित साधु सीताराम बाबा द्वारा प्रतिष्ठित गौरांग मंदिर के प्रांगण में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य रथ यात्रा का आयोजन किया गया. इस दौरान भगवान जगन्नाथ भाई बलराम तथा बहन सुभद्रा की वैदिक मंत्रोचार के साथ विधिवत पूजा अर्चना कर रथ पर बिराज मान किया गया. इसके पश्चात मार्ग को सफाई करते हुए भक्तों ने पुष्प वर्षा की और इसी क्रम में भगवान जगन्नाथ को तथा उनके भाई एवं बहन को रथ की परिक्रमा करते हुए उन्हें रथ पर विराजमान किया गया. रथ पर विराजमान होने के पश्चात सभी भक्तों ने रथ को खींचा. पूरा मंदिर परिसर भगवान जगन्नाथ के जयकारे तथा बंगाल की धरती की पारंपरिक उल्लू ध्वनि से और हरी नाम संकीर्तन की ध्वनि से गूंजायमान हो उठा. इस अवसर पर गौरांग मंदिर के महाराज साधु हरे कृष्णा बाबा ने बताया कि रथ यात्रा का इस मंदिर परिसर में लगभग 93 वां वर्ष है. जहां आस-पास के क्षेत्र के कई गणमान्य लोग पूर्व की वर्षों की भांति उपस्थित हैं. कार्यक्रम के अंत में सभी भक्तों को भोग प्रसाद ग्रहण कराया गया. उद्घाटन कार्यक्रम को सफल बनाने वालों में आलोक प्रकाश, निभा प्रकाश, कुल्टी के विधायक डॉक्टर अजय कुमार पोद्दार, तृणमूल के वरिष्ट नेता रोबिन लायक, बराकर चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष शिव कुमार अग्रवाल, बराकर चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के दीपक दुधानी शामिल थे.

नागपुरी रंगारंग कार्यक्रम में भाषा संस्कृति के संरक्षण संवर्धन का दिया संदेश

# नागपुरी को आपस में संपर्क भाषा बनाए : मंगल सिंह

संवाददाता । गुमला

करौंदी रथ यात्रा मेला में एशियन हेरिटेज फाउंडेशन, नागपुरी साहित्य सांस्कृतिक मंच और नागपुरी लोक आखरा के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को सांस्कृतिक रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें गीत संगीत व नृत्य के माध्यम से नागपुरी संस्कृति, परंपरा, राग-रागिनी के संरक्षण और संवर्धन का संदेश दिया गया. करौंदी जगन्नाथ मंदिर के संरक्षक बड़ाएक केडी सिंह और भाजपा किसान मोर्चा के प्रमंडलीय सह प्रभारी मंगल सिंह भोगता ने फीता काट कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुरुआत किया.


फोटोःकार्यक्रम में प्रस्तुति देते कलाकार.

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा किसान मोर्चा के नेता मंगल सिंह भोगता ने नागपुरी को संपर्क भाषा के रूप में प्रयोग करने की सलाह दी. नागपुरी भाषा के संरक्षण व संवर्धन के लिए प्रयासरत नागपुरी साहित्य सांस्कृतिक मंच की प्रशंसा की. केडी सिंह ने भी बच्चों को नागपुरी विषय की पढ़ाई के लिए प्रेरित करने का अनुरोध किया. गायक शंकर सिंह ने नागपुरी गीत के माध्यम से जगन्नाथ महाप्रभु का आवाहन किया. मनीष बरवार के नेतृत्व में प्रशिक्षु छात्राओं ने मर्दानी झुमर और फगुवा रंग में नृत्य प्रस्तुत कर समा बांधने का काम किया. मंजू देवी, रजनी कुमारी, रूपा कुमारी, नीलम कुमारी, गुंजो देवी, सुलोचना देवी, पवन गोप, रोहित सिंह, जतेन्द्र कुमर, पंकज कुमार, बलराम झाड़ी आदि ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत कर देर शाम तक समा बांधने का काम किया.

नहीं पहुंच रहा घर घर में पानी

# चंदवा में नल जल योजना बनी शो पीस

संवाददाता ।चंदवा

प्रखंड क्षेत्र के अंवादोहर में लगे नल - जल योजना बना शो पीस. कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने लिया जायजा , ग्रामीणों से मिलकर इस संबंध में जानकारी ली, अंम्बादोहर के ग्राम प्रधान प्रमोद भगत ने बताया कि सुमन भगत के घर के पास लगे नल जल टंकी से घर घर में लगे नल में पानी नहीं पहुंच पा रही है.प्रकाश उरांव के घर के पास लगे नल जल का भी यही हाल है,दोनों स्थानों पर लगे नलजल योजना से किसी भी ग्रामीणों को लाभ नहीं मिल पा रहा है.धनेश उरांव के घर के पास लगे पुराना चापानल भी महिनों से खराब पड़ा हुआ है. जोबिया गांव में


जानकारी देते ग्रामीण.

भी करीब तीन माह तक एक नल जल चला इसके बाद बंद हो गया है.

पेयजल के लिए ग्रामीण गांव में इधर उधर भटक रहे हैं.पंसस अयुब खान ने कहा कि शिकायत के बाद भी नल जल योजना में कोई सुधार नहीं हो रहा है, इससे ग्रामीणों में रोष पनप रहा है. अयुब खान ने उपायुक्त गरीमा सिंह से नल जल योजना को ठीक करवा कर पेयजल संकट दूर करने की अनुरोध किया है.मौके पर ग्राम प्रधान प्रमोद भगत, साजीद खान, प्रेमजीत उरांव व अन्य उपस्थित थे.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** समय उत्तम है पर, मानसिक तनाव बढ़ सकता है. किसी से विवाद हो सकता है. बेकार की बहस से बचें. माता सुख में कमी होगी. कार्यस्थल पर जो लोग आपको पसंद नहीं करते थे, वे आपके कार्यों की तारीफ करेंगे.

**वृषभ** धन के लिए दिन शुभ है. भाई का सहयोग प्राप्त होगा. साथ ही पराक्रम में वृद्धि होगा. मानसिक उलझन होगा. आपके अपनों को आपकी जरूरत है. अपनों के साथ मौज मस्ती पर खर्च होगा. पिता के व्यवहार में परिवर्तन से चिंतित रहेंगे.

**मिथुन** पैतृक संपत्ति का सुख बढ़ेगा. किया गया कार्य लाभ देगा. मानसिकता को बदलने की बेहद जरूरत है. उन्नति में बाधा आयेगी. कोई खुशखबरी सुन सकते हैं. किया गया छोटा यात्रा सुखद रहेगी. विष्णु भगवान का ध्यान पूजन करें.

**कर्क** समय बहुत ही उत्तम है. मानसिक शांति मिलेगी. समय उत्तम है. कोई बड़ा लाभ हो सकता है. किसी की सिफारिश से कार्य हो सकता है. संचित धन का निवेश लाभप्रद रहेगा. किसी के बहकावे में आने से रिश्ते कमजोर होंगे. अपनो का ध्यान रखें. संतान सुख की प्राप्ति संभव.

**सिंह** आय से ज्यादा खर्च होगा. कोई धार्मिक यात्रा का योग है. दिन की शुरुआत खर्च के साथ होगी. किसी विषय को समझने की जिज्ञासा रहेगी. अपने अधीनस्थों के किये कार्यों की सराहना करें, लाभ होगा. विष्णु भगवान का ध्यान पूजन करें.

**कन्या** समय बहुत ही उत्तम है. आय भाव में चन्द्र है. कुछ नया सीखने को मिलेगा. जिंदगी से जुडी निजी बातें आज सामने आ सकती हैं. नौकरी में उत्साह की कमी रहेगी. कोई बड़ा कार्य होने से मन खुश होगा. अन्न दान करें.

**तुला** शेयर बाजार से लाभ का योग है. पिता के कार्य से लाभ होगा. आप कर्म प्रधान है. प्रतियोगिता में सफल होंगे. जीवनसाथी के साथ मतभेद संभव है. अपने कार्य के प्रति ईमानदार रहें. मनचाहा जवाब न मिलने से निराश रहेंगे. अन्न का दान करें.

**वृश्चिक** ससुराल से कोई शुभ समाचार मिलेगा. भाग्य साथ है. पर स्वयं अपने आप पर से नियंत्रण खो देंगे. आपके किसी गलत व्यवहार से मित्रों से मतभेद हो सकते हैं. कार्य स्थल पर धन लाभ के योग है. इष्ट बल मजबूत करें.

**धनु** समय थोड़ा उलझन वाला होगा. अपने प्रोफेशन से आप नाखुश हैं, समय के साथ स्थिति आपके अनुकूल बनेगी. जीवनसाथी का व्यवहार मनोबल बढ़ाएगा. कर्ज लेने की स्थिति निर्मित हो सकती है. माता-पिता और गौ सेवा से लाभ होगा.

**मकर** जरूरत मंद लोगों की मदद करें. मांगलिक कार्यक्रमों की रूप रेखा बनेगी. राजनीतिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे. यदि बहुत जरूरी हो तो यात्रा करें. पैसों का लेन देन संभव. खान पान पर ध्यान दें. स्वास्थ्य बिगड़ सकता है.

**कुंभ** घरेलू कार्यों में व्यस्त रहेंगे. विद्यार्थी परिणामों को लेकर चिंतित रहेंगे. मेहमानों का आगमन हो सकता है. पारिवारिक जमीन जायदाद के मसले निपटेंगे. धन कमाने की चाह में कोई गलत फैसले न लें. शनि की वस्तु का दान करें.

**मीन** संतान के कर्म से लाभ होगा. धार्मिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी. लोगों से प्रोत्साहन मिलेगा. पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे. मित्रों के साथ समय व्यतीत होगा. बुरी संगत छोड़ दें, अन्यथा नुकसान होगा. पीली वस्तु का दान करें.

## विश्व सनातन संघ की बैठक संपन्न

**रांची ।** राष्ट्रीय विश्व सनातन संघ की झारखंड प्रदेश कमेटी की बैठक रविवार को किशोरगंज देवी मंडप में हुई. इसमें प्रदेश समिति के पुनर्गठन के लिए विचार विमर्श किया गया. बैठक में भारत के विपक्षी दल के नेता राहुल गांधी द्वारा सनातन धर्म के खिलाफ सदन में की गयी टिप्पणी का भी पुरजोर विरोध किया गया तथा संगठन द्वारा कहा गया कि इस प्रकार के किसी भी टिप्पणी संगठन बर्दाश्त नहीं करेगी. बैठक में सुनील विश्वकर्मा, गुड्डू पांडे, करण कर्मकार, राकेश गुप्ता, जीत यादव, गीता देवी, प्रदीप मंसूरिया, निशात पांडे, पंकज वर्मा, अक्षय कुमार मिश्रा, शुभम मोदी, जगदीश कुमार, सौरव कुमार, अभिषेक जैन समेत संगठन के सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे.

राज्य में भाजपा नेतृत्व की मजबूत एनडीए सरकार बनाने का संकल्प लें

# झारखंड सरकार भारत की सबसे भ्रष्ट सरकार: बाबूलाल

**खास बातें**

- झामुमो को परिवार से बाहर का मुख्यमंत्री बर्दाश्त नहीं
- शिबू सोरेन परिवार राज्य को लूटने के लिए चाहता है सत्ता

प्रमुख संवाददाता । रांची/गिरिडीह

गिरिडीह के सरस्वती शिशु मंदिर के सभागार में आज कार्यकर्ता सम्मान कार्यक्रम सह विजय संकल्प सभा का आयोजन किया गया. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमंत सरकार भारत की सबसे भ्रष्ट सरकार है. यहां आज विकास के काम ठप्प है. विधि व्यवस्था ध्वस्त है. पुलिस प्रशासन केवल उगाही में लगा है. किसी कार्यालय में बिना पैसे के कोई काम नहीं हो सकता. बहन-बेटियां सुरक्षित नहीं हैं. व्यापारियों को जेल से धमकी मिलती है. रंगदारी नहीं देने पर जान का खतरा रहता है. बाबूलाल ने कहा कि पिछले साढ़े चार वर्षों में एक भी उद्योग राज्य में नहीं लगा. शिबू सोरेन परिवार को सत्ता की भूख ऐसी कि बिना कोई आरोप के अपने ही मुख्यमंत्री को इस्तीफा देने के लिए बाध्य कर दिया.

**इंडी अलायंस ने दुष्प्रचार की पराकाष्ठा कर दी :** बाबूलाल ने कहा कि इंडी एलायंस ने दुष्प्रचार की पराकाष्ठा कर दी. क्या-क्या नहीं कहा.संविधान बदलने से लेकर आरक्षण खत्म करने का दुष्प्रचार किया. लोगों को भड़काये, लेकिन जनता ने भाजपा नीत एनडीए को ही वोट दिया. झारखंड में एनडीए को 81 लाख से ज्यादा वोट मिले. जबकि इंडी एलायंस 61 लाख पर ही सिमट गयी. राज्य के नौ लोकसभा सीट पर एनडीए प्रत्याशियों की जीत हुई. 52 विधानसभा क्षेत्र में एनडीए की जीत हुई. राज्य में सत्ताधारी गठबंधन के तत्कालीन मुख्यमंत्री सहित सात मंत्री अपने-अपने क्षेत्र में इंडी एलायंस के प्रत्याशी को जीत नहीं दिला सके.


कार्यक्रम को संबोधित करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी व अन्य.

### भाजपा को जनता के विकास की चिंता

बाबूलाल ने कहा कि जनता का इशारा और इरादा स्पष्ट है. जनता ठगबंधन सरकार के लूट, भ्रष्टाचार और वादाखिलाफी से उब चुकी है. शिबू सोरेन परिवार को राज्य को लूटने के लिए सत्ता चाहिए. उन्हें जनता के विकास से कोई लेना-देना नहीं है. जैसे लोकसभा चुनाव में इंडी अलायंस को धूल चटाई है, वैसे ही विधानसभा चुनाव में अपने परिश्रम और प्रभाव से झारखंड से भी भ्रष्ट और निकम्मी सरकार को उखाड़ फेंकना है. भाजपा ने जैसे राज्य बनाया है, वैसे ही राज्य का विकास भाजपा और एनडीए सरकार ही कर सकती है. भाजपा को राज्य के सवा तीन करोड़ जनता के विकास की चिंता है. लेकिन शिबू सोरेन परिवार को अपने परिवार के विकास की चिंता है.

### देवघर मकान हादसे में हुई मौत पर जताया शोक

रांची । देवघर स्थित एक पुराने मकान के गिर जाने से तीन लोगों की हुई दर्दनाक मौत पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गहरा शोक प्रकट किया है. मरांडी ने कहा कि घटना को सुनकर मर्माहत हूं. उन्होंने मृतकों की आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की. कहा कि ईश्वर परिजनों को धैर्य एवं साहस प्रदान करें.

### भाजपा की ताकत हैं कार्यकर्ता : बाबूलाल

बाबूलाल ने कार्यकर्ताओं को सम्मानित करते हुए कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की पूंजी है. केवल चुनाव ही नहीं बल्कि दिन प्रतिदिन होने वाले सांगठनिक कार्यक्रमों को कार्यकर्ता ही सफल बनाता है, अभियान को पूरा करता है. बाबूलाल ने कहा कि नेताओं को तो रोज सम्मानित किया जाता है, लेकिन कार्यकर्ता चुपचाप काम में जुटे रहते हैं. जनता के सवालों से जूझते हैं, जन प्रतिनिधियों से संबंधित शिकायतों को सुनते हैं. कार्यकर्ता सब कुछ सहन कर जनता की सेवा में जुटे रहते हैं और उनकी समस्याओं का समाधान करने हर संभव प्रयास करते हैं. ऐसे कार्यकर्ता ही भाजपा की ताकत हैं. वैचारिक लड़ाई को आगे बढ़ाने के सहयोगी हैं. ऐसे कार्यकर्ताओं के बल पर ही देश में तीसरी बार मोदी सरकार का संकल्प पूरा हुआ है.

एडीजी अभियान आज करेंगे बैठक

# डायल-112 से संबंधित छह बिंदुओं पर होगी समीक्षा

रांची । एडीजी अभियान सोमवार को जोनल आईजी, रेंज के डीआईजी और जिलों के एसएसपी व एसपी के साथ समीक्षा बैठक करेंगे. इस बैठक में डायल-112 इमरजेंसी रिस्पांस सपोर्ट सिस्टम (ईआरएसएस) के कार्यों से संबंधित छह बिंदुओं पर चर्चा होगी.

### इन छह बिंदुओं पर होगी समीक्षा

- प्राप्त शिकायतों का रिस्पॉन्स टाइम की स्थिति
- डायल 112 के प्रचार प्रसार की स्थिति
- डायल 112 के अंतर्गत एमडीटी टैब की अद्यतन स्थिति
- डायल 112 के अंतर्गत डीसीसी में उपलब्ध बल की स्थिति
- डायल 112 के अंतर्गत यूपीएस और बैटरी की स्थिति
- ईआरएसएस परियोजना के अंतर्गत सी-डैक से प्राप्त होने वाला स्मार्टफोन को बाइक के साथ लैस कर रांची धनबाद और जमशेदपुर जिला शहरी थाना में सुधारित आवंटन के संबंध में.

### इमरजेंसी रिस्पांस सपोर्ट सिस्टम है डायल-112

गौरतलब है कि डायल-112 एक इमरजेंसी रिस्पांस सपोर्ट सिस्टम (ईआरएसएस) है. यह केंद्र की महत्वाकांक्षी योजना है. इस प्रोजेक्ट के शुरू होने से किसी भी मुसीबत में सिर्फ एक ही नंबर याद रखना होगा और किसी भी समय कॉल कर पुलिस की सहायता ले सकते हैं. वर्तमान में अपराध संबंधित सूचना के लिए डायल-100, आग लगने की स्थिति में डायल 101 और एंबुलेंस के लिए डायल 108 पर संपर्क करना पड़ रहा है. नये प्रोजेक्ट के शुरू होने से अब डायल-112 पर ही सभी सुविधाएं मिल रही हैं.

# मांगें पूरी नहीं तो 20 जुलाई से होगा आंदोलन : महासंघ

संवाददाता । रांची

झारखंड राज्य अनुबंध कर्मचारी महासंघ झारखंड के केंद्रीय समिति की बैठक रविवार को प्रेस क्लब में विक्रांत ज्योति की अध्यक्षता में हुई. शामिल विभिन्न विभागों के संविदा कर्मियों ने एक स्वर में कहा कि वर्तमान सरकार विगत पौने पांच वर्षों के कार्यकाल में संविदा संवाद में दिए गए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के वक्तव्यों का अनुपालन नहीं हो सका. सहायक अध्यपको, बाल संरक्षण कर्मियों, मनरेगाकर्मियों, स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों, होमगार्ड, आईसीटी कम्प्यूटर ऑपरेटरों, आंगनबाड़ी सेविकाओं की नाराजगी से सरकार की सेहत पर बुरा असर पड़ पड़ेगा. महासंघ ने कहा कि मांग पूरी नहीं हुई तो 20 जुलाई से आर पार की लड़ाई होगी. मौके पर रविन्द्र सोनार, राणा चंदन सिंह, अनुज कुमार झा, हरेकृष्ण सिंह, नवीन गुप्ता, चंदन कुमारी, सीता तिगा, सुमन कुमारी, पुष्पा देवी समेत 45 संगठनों के प्रतिनिधि शामिल थे. संचालन सुशील कुमार पाण्डेय ने किया.

सब्जी विक्रेताओं के साथ हो रही बदतमीजी

# किसान हैं परेशान, छावनी परिषद के खिलाफ होगा चरणबद्ध आंदोलन

संवाददाता । रामगढ़

रामगढ़ छावनी परिषद के अधिकारी किसानों और सब्जी विक्रेताओं के लिए परेशानी की जड़ बन चुके हैं. अक्सर सब्जी विक्रेताओं के साथ उनके कर्मी बदतमीजी करते हैं. सब्जी बेचने आने वाले महिला और पुरुषों को कोई स्थाई जगह तक नहीं मुहैया कराई जाती. छावनी परिषद की अधिकारियों को इन सारी बातों की जानकारी तो है, लेकिन कोई पहल नहीं करते. लिहाजा अब किसानों को आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है. रविवार को शहर के पटेल छात्रावास में किसानों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की बैठक में यह फैसला लिया गया. बैठक की अध्यक्षता वार्ड पार्षद प्रतिनिधि मनोज कुमार महतो और संचालन द्वारिका प्रसाद ने किया. इस दौरान सर्वसम्मति से किसान सहयोग समिति का गठन किया गया. यह समिति किसानों के लिए चरणबद्ध आंदोलन चलाएगी.

आंदोलन की शुरुआत छावनी परिषद के सीईओ को ज्ञापन देने से की जाएगी. सोमवार को किसान सहयोग समिति का प्रतिनिधिमंडल ज्ञापन के माध्यम से स्थाई डेली मार्केट निर्धारित करने, शौचालय, शेड तथा पीने के लिए स्वच्छ पानी आदि मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने की मांग करेगा. ज्ञापन देने के लिए मुर्राम कला, कांकेबार , चेटर, गोसा, बूढ़ाखुखरा, गंडके, गोडातू , दोहाकातू, उसरा, जमीरा , बहातू, चाहा, छत्तर, कुन्दरू, बारलौंग, कोठार, कैथा, हुहूवा, गोबरदरहा आदि गावों के सैंकड़ों की संख्या में समाजसेवी, बुद्धिजीवी ,किसान आदि शामिल होंगे.

रामगढ़ के पंचवटी अपार्टमेंट का पार्क बना अखाड़ा

# दो गुटों में जमकर हुई मारपीट, जितेंद्र और अरुण ने दर्ज कराई प्राथमिकी

संवाददता । रामगढ़

**खास बातें**

- किसी के हाथ में चाकू था, तो किसी के हाथ में बेल्ट
- पहली प्राथमिकी नानक ढाबा होटल के मालिक के कराई

शहर का पंचवटी अपार्टमेंट का पार्क शनिवार की रात जंग का मैदान बन गया. यहां दो गुटों में जमकर मारपीट हुई. कोई बैट-विकेट लेकर तो कोई गमला फेंक कर जानलेवा हमला कर रहा था. किसी के हाथ में चाकू था तो किसी के हाथ में बेल्ट. इस मामले में दोनों गुटों की तरफ से रविवार को रामगढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है. पहली प्राथमिक नानक ढाबा होटल के मालिक जितेंद्र सिंह पवार ने दर्ज कराई है. इस प्राथमिक में उन्होंने कहा है कि वह जब पार्क में पहुंचे तो अरुण गोयल ने गमला फेंक कर उन पर जानलेवा हमला किया. साथ ही उनके साथ मारपीट की. जब राजेश कुमार उन्हें रोकने गए तो उन्हें भी बेल्ट से पीटा गया. इसके बाद उनके बेटे और भतीजे भी जब वहां पहुंचे तो अरुण गोयल के द्वारा उन दोनों की भी पिटाई की गई. साथ ही उन सभी को जान से मारने की धमकी भी अरुण गोयल ने दी.

दूसरी प्राथमिकी अरुण गोयल ने दर्ज कराई है. उन्होंने कहा है कि जितेंद्र सिंह पवार उनके भाई राजेंद्र सिंह पवार और परिवार के अन्य लोग अक्सर उन्हें धमकाते रहते हैं. क्योंकि, वह नवनीत कौर और राजेंद्र सिंह पवार के बीच चल रहे घरेलू हिंसा के मामले में गवाह है. यह मामला अभी कोर्ट में लंबित है. इसलिए उन्हें गवाही देने से भी रोकने का प्रयास किया जाता रहता है. शनिवार की रात भी वह सभी लोग गुट बनाकर पार्क में पहुंचे और उनकी जमकर पिटाई कर दी. इस दौरान राजेंद्र सिंह पवार, जितेंद्र सिंह पवार, बेटा गुरु, भतीजा गुनी वहां मौजूद था. इन लोगों ने बैट-विकेट से उनकी पिटाई की. साथ ही चाकू से भी जानलेवा हमला किया.

## प्रखंड कार्यालय के शौचालय में ताला,कर्मचारी परेशान

**हुसैनाबाद (पलामू)।** प्रखंड कार्यालय भवन में बने शौचालय में ताला बंद होने के कारण प्रखंड कर्मियों एवं आगंतुकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. शौचालय के दरवाजे पर कबाड़ा सामान फेंका हुआ है, जिससे साफ-सफाई और स्वच्छता की स्थिति अत्यंत दयनीय हो गई है. एक तरफ स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करने हेतु करोड़ों रुपये खर्च किये जा रहे हैं तो दूसरी ओर प्रखंड कार्यालय में ही स्वच्छ भारत योजना की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं. उल्लेखनीय है कि यह योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2 अक्टूबर 2014 को शुरू की गई थी, जिसका मुख्य उद्देश्य देश को स्वच्छ और स्वस्थ बनाना है. इस योजना के अंतर्गत शौचालय निर्माण और स्वच्छता का प्रचार-प्रसार प्रमुख उद्देश्यों में शामिल है.

**हाल झारखंड का** झारखंड को राजनीति की प्रयोगशाला कहा जाता है, क्योंकि राज्य ने कई मामलों मे रिकॉर्ड बनाया है

# झारखंड के 23 साल के सफर में 13 बार बदले मुख्यमंत्री

संवाददाता । रांची

झारखंड को राजनीति की प्रयोगशाला कहा जाता है. क्योंकि, झारखंड ने कई मायनों में रिकॉर्ड बनाया है. करीब 23 साल 08 माह की उम्र वाले इस राज्य में अब तक 13 बार मुख्यमंत्री बने और तीन राष्ट्रपति शासन लगा है. चार जुलाई को 13वें मुख्यमंत्री के रूप में हेमंत सोरेन के शपथ लेने के बाद राज्य में नई सरकार अस्तित्व में आई है. हालांकि, इसकी अधिकतम उम्र छह महीने ही होगी. झारखंड की मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल पांच जनवरी, 2025 को पूरा हो रहा है. ऐसा माना जा रहा है कि अक्टूबर में ही झारखंड में भी विधानसभा चुनाव हो सकता है. ऐसा होने पर इस सरकार का कार्यकाल तीन से चार महीने ही होगा. इसके पहले दो फरवरी को चम्पाई सोरेन के नेतृत्व में बनी सरकार का चैप्टर महज 152 दिनों में ही बंद हो गया.

मुख्यमंत्री के तौर पर हेमंत सोरेन ने अपनी तीसरी पारी शुरू की है. उनका अब तक का कुल कार्यकाल तकरीबन पांच साल 199 दिन का रहा है. वह आगामी विधानसभा चुनाव तक इस पद पर बने रहे तो उनके कार्यकाल में कुछ और दिनों का इजाफा हो जाएगा. झारखंड में मुख्यमंत्रियों का औसत कार्यकाल लगभग मात्र 1.5 साल का है. सिर्फ रघुवर दास ही राज्य के एकमात्र ऐसे मुख्यमंत्री रहे हैं, जिनकी सरकार ने 2014 से 2019 तक अपना कार्यकाल पूरा किया. वर्ष 2019 में हुए विधानसभा के चुनाव के बाद से अब तक राज्य में तीन सरकारें बन चुकी है. झारखंड के नाम ही यह नायाब राजनीतिक रिकॉर्ड भी है कि यहां निर्दलीय विधायक मधु कोड़ा भी मुख्यमंत्री रहे हैं. वह लगभग दो साल तक इस पद पर रहे. हेमंत सोरेन के पिता और झामुमो के अध्यक्ष शिबू सोरेन भी तीन बार मुख्यमंत्री बने लेकिन कभी कार्यकाल पूरा नहीं कर पाए. मुख्यमंत्री के तौर पर अपने पहले कार्यकाल में शिबू सोरेन सिर्फ 10 दिन ही इस कुर्सी पर बैठ पाए थे.

### विश्वास प्रस्ताव में नौ बार सरकारों ने बहुमत साबित किया

राज्य गठन के बाद से अब तक रिकॉर्ड 12 बाद सदन में फ्लोर टेस्ट हो चुका है. आठ जुलाई को 13वीं बार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन फ्लोर टेस्ट का सामना करेंगे. हेमंत सोरेन दो बाद डिप्टी मुख्यमंत्री रहते और एक दफा मुख्यमंत्र के रूप में फ्लोर टेस्ट पास कर चुके हैं. इस साल दो बार फ्लोर टेस्ट की परिस्थिति बनी है. पांच फरवरी को हेमंत सोरेन के इस्तीफे के बाद चम्पाई सरकार ने फ्लोर टेस्ट में विश्वास मत हासिल किया था. सदन में अबतक 12 बार तत्कालीन सरकारों द्वारा लाए गए विश्वास प्रस्ताव में नौ बार सरकारों ने बहुमत साबित किया. दो बार प्रस्ताव आने के बाद वोटिंग से पहले ही तत्कालीन मुख्यमंत्रियों ने इस्तीफा दे दिया था. एक बार वोटिंग की अनुमति ही नहीं दी गई थी. सदन में अबतक दो ही बार अविश्वास प्रस्ताव आया है. राज्य के पहले मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने सबसे पहले 23 नवंबर, 2000 को विश्वास प्रस्ताव लाकर बहुमत साबित किया था. इसके बाद 11 मार्च, 2005 को शिबू सोरेन ने विश्वास प्रस्ताव लाया था लेकिन प्रोटेम स्पीकर ने प्रस्ताव पेश करने की अनुमति नहीं दी. 15 मार्च, 2005 को अर्जुन मुंडा ने विश्वास मत हासिल किया था. 14 सितंबर, 2006 को अर्जुन मुंडा ने बहुमत नहीं होने के कारण सदन में इस्तीफा घोषणा की. 20 सितंबर, 2006 को मधु कोड़ा बहुमत साबित किया. 29 अगस्त, 2008 को स्टीफन मरांडी (तत्कालीन संसदीय कार्य मंत्री) का प्रस्ताव बहुमत से स्वीकृत हो गया. सात जनवरी, 2010 को रघुवर दास का (संसदीय कार्य मंत्री) प्रस्ताव बहुमत से स्वीकृत हो गया.

# लोकहित अधिकार पार्टी का कार्यकर्ता मिलन समारोह संपन्न

संवाददाता । हजारीबाग

लोकहित अधिकार पार्टी की ओर से कार्यकर्ता मिलन समारोह का आयोजन किया गया. अध्यक्षता जिला संयोजक नंदलाल साव ने की. संचालन जिला प्रभारी कुंज बिहारी साव ने किया.

प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि लोकहित अधिकार पार्टी सामाजिक न्याय आधारित पार्टी है. राज्य के 81 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का निर्णय लिया है. प्रदेश सचिव कुंज बिहारी साव ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ता काम करना शुरू कर दें. वहीं, सुरेंद्र अग्रवाल लोकहित अधिकार पार्टी में शामिल हुए. कहा कि लोकहित अधिकार पार्टी का संगठन विस्तार करेंगे. अग्रवाल के साथ गौतम वर्णवाल, संजीत लाल गुप्ता, संतोष कुमार पांडेय, किशोर कुमार शर्मा, निरंजन मेहता, संदीप यादव, आकाश कुमार, रंजन कुमार समेत कई लोग पार्टी में शामिल हुए.


मिलन समारोह में कई लोगों ने लोकहित पार्टी की सदस्यता ली.

## ईरान में उदारवादी राष्ट्रपति

ईरान में एक उदारवादी नेता की राष्ट्रपति चुनाव में जीत बेहद महत्वपूर्ण है. इस्लामी क्रांति के बाद से ईरान के भीतर उदारवादियों और अनुदारवादियों के बीच टकराव चलता रहा है. अनुदारवादी अब तक उदारवादियों पर जीत हासिल करते रहे हैं. दुनिया के इस प्राचीन सांस्कृतिक क्षेत्र की राजनीति का असर एशिया और अरब के देशों पर पड़ता है. पिछले कुछ समय से चीन, रूस और इरान का एक त्रिकोण बन रहा है. पश्चिमी देश इसे खतरनाक मानते हैं. प्रतिबंधों के बावजूद ईरान ने कई क्षेत्रों में अद्भुत प्रगति की है. इसके साथ ही क्षेत्रीय संतुलन को बनाने में उसकी भूमिका महत्वपूर्ण रही है. ईरान और सऊदी अरब के संबंधों में उतार चढ़ाव बना रहता है. फिलीस्तीन इजराइल युद्ध के कारण पश्चिम एशिया में तनाव का माहौल है. ऐसे समय एक उदारवादी नेता मसूद पेजेशकियान की जीत बेहद अहमियत वाली है. ईरान में सुधारवादी मसूद पेजेशकियान ने जीत हासिल की है, उन्होंने कट्टरपंथी नेता सईद जलीली को हराया. पेजेशकियान ने अपने चुनाव अभियान के दौरान ईरान के शिया धर्मतंत्र में कोई आमूलचूल परिवर्तन नहीं करने का वादा किया था और माना कि देश के सभी मामलों में अंतिम मध्यस्थ सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई ही होंगे. हालांकि पेजेशकियान की राह बिल्कुल भी आसान नहीं होने वाली है और उन्हें सुधारवादी कदमों के लिए सरकार में मौजूद कट्टरपंथी नेताओं की चुनौती से पार पाने के लिए खासा संघर्ष करना पड़ सकता है. ईरान में 5 जुलाई को राष्ट्रपति पद के लिए दूसरे चरण का मतदान हुआ, जिसमें करीब तीन करोड़ लोगों ने हिस्सा लिया. नतीजों में पेजेशकियान ने सईद जलीली को 30 लाख से ज्यादा वोटों से हराया. पेजेशकियान को चुनाव में 1.64 करोड़ वोट मिले, वहीं जलीली को 1.36 करोड़ लोगों ने वोट किया. मसूद पेजेशकियान ईरान के नौवें राष्ट्रपति हैं. ईरान में राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की बीती 19 मई को एक हेलीकॉप्टर हादसे में मौत हो गई थी. 28 मई को हुई पहले चरण की वोटिंग में किसी उम्मीदवार को बहुमत नहीं मिला. इसके बाद करीब 42 फीसदी वोट पाने वाले पेजेशकियान और 38 फीसदी वोट पाने वाले सईद जलीली के बीच दूसरे चरण का चुनाव हुआ. ईरान के संविधान के अनुसार, अगर पहले चरण के चुनाव में किसी उम्मीदवार को बहुमत नहीं मिला तो शीर्ष दो उम्मीदवारों के बीच दूसरे चरण का चुनाव होता है. 29 सितंबर 1954 को जन्मे मसूद पेजेशकियान पेशे से डॉक्टर हैं और वह ईरान की तबरीज मेडिकल यूनिवर्सिटी के प्रमुख रहे हैं. साल 1994 में एक कार हादसे में मसूद पेजेशकियान की पत्नी और बेटी की मौत हो गई थी. पेजेशकियान साल 1997 में ईरान के स्वास्थ्य मंत्री भी रह चुके हैं. मसूद पेजेशकियान ने साल 2011 में पहली बार ईरान के राष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन किया था, लेकिन बाद में अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली थी. पेजेशकियान की पहचान एक उदारवादी नेता की है और वह पूर्व राष्ट्रपति हसन रूहानी के करीबी माने जाते हैं. पेजेशकियान को हिजाब के सख्त कानून का विरोधी माना जाता है. मसूद पेजेशकियान पश्चिमी देशों के साथ संपर्क बनाए जाने के पक्षधर हैं.

ईरान में 5 जुलाई को राष्ट्रपति पद के लिए दूसरे चरण का मतदान हुआ, जिसमें करीब तीन करोड़ लोगों ने हिस्सा लिया. नतीजों में पेजेशकियान ने सईद जलीली को 30 लाख से ज्यादा वोटों से हराया.

### सुभाषित

**महाजनस्य संसर्गः कस्य नोन्नतिकारकः।**
**पद्मपत्रस्थितं तोयं धत्ते मुक्ताफलश्रियम्॥**

महान व्यक्तियों की संगति किसे उन्नति प्रदान नहीं करती? अर्थात् महान व्यक्तियों की संगति से उन्नति ही होती है. कमल के फूल पर पानी की बूंद मोती के समान दिखने लगता है (अर्थात् कमल की संगत से पानी मोती बन जाता है. इसलिए महान लोगों की संगति की जानी चाहिए.

# आस्था के कारोबार पर अंकुश जरूरी

**उत्तर प्रदेश के हाथरस जिले में एक सत्संग कार्यक्रम में मची भगदड़ में 134 लोगों की मौत हो गई. जिम्मेदारी लेने को कोई तैयार नहीं. आखिर कबतक होते रहेंगे ऐसे हादसे. देश की अनपढ़ और गरीब जनता ही नहीं आज के भौतिकवादी युग में बड़े-बड़े लोग कथित बाबाओं के चंगुल में फंस चुके हैं. इसी की वजह से देश में बिना किसी रोक-टोक के आस्था का कारोबार चल रहा है. इस तरह का हादसा कोई पहली बार नहीं हुआ, ऐसा पहले भी हो चुका है और आगे भी होता रहेगा.**



• देश-काल



बृजेंद्र दुबे

कहीं किसी बाबा के प्रवचन में गर्मी से बेहाल भक्तों का मूर्छित हो जाना और जान चली जाना. कहीं किसी धार्मिक कार्यक्रम में भगदड़ में रौंदे जाने से मौतें. अभी हाथरस में स्वयंभू बाबा नारायण साकार हरि भोले बाबा के सत्संग में मची भगदड़ में 134 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई. अस्पताल शवों से अट-पट गए. मौत का आंकड़ा देखते-देखते बढ़ता ही चला गया. आम लोगों की जान इतनी सस्ती है कि हादसे पर हादसे होते रहते हैं, मौतें होती रहती हैं लेकिन शोक की रस्म अदायगी, कड़ी कार्रवाइयों के बुलबुलानुमा शोर से ज्यादा कुछ नहीं होता. न हम सबक सीखते हैं और न ही सरकार. सरकार की नींद बीच-बीच में इस तरह के हादसों के बाद ही टूटती है. हाल के वर्षों में इस तरह के कार्यक्रमों में हुए बड़े हादसों पर नजर डालिए. फरवरी 1997 में ओडिशा के बाड़ीपाड़ा में धार्मिक कार्यक्रम के दौरान आग लगने से 206 लोगों की मौत. जनवरी 1999 में सबरीमाला मंदिर में भगदड़ से 52 लोगों की मौत. 2003 में नासिक महाकुंभ में भगदड़ के दौरान 29 की मौत. 2005 में महाराष्ट्र के सतारा में धार्मिक यात्रा के दौरान भगदड़ में 293 की मौत. अगस्त 2008 में हिमाचल के नैना देवी मंदिर में भगदड़ से 162 की मौत. सितंबर 2008 में जोधपुर के चामुंडा देवी मंदिर में भगदड़ से 249 लोगों की मौत. मार्च 2010 में यूपी के प्रतापगढ़ में एक आश्रम में 65 की मौत. 2011 में सबरीमाला मंदिर में भगदड़, 102 की मौत. फरवरी 2013 में महाकुंभ के दौरान इलाहाबाद (अब प्रयागराज) के रेलवे स्टेशन पर भगदड़ से 23 की मौत. अक्टूबर 2013 में एमपी के दतिया में एक मंदिर में मची भगदड़ में 121 की मौत. जनवरी 2022 में वैष्णो देवी मंदिर मार्ग पर भगदड़ से 12 की मौत. मार्च 2023 में इंदौर के एक मंदिर में हादसे से 36 लोगों की मौत. ये बीते कुछ दशकों में धर्मस्थलों या धार्मिक कार्यक्रमों में हुए हादसे, खासकर भगदड़ में मौत के मामले हैं.

इस देश में आम लोगों की जिंदगी से सस्ती कुछ भी नहीं. ये यूं ही नहीं कह रहे. क्या आपने कभी सोचा है कि इस तरह के भगदड़ धार्मिक कार्यक्रमों, धर्मस्थलों या मजहबी जलसों में ही क्यों होती हैं? म्यूजिक कॉन्सर्ट हो या स्पोर्ट्स स्टेडियम या फिर चुनावी रैलियां...भीड़ तो वहां भी जुटती हैं, लेकिन वहां तो इस तरह के हादसे आम नहीं है. वजह यही है कि वहां बदइंतजामी नहीं होती, लोगों को उनके हाल पर नहीं छोड़ा जाता, क्राउड मैनेजमेंट के पुख्ता इंतजाम होते हैं. लेकिन धार्मिक कार्यक्रमों में बदइंतजामी का ही बोलबाला रहता है, कुंभ या महाकुंभ जैसा आयोजन अपवाद हो सकते हैं. हाथरस में क्या हुआ? सैकड़ों-हजारों नहीं बल्कि लाख-दो लाख की भीड़ जुटी थी. न व्यस्थित ढंग से एंट्री की व्यवस्था थी और न ही एग्जिट की. क्राउड मैनेजमेंट के नाम पर कुछ पुलिसवाले तैनात थे. इतनी बड़ी भीड़ के जुटान और मौके पर एक भी एंबुलेंस नहीं. अग्निशमन की कोई व्यवस्था नहीं. खेत में पंडाल बना दिया गया. पंडाल तक जाने वाल रास्ते का अता-पता नहीं. अगर रास्ता जैसा कुछ था भी तो हल्की सी ही बारिश के बाद फिसलन भरे कीचड़ में तब्दील हो चुका था. ये सबकुछ हादसे को दावत देने की ही तरह था.

आजकल स्वयंभू बाबा, कथित चमत्कारिक धर्मगुरु चाहे जिस भी धर्म से धर्म से ताल्लुक रखते हों, ने धर्म को अब कारोबार बना दिया है. आस्था का बाजार सजा रहे हैं. ज्यादा से ज्यादा भीड़ जुटाने को दुकान सजाने की तरह देख रहे. जितनी ज्यादा भीड़, उस कथित बाबा की उतनी ज्यादा ब्रांड वैल्यू. हाथरस के मामले को ही देख लीजिए. बताया जा रहा है कि 80 हजार लोगों भीड़ के लिए प्रशासन से इजाजत मांगी गई थी, लेकिन भीड़ जुटी लाख में. प्रशासन भी जैसे कुंभकर्णी नींद में सोया रहा. ऐसे कार्यक्रमों को इजाजत देने के बाद आखिर ये देखना किसकी जिम्मेदारी है कि जिन शर्तों पर मंजूरी दी गई है, उनका पालन हो रहा है या नहीं. क्या प्रशासन इजाजत देकर भूल जाता है. वहां लाख-दो लाख की भीड़ कैसे जुटने दी गई. हाथरस कांड सीधे-सीधे घोर प्रशासनिक लापरवाही का नतीजा है.

लेकिन क्या ऐसे हादसों के लिए सिर्फ प्रशासनिक लापरवाही ही जिम्मेदार होती है? नहीं, ऐसा नहीं है. अगर हर तरह के जरूरी इंतजाम कर भी कर लिए जाएं, तब भी इस बात की गारंटी नहीं है कि इस तरह के हादसे नहीं होंगे. इसकी वजह भीड़ का पागलपन है, जुनून है. आस्था ठीक है, लेकिन अंध आस्था खतरनाक है. आस्था को तर्क की कसौटी पर नहीं कसा जाना चाहिए, लेकिन चमत्कार की आस में पागलपन को आस्था तो नहीं ही कहा जा सकता. हाथरस वाले स्वयंभू बाबा के चरणरज यानी उनके पैरों की धूल को सिर से लगाने के लिए अनुयायियों में होड़ लगी रहती है. चलते वक्त जमीन पर पड़े जूते के निशान के नीचे की धूल तो छोड़िए, बाबा की गाड़ी के पहिए जिस लीक से गुजरते हैं, उसे तक सिर से लगाने की होड़ लगी रहती है. ये पागलपन नहीं तो और क्या है. हाथरस कांड का दोहराव न हो, इसके लिए जरूरी है कि आस्था के बेरोक-टोक कारोबार पर अंकुश लगे. भीड़ को बाबा अपनी ब्रांड वैल्यू बढ़ाने का औजार बनाने की कोशिश करेंगे, लेकिन इस पर अंकुश लगाना होगा. जरूरी है कि ऐसे कार्यक्रमों में लोगों की जुटान पर एक पाबंदी लगाई जाए. कोई एक संख्या तय करनी होगी, जिससे ज्यादा भीड़ जुटाने की इजाजत किसी भी कीमत पर न दी जाए. लेकिन सबसे जरूरी है सरकार और प्रशासन का कुंभकर्णी नींद से जागना. आम लोगों को यूं ही मरने के लिए नहीं छोड़ा जा सकता.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## • बोधि-वृक्ष

सुज्ञ



### धर्म और शांति

यदि धर्म नहीं होता तो ये झगडे नहीं होते और मनुष्य शान्ति और प्रेम पूर्वक रहते. सारे झगड़ों की जड़ यह धर्म ही है और कोई नहीं. इसे ही पोषित करने में सारे संसाधन व्यय होते हैं, अन्यथा इन्सान आनंद और मौज में जीवन बिताए". लोग अक्सर ऐसा कहते पाए जाते हैं. जबकि धर्म तो शान्ति, समता, सरलता और सहनशीलता आदि सद्गुणों की शिक्षा देता है. धर्म लड़ाई झगड़े करना नहीं सिखाता. फ़िर धार्मिकजनों में यह लड़ाई झगड़े और ईर्ष्या द्वेष क्यों? वास्तव में जो सच्चा धर्म होगा वह कभी भी लड़ाई-झगड़े नहीं कराएगा. जो मनुष्य मनुष्य में वैर-विरोध कराए, वह धर्म नहीं हो सकता. यह स्वीकार करते हुए भी उपरोक्त विचार समुचित नहीं लगता. कुछ ऐसे 'धर्म' नामधारी मत है जो विपक्षी से लड़ना, युद्ध करना, पशु-हत्या करना, ईश्वर की राह में लड़ने को प्रेरित करना आदि का विधान करते है, किन्तु यहां हम उन पंथों की बात नहीं करते. क्योंकि उनका आत्म विशुद्धि से कुछ भी लेना देना नहीं है, उनका लक्ष्य भौतिकवाद है. वे तो राज्य, सम्पत्ति, अधिकार, अहंपूर्ति, भोगसाधन की प्राप्ति, उसकी रक्षा एवं वृद्धि की कामना लिए हुए है. मिथ्या मतों में अज्ञान ही प्रमुख कारण है. ऐसे मत दूसरे संयत धर्मानुयायिओं में भी विद्वेष फैलाने का कार्य करते हैं. "फिर आत्म शुद्धि और सद्भाव धर्म वाले अनुयायी आपस में लड़ते झगडते क्यों है" प्रश्न उठना स्वाभाविक है. यदि चिंतन किया जाय तो स्पष्ट ज्ञात होता है कि सभी झगड़े धर्म के कारण नहीं, बल्कि स्वयं मानव मन में रहे हुए कषाय कलुष एवं अहंकार के निमित होते है. वे धर्म को तो मात्र अपनी अहं-तुष्टि में हथियार बनाते है. उन्हें तो बस कारण बनाना है. यदि धर्म न होता तो वे और किसी अन्य पहचान प्रतिष्ठा को कारण बना देते. वैसे भी राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक कारण से झगडे होते ही है. पर उन्हें संज्ञावाची बदनामी नहीं मिलती. संसार में करोड़ों कम्युनिस्ट, धर्म-निरपेक्ष, नास्तिक आदि हैं. क्या उनमें झगड़े नहीं होते? धर्म की अनुपस्थिति में भी वहां झगड़े क्यों? अधर्मी कम्युनिस्टों की ध्येय प्राप्ति का तो साधन ही हिंसा है. यदि उनके जीवन में धर्म का स्थान होता तो वे हिंसा को आवश्यक साधन न मानते. यही कलुषित इरादों वाले अधर्मी-त्रय, धर्म को निशाना बनाकर अपना हित साधते हैं. क्योंकि उनके लिए निज स्वार्थ सर्वोपरि है, नीतिमान बने रहना उनके लिए धार्मिक बंधन है, रास्ते का कांटा है. ऐसे में जब इन्हें दिखावटी धार्मिक अहंकारी मिल जाते है, धर्म को निंदित कर उसे रास्ते से हटाने का इनका प्रयोजन सफल हो जाता है. अतः इन सभी झगड़ों का मूल कारण मनुष्यों की अपनी मलीन वृत्ति है.

# लोकतंत्र के लिए मजबूत विपक्ष जरूरी

• सियासत

विश्वनाथ सचदेव

आखिरकार लोकसभा में विपक्ष के नेता की आवाज़ सुनाई दे ही गयी. ऐसा नहीं है कि राहुल गांधी पहले संसद में बोले नहीं थे, पर तब वह कांग्रेस के एक नेता के रूप में ही बोलते थे, पर अब उनकी आवाज़ पूरे विपक्ष की आवाज़ मानी जायेगी और जैसा कि प्रधानमंत्री ने कहा है, 'लोकतांत्रिक परंपराओं का तकाज़ा है कि वे नेता प्रतिपक्ष की बात ध्यान से सुनें', सोमवार को लोकसभा में दिये गये राहुल गांधी के भाषण को इस दृष्टि से देखा-सुना जायेगा. पिछले दस साल में हमारी लोकसभा में प्रतिपक्ष तो था, पर नियमों के अनुसार नेता प्रतिपक्ष किसी को नहीं चुना जा सकता था. चुनावों में भाजपा को मिली सफलता इतनी 'भारी' थी कि विपक्ष की आवाज़ दब-सी गयी थी. इस बार ऐसा नहीं है. इस बार मतदाता ने भाजपा को सदन में सबसे बड़ा दल तो चुना है, पर उसे इतनी ताकत नहीं दी कि वह अपनी मनमानी कर सके. आज देश में एक मिली-जुली सरकार है. बैसाखियों के सहारे चल रही है भाजपा के नेतृत्व वाली यह सरकार. भाजपा को सबसे बड़े दल के रूप में चुनने वाले मतदाता ने कांग्रेस को इतनी सीटें दे दी हैं कि उसका नेता सदन में प्रतिपक्ष के नेता के रूप में काम कर सके. सत्तारूढ़ पक्ष और विपक्ष का यह संतुलन जनतंत्र को मज़बूत बनाने वाला है. उम्मीद की जानी चाहिए कि भाजपा का नेतृत्व स्थिति को समझते हुए जनतांत्रिक मर्यादाओं के अनुरूप कार्य करेगा और विपक्ष से भी यही उम्मीद की जाती है कि वह सकारात्मक भूमिका निभायेगा. संसद के दोनों सदनों में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव के संदर्भ में हुई बहस से देश को ऐसी ही उम्मीद जगी है. चूंकि लोकसभा में दस साल बाद कोई नेता प्रतिपक्ष बना है इसलिए यह उत्सुकता होनी स्वाभाविक थी कि राहुल गांधी सदन में क्या और कैसे कहते हैं. नेता प्रतिपक्ष ने अपनी बात लगभग सौ मिनट में पूरी की और ऐसे अनेक मुद्दे उठाये जो मतदाता को सीधा प्रभावित करते हैं. नेता प्रतिपक्ष के रूप में उन्होंने जिस तरह से अपनी बात रखी उसने बहुतों को प्रभावित किया होगा. यह कतई ज़रूरी नहीं है कि उनकी बातों से सहमत हुआ ही जाये, पर इतना तो स्वीकारना ही होगा कि राहुल गांधी ने अपनी बात मज़बूती से देश के सामने रखी है और जो मुद्दे उन्होंने उठाये हैं वह सत्तारूढ़ गठबंधन को बेचैन करने वाले हैं. यह बात अपने आप में कम महत्वपूर्ण नहीं है कि राहुल गांधी के वक्तव्य के दौरान प्रधानमंत्री और गृहमंत्री समेत छह केंद्रीय मंत्रियों को खड़े होकर प्रतिवाद करने के लिए बाध्य होना पड़ा. नेता प्रतिपक्ष के रूप में राहुल गांधी का यह भाषण हमारी राजनीति में बहुत दिन तक गूंजेगा. भाजपा एक अर्से से, कम से कम पिछले दस साल से, यह असफल कोशिश करती रही है कि राहुल गांधी को राजनीति के लिए अपरिपक्व समझा जाये. पर आज सदन में उन्होंने जिस परिपक्वता का परिचय दिया है. वह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि अब वह पहले वाले राहुल गांधी नहीं रहे. अपनी भारत जोड़ो यात्राओं के माध्यम से भी वह यह जताने में सफल रहे कि अब वह जन-मानस से सीधे जुड़ने की कला सीख चुके हैं. अब नेता प्रतिपक्ष के रूप में उनके इस भाषण ने नई उम्मीद जगायी है. कोई ज़रूरी नहीं कि उनकी हर बात से सहमत हुआ जाये, पर यह समझना ज़रूरी है कि उनकी बातों में दम है. अब वह पहले वाले राहुल गांधी नहीं रहे. उन्हें हल्के में नहीं लिया जा सकता. एक और बात जो रेखांकित की जानी चाहिए, वह जनतंत्र में प्रतिपक्ष की भूमिका के बारे में है. एक कमज़ोर विपक्ष जनतंत्र के लिए किस तरह खतरनाक हो सकता है, यह बात हम पिछले दस साल में देख चुके हैं. ऐसे में सबसे बड़ा खतरा सत्ता के बेलगाम होने का होता है. जनतंत्र में प्रतिपक्ष का काम सत्ता के क्रिया-कलाप पर नज़र रखने का होता है. कमज़ोर प्रतिपक्ष यह काम आशा और आवश्यकता के अनुरूप नहीं कर सकता. यह स्थिति सत्ताधारी में अहंकार लाने वाली होती है. इसीलिए यह कामना की जाती है कि सत्ता और विपक्ष के बीच में एक संतुलित समीकरण बने. इस संतुलन में एक मज़बूत विपक्ष की भूमिका सर्वाधिक महत्वपूर्ण होती है. विपक्ष जागरूक हो और अपने कर्तव्यों का निर्वहन ईमानदारी से करे, यह सफल जनतंत्र की एक महत्वपूर्ण शर्त है.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

आज देश में एक मिली-जुली सरकार है. बैसाखियों के सहारे चल रही है भाजपा के नेतृत्व वाली यह सरकार. भाजपा को सबसे बड़े दल के रूप में चुनने वाले मतदाता ने कांग्रेस को इतनी सीटें दे दी हैं कि उसका नेता सदन में प्रतिपक्ष के नेता के रूप में काम कर सके. सत्तारूढ़ पक्ष और विपक्ष का यह संतुलन जनतंत्र को मज़बूत बनाने वाला है.

# वायु प्रदूषण से हर साल 33 लाख की मौत

• वायु प्रदूषण

रोहित कुमार

एक नए अध्ययन में पाया गया है कि 2008 से 2019 के बीच हर साल 10 भारतीय शहरों में लगभग 33,000 मौतें विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के दिशा-निर्देशों से अधिक वायु प्रदूषण के स्तर के कारण हुई हैं. अध्ययन के अनुसार, वर्तमान भारतीय वायु गुणवत्ता मानकों से नीचे का प्रदूषण स्तर भी दैनिक मृत्यु दर में वृद्धि का कारण बनता है. द लैंसेट प्लैनेटरी हेल्थ पत्रिका में गुरुवार को प्रकाशित यह अध्ययन भारत में अल्पकालिक वायु प्रदूषण जोखिम और मृत्यु के बीच संबंध का आकलन करने वाला पहला कई शहरों के अध्ययन पर आधारित है. इसने दस शहरों में PM2.5 (2.5 माइक्रोमीटर से कम व्यास वाले अल्ट्राफाइन पार्टिकुलेट मैटर) के संपर्क और 2008 से 2019 के बीच दैनिक मृत्यु दर का आकलन किया. अध्ययन में पाया गया कि मुंबई, बेंगलुरु, कोलकाता और चेन्नई जैसे शहरों में भी, जहां प्रदूषण का स्तर अपेक्षाकृत कम है, मृत्यु दर में उल्लेखनीय वृद्धि प्रदूषण के संपर्क के कारण हो सकती है, जो भारत की निगरानी एजेंसियों द्वारा निर्धारित कम प्रदूषण मानकों की ओर इशारा करता है. हाल के वर्षों में, सबसे अच्छी वायु रिकॉर्डिंग वाले शहर भी दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों की वैश्विक सूची में शामिल हो गए हैं. स्विस वायु गुणवत्ता निगरानी निकाय द्वारा जारी विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट 2023 के अनुसार, भारत को बांग्लादेश और पाकिस्तान के बाद वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे प्रदूषित देश घोषित किया गया था. रिपोर्ट की शीर्ष 50 सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में, 42 शहर भारत के थे.नई दिल्ली स्थित स्वतंत्र शोध संगठन सस्टेनेबल फ्यूचर्स कोलैबोरेटिव के फेलो और पेपर के मुख्य लेखक भार्गव कृष्ण ने कहा कि निष्कर्ष वायु प्रदूषण के स्तर को कम करने में भारतीय राज्यों की अक्षमता को रेखांकित करते हैं. "हमारा विश्लेषण मुंबई, बेंगलुरु, कोलकाता और चेन्नई जैसे पहले कम प्रदूषित माने जाने वाले शहरों में भी मृत्यु पर वायु प्रदूषण के पर्याप्त प्रभावों को उजागर करता है."अध्ययन से पता चला है कि 2008 से 2019 के बीच, अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, हैदराबाद, कोलकाता, मुंबई, पुणे, शिमला और वाराणसी में सभी मौतों में से 7.2 प्रतिशत – जो हर साल लगभग 33,000 थी – का संबंध अल्पकालिक PM2.5 के एक्सपोजर की वजह से हो सकता है, जो डब्ल्यूएचओ के दिशा-निर्देश मान 15 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर से अधिक है.निष्कर्षों ने यह भी उजागर किया कि प्रत्येक मामले में, अल्पकालिक एमपी 2.3 एक्सपोज़र में 10 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर की वृद्धि दैनिक मौतों में 1.42 प्रतिशत की वृद्धि से जुड़ी थी. प्रदूषण के विशिष्ट स्थानीय स्रोतों के कारण यह अनुमान लगभग दोगुना होकर 3.57 प्रतिशत हो गया.विभिन्न सुझावों को सूचीबद्ध करते हुए, शोधकर्ताओं ने कहा कि भारत में वायु प्रदूषण नीति वर्तमान में 'गैर-प्राप्ति शहरों' पर केंद्रित है, जो वर्तमान भारतीय मानकों को पूरा करने में विफल हैं. हालांकि, चूंकि PM2.5 के लिए वर्तमान भारतीय मानक स्वयं डब्ल्यूएचओ के वर्तमान दिशानिर्देश मान 15 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर से चार गुना अधिक है, इसलिए इन शहरों से परे कई और क्षेत्रों के लोग भी असुरक्षित हैं. स्वीडन के कारोलिंस्का इंस्टीट्यूट में एसोसिएट प्रोफेसर और अध्ययन में शामिल शोधकर्ताओं में से एक डॉ. पीटर लजुंगमैन ने रिपोर्ट जारी करने के दौरान कहा, "भारत में हम जो वायु प्रदूषण का स्तर देखते हैं, वह वास्तव में बहुत अधिक है, और यह अध्ययन स्पष्ट रूप से दिखाता है कि इन स्तरों में दिन-प्रतिदिन के बदलाव से किस तरह से मृत्यु दर में काफी वृद्धि होती है." "दिलचस्प बात यह है कि हमने देखा कि स्थानीय प्रदूषण स्रोत के अधिक दूर के स्रोतों की तुलना में अधिक विषाक्त होने की संभावना है, जिसका मानव स्वास्थ्य से जुड़े इस अति प्रासंगिक मामले को लेकर नीति निर्माताओं पर प्रभाव पड़ता है." शोधकर्ताओं ने कहा कि इसके लिए पूरे साल कार्रवाई पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है, न कि केवल जब चरम मौसमी स्थितियां होती हैं तब. मृत्यु दर के जोखिम का एक बड़ा हिस्सा कम से मध्यम पीएम 2.5 स्तरों से जुड़ा हुआ है, जो उच्च स्तरों पर जोखिम को कम करता है. रिपोर्ट के अनुसार, ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) जैसे मौजूदा हस्तक्षेप प्रदूषण की चरम सीमाओं पर ध्यान केंद्रित करते हैं और साल भर की कार्रवाई पर ध्यान केंद्रित करने के लिए उन्हें फिर से समायोजित किया जाना चाहिए.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

हाल के वर्षों में, सबसे अच्छी वायु रिकॉर्डिंग वाले शहर भी दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों की वैश्विक सूची में शामिल हो गए हैं. स्विस वायु गुणवत्ता निगरानी निकाय द्वारा जारी विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट 2023 के अनुसार, भारत को बांग्लादेश और पाकिस्तान के बाद वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे प्रदूषित देश घोषित किया गया था.

## मीडिया में अन्यत्र

### 64 फीसदी इंजीनियर रोजगार पाने योग्य

**भारत** के रोजगार क्षेत्र का एक बड़ा विरोधाभास यह है कि जहां एक ओर बेरोजगारी बड़ी चुनौती बनी हुई है, वहीं देश के संभावित बड़े नियोक्ताओं की शिकायत है कि उन्हें काम करने के लिए श्रमिक नहीं मिल रहे हैं.गत सप्ताह लार्सन ऐंड टुब्रो के चेयरमैन एस एन सुब्रमण्यन ने कहा कि इंजीनियरिंग क्षेत्र की इस दिग्गज कंपनी को कुल मिलाकर 45,000 श्रमिकों और इंजीनियरों की जरूरत है. इस मामले में एलऐंडटी कोई अपवाद नहीं है. पूरे भारत की बात करें तो पूर्व में स्टील निर्माताओं से लेकर टेक्सटाइल हब तिरुपुर तक कंपनियों को मशीन ऑपरेटर, वेल्डर, फिटर, वाहन चालक, टेक्नीशियन, कारपेंटर और प्लंबर जैसे साधारण कामों के लिए कुशल श्रमिक तलाशने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. यह कमी केवल ऑर्डर बुक के विस्तार, चुनावों या गर्मियों की वजह से नहीं है जिन्होंने श्रमिकों को वापस उनके गांव भेज दिया. यह देश के श्रम बाजार की एक पुरानी कमजोरी का परिणाम है जिसकी वजह से वेतन और लागत में ऐसे समय में इजाफा हो रहा है, जब निजी क्षेत्र का निवेश अभी भी अपेक्षाकृत कमजोर है. यह कमी उस समय और बढ़ जाती है जब हम मूल्य श्रृंखला में ऊपर जाते हैं. उस स्थिति में कंपनियों के अंतर को पाटने के लिए विदेशों खासकर चीन से तकनीशियनों और इंजीनियरों को बुलाना पड़ता है. इस कमी की प्रमुख वजह शिक्षा और प्रशिक्षण की खराब गुणवत्ता है. इससे कंपनियों को इंजीनियरों और तकनीकी कर्मचारियों के प्रशिक्षण की अतिरिक्त लागत वहन करनी पड़ती है. ताजा इंडिया स्किल्स रिपोर्ट के अनुसार करीब 64 फीसदी इंजीनियरिंग ग्रेजुएट रोजगार पाने योग्य हैं और इनमें से 40 फीसदी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों यानी आईटीआई से आते हैं. कुल मिलाकर करीब आधे युवाओं के पास ही रोजगार पाने लायक कौशल है.दिलचस्प है कि यह हतोत्साहित करने वाली तस्वीर भी 2014 की तुलना में बेहतर है. उस समय केवल 33.9 फीसदी युवा ही रोजगार पाने लायक थे. यह सुधार सरकार के प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना तथा अप्रेंटिस एवं अन्य योजनाओं की बदौलत आया. इस प्रगति के बावजूद रिपोर्ट में संकेत दिया गया है कि बाजार को कुशल श्रमिक उपलब्ध कराना एक बड़ी चुनौती बना हुआ है.यह बताती है कि केवल दो फीसदी श्रमिकों के पास औपचारिक व्यावसायिक प्रशिक्षण है और नौ फीसदी के पास अनौपचारिक व्यावसायिक प्रशिक्षण है. इसके अलावा सरकार के कौशल कार्यक्रमों में भी गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षकों या प्रमाणन की कमी है. इसके परिणामस्वरूप प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के तहत प्रशिक्षित 20 फीसदी से भी कम लोगों को कंपनियों में रोजगार मिल पाया.



**(बिजनेस स्टैंडर्ड)**

## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### शुरुआत/शुरूआत

**शब्द** है शुरुआत. इसे कुछ लोग शुरूआत के रूप में भी लिखते हैं. इन दोनों में कौन सही है, यह विचारणीय है. विचार-विमर्श की शुरुआत इस गाने से करते हैं-अजीब दास्तां है ये, कहां शुरू कहां खतम, ये मंजिलें हैं कौन सी, ये तुम समझ सके न हम. आपने गौर किया होगा कि लता मंगेशकर जब इस गाने को गाती हैं तो 'शुरू' के आखिरी अक्षर रू पर जोर देती हैं. यानी उसके उच्चारण में ह्रस्व मात्रा की तुलना में दोगुना समय लगाती हैं. हम जब भी 'शुरू' कहते हैं तो हम भी ऐसा ही करते हैं, लेकिन हममें से कई लोग इसे लिखने में भूल कर जाते हैं और इसका अंतिम अक्षर रू के बजाय रु लिख देते हैं. वस्तुतः शब्द शुरू ही है, शुरु नहीं. शुरू का अर्थ है आरंभ, आगाज, श्रीगणेश, किसी कार्य के आरंभ करने या होने की क्रिया. शुरू से ही बनता है शब्द शुरुआत. दिलचस्प बात यह है कि शुरुआत शब्द बना तो शुरू से ही, लेकिन इसका प्रारंभ शुरू से नहीं होता. मतलब यह कि शुरू का रू शुरुआत में आकर रु हो जाता है. रेख्ता, मद्दाह आदि उर्दू के शब्दकोशों में शुरूआत को ही सही माना गया है, ज्ञानमंडल सहित हिंदी के विभिन्न शब्दकोश शुरुआत को सही मानते हैं. चूंकि ज्ञानमंडल के शब्दकोश को हिंदी जगत प्रामाणिक मानता है, इसलिए शुरुआत को ही सही मान चुका है. ज्ञानमंडल के कोशकार का तर्क यह है कि मूल अरबी शब्द है शुरुअ. इसलिए उसका बहुवचन रूप शुरुआत होना चाहिए. जैसे सवाल का सवालात, कागज का कागजात, जज्बा का जज्बात आदि. वैसे शुरुआत शब्द का प्रयोग अक्सर एकवचन के तौर पर ही होता है. हिंदी व्याकरण के अनुशासन के अनुसार दूसरी भाषाओं के शब्दों का बहुवचन रूप हिंदी के नियमानुसार ही सही माना जाता है. इस प्रकरण में हिंदी जगत में प्रचलन और स्वीकार्यता के आधार पर निष्कर्षतः शुरुआत का ही प्रयोग उचित है.


# देश में नीट और डर्टी का चक्कर

• तीर-तुक्का

डॉ. सुरेंद्र वर्मा



मुझे घोटाओं की चिंता सता रही थी. तमाम तरह के घोटालों का अध्ययन करने के बाद मुझे ऐसा लगा कि घटित होने वाले घोटालों को दो वर्गों में विभाजित किया जा सकता है. कुछ घोटाले बड़े साफ़-सफाई से घटित किए जाते हैं. उन्हें मैं 'नीट' कहता हूं. कुछ अन्य घोटाले अत्यन्त गंदे और घृणित ढंग से घटित होते हैं, उन्हें मैं 'डर्टी' कहता हूं. मास्टर आदमी ठहरा. बच्चों की कापियां जांचता रहा हूं. साफ़-सुथरी कापी को 'नीट' (भले ही उसमें सवाल गलत ही क्यों न हों) और गंदी लिखावट की कापी को (भले ही सवालों का जवाब उसमे सही ही क्यों न हो ) 'डर्टी' लिखता रहा हूं. तमिलनाडु का किस्सा है. वहां एक सीधी-सादी लेकिन प्रतिभाशाली लड़की को मेडिकल में प्रवेश के लिए "नीट" की परीक्षा देनी पडी, लेकिन वह इतनी डर्टी साबित हुई कि छात्रा ने आत्महत्या कर ली. तमिलनाडु में अभी तक "नीट' परीक्षा नहीं होती थी और स्टेट बोर्ड की बारहवीं की परीक्षा के अंकों के आधार पर मेडिकल में प्रवेश मिल जाता था. इस छात्रा ने 12वीं में 98 फीसदी अंक पाए थे और सोच रही थी कि उसे मेडिकल में प्रवेश मिल ही जाएगा. तमिलनाडु की राजनीति में आखिर तक यह बहस चलती रही कि छात्रों को नीट की परीक्षा दिलवाई जाए या नहीं. अंततः हां-ना करते हुए नीट के पक्ष में निर्णय बड़ी सफाई से ले लिया गया. लेकिन राज्य की राजनीति के इस चौसर पर मेधा बलिदान हो गई. ज़ाहिर है बड़ी सफाई से जो निर्णय लिए जाते हैं साफ़-सुथरे नहीं होते. 'नीट' भले ही हों ! राम रहीम काण्ड ही ले लीजिए. हज़रत ने अपना मूल नाम बदल के 'राम रहीम' रख लिया. राम भक्त भी खुश, रहीम भक्त भी खुश. अपनी जन्म तिथि बदल कर 15 अगस्त कर ली. स्वतंत्रता दिवस को अपना जन्म बताते ही बन्दा स्वच्छंद हो गया. बड़ी सफाई से अकूत संपत्ति इकट्ठी कर ली. खुद कृष्ण बनकर ढेरों भक्त इकट्ठे कर लिए. अनेक भक्तिनें राधा बन गईं. भक्तों को 'राम रहीम' की रक्षा के लिए हथियार बंद किया गया, ताकि 'डेरा' सुरक्षित रह सके. शासकों और राजनीतिज्ञों के लिए ऐश के सारे इंतज़ाम किए गए. ये सारा काम इतनी सफाई से किया गया कि आम जनता राम रहीम को भगवान ही समझ बैठी. भोली थी बेचारी ! लेकिन 'घर का भेदी लंका ढाए' को चरितार्थ करते हुए राधा का रोल निभाने वाली दो तथाकथित भक्तिनों ने 'डेरे' की सारी पोल खोल दी. सफाई से बनाया गया डेरा दाग-दाग हो गया. भगवान जेल के अन्दर पहुंच गए. साफ़-सुथरा इतना गंदा भी हो सकता है, किसी को अहसास नहीं था ! वो कहते हैं न, हर चीज़ जो चमकती है सोना नहीं होती. हम लोग अक्सर भूल जाते हैं, जो नीट है अन्दर ही अन्दर डर्टी भी हो सकता है और जो ऊपर से देखने में डर्टी है, वह नीट भी होता है.



डॉ कुमार संजय
शिक्षाविद

**कुछ बातें स्ट्रिक्टली नो-नो के अंतर्गत आती हैं अर्थात उन्हें भूलकर भी नहीं करना चाहिए. कुछ लोग जाने-अनजाने में यह गलतियां कर बैठते हैं और कोपभाजन के शिकार होते हैं. आईए जानते हैं, कौन-कौन सी बातें इस स्ट्रिक्टली नो-नो के अंतर्गत आती हैं-**

मोटिवेशन

# स्ट्रिक्टली नो-नो



## किचन में प्रवेश

मियां की दौड़ मस्जिद तक और मेहमानों की पहुंच ड्राइंग रूम तक. जी हां, किसी भी मेहमान की एंट्री सिर्फ ड्राइंग रूम तक ही होती है. किसी के यहां भी जाइए, तो जूता-चप्पल बाहर उतार कर, ड्राइंग रूम में बैठिए, बातें कीजिए. कुछ लोग होस्ट की सहायता करने की नीयत से किचन में प्रवेश कर जाते हैं. जी नहीं, जब तक होस्ट आपको किचन में आने को न बोले, आप किचन में प्रवेश न करें. इसका मुख्य कारण है, कई बार किचन बहुत साफ-सुथरा, व्यवस्थित नहीं रहता. ऐसे में किसी गेस्ट का किचन में प्रवेश होस्ट को बहुत नागवार गुजरता है. यही बात बेडरूम के साथ भी लागू होती है. किसी के बेडरूम में डायरेक्ट प्रवेश न करें. बॉटम लाइन यह है कि ड्राइंग रूम छोड़कर हमें किसी भी कमरे में नहीं जाना चाहिए, जब तक की होस्ट न बोले.

## लिपस्टिक, कंघी, मेकअप किट

महिलाएं लिपस्टिक, कंघी, हैंकी, टावल, मेकअप किट को लेकर बहुत फसी होती हैं. कोई उनकी इन चीजों को टच करे, इस्तेमाल तो दूर की बात है, बिलकुल पसंद नहीं करतीं. इसलिए अगर आप गेस्ट बनकर कहीं जा रही हैं, तो आप इन चीजों को अपने पर्स में कैरी करें. दूसरों का लिपस्टिक, कंघी, मेकअप किट, हैंकी का प्रयोग न करें. वैसे भी हर महिला को अपने पर्स में अपना पसंदीदा लिपस्टिक, कंघी, हैंकी, छोटा मिरर जरूर रखना चाहिए, ताकि उन्हें दूसरों से मांगना न पड़े.

## वीडियो और कार्यक्रम दिखाना

दो-तीन फोटो दिखाना चल सकता है, लेकिन कई लोग अपने मोबाइल पर वीडियो दिखाने लगते हैं. यह शिष्टाचार के खिलाफ है. अगर आप कोई खास वीडियो दिखाना ही चाहते हैं, तो उसे फारवर्ड कर दें ताकि वह व्यक्ति अपनी सुविधा अनुसार उसे देख लेगा. यही बात टीवी कार्यक्रमों के साथ भी लागू होती है. किसी मेहमान को टीवी के सामने बैठा कर उसे जबरदस्ती अपना फेवरेट कार्यक्रम दिखाना बिल्कुल गलत बात है. मेहमान आपसे मिलने या बात करने आया है, और आप हैं कि उसे वीडियो और कार्यक्रम दिखाने पर तुल जाते हैं जी नहीं, यह गलत बात है, स्ट्रिक्टली नो-नो है.

## कविता, लेख वगैरह

यह बात मुख्य रूप से लेखकों, कवियों पर लागू होती है. कुछ कवियों में कविता सुनाने की बुरी आदत होती है. जहां किसी को पकड़ते हैं, कविता सुनाने लगते हैं. वह भी एक नहीं, कई-कई. कुछ लेखकों की कोई रचना छपती है या पुस्तक प्रकाशित होकर आती है, तो अति उत्साह में सभी को पढ़ाने में लग जाते हैं. वे यह बात भूल जाते हैं कि सभी को कविता-लेख में रूचि नहीं होती. किसी को जबरदस्ती कविता सुनाना, लेख/पुस्तक पढ़ने के लिए बाध्य करना गलत बात है, स्ट्रिक्टली नो-नो के अंतर्गत आता है.

## खाने के लिए बाध्य करना

आजकल लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति ज्यादा ही सजग हैं. वे निर्धारित समय पर खाते हैं, अपने डायट चार्ट के अनुसार खाते हैं. किसी को खाने के लिए फोर्स करना गलत बात है. ऑफर कीजिए, लेना होगा तो ले लेगा. नहीं लेता, कीप कूल. आपने किसी को खाने पर बुलाया है. बेहतर होगा, डायनिंग टेबल पर सबकुछ कायदे से रख दें. मेहमान को जो पसंद होगा, जितना चाहिए होगा, ले लेगा. जबरदस्ती करने की कोई जरूरत नहीं.

## फिजूल के प्रश्न और प्रवचन

तो तुम क्या पढ़ रहे हो, क्या करना है भविष्य में, कौन सा करियर चुन रहे हो? यहां तक तो ठीक है लेकिन बच्चों को करियर पर प्रवचन देने लगना, स्ट्रिक्टली नो-नो के अंतर्गत आता है. आपसे बच्चों ने सलाह मांगी है, नहीं न ! तब आपको ज्ञान बांचने की कोई जरूरत नहीं. किसी अनमैरिड गर्ल को यह कहना कि शादी कब कर रही हो, किसी न्यूलि मैरिड को यह कहना कि खुशखबरी कब दे रही हो, किसी लड़के को यह कहना कि नौकरी का क्या हुआ, अपने पैरों पर कब खड़े होंगे? आजकल इस तरह के प्रश्न पूछना अशिष्टता की श्रेणी में आते हैं, स्ट्रिक्टली नो-नो हैं.

### मूल मंत्र

याद रखें, हमें किसी के किचन या बेडरूम में प्रवेश नहीं करना चाहिए, किसी को वीडियो या कार्यक्रम जबरदस्ती नहीं दिखाना चाहिए, कविता–आलेख नहीं पढ़ाना चाहिए. अनावश्यक प्रश्न नहीं पूछने चाहिए, न ही सलाह देनी चाहिए. हमारी पूरी कोशिश होनी चाहिए कि हमारी आदतें किसी को परेशान न करें, हमारी बातें किसी को चुभे नहीं. एमिली पोस्ट का कहना है– शिष्टाचार दूसरों की भावनाओं के प्रति एक संवेदनशील जागरूकता है. अगर हमारे पास वह जागरूकता है, तो हम शिष्टाचारी हैं, हम सही इंसान हैं.

रहना नहीं देस बेगाना : न्यूयॉर्क में टाइम्स स्क्वायर

# माया की मृगमरीचिका पार ही मिलेगी मुक्ति





डॉ मयंक मुरारी

विश्व के आधुनिक और परंपरा का लघु स्वरूप न्यूयॉर्क है. यह मानव के मस्तिष्क और उसके पुरुषार्थ की सर्वश्रेष्ठ संरचना है. इस धरती की पसंदीदा जगह न्यूयार्क है. वहां का टाइम्स स्क्वायर का जादू और कशिश युवाओं के तन-मन पर हावी रहता है. इसके नयनाभिराम नजारा से जीवन को देखने का वृहद् फलक मिलता है. न्यूयॉर्क शहर में टाइम्स स्क्वायर पृथ्वी पर सबसे प्रतिष्ठित और हलचल भरे स्थानों में से एक है. ब्रॉडवे और सेवेंथ एवेन्यू के चैराहे पर स्थित यह क्षेत्र, दुनिया के कुछ सबसे बड़े होर्डिंग और संकेतों का घर है, जो इसे किसी भी यात्री या पर्यटक के लिए अवश्य देखने योग्य स्थान बनाता है. आदर्श रूप से कोई व्यक्ति टाइम्स स्क्वायर न्यूयॉर्क की खोज में दो-तीन दिन बिता सकता है.

यह शहर मुंबई की तरह चौबीसो घंटे जगता है, दिल्ली की तरह सम्मोहित करता है और कोलकाता की तरह परंपरागत विरासत को संजो कर रखता है. यहां जीवन उबाल मारता है, तो मृग मरीचिका की झलक मिलता है, जो खुद को खोजने के लिए आमंत्रित करता है. यह अतियों के पथ पर गमन करता शहर है. इस अतिवाद में उत्कृष्टता का आरोहण है, जीवन के शिखर की यात्रा है तो दूसरी ओर भोग की गहराई है. भोग की सोच और कर्म में पतन का भी एक मार्ग है. धरती के हरेक भाग के युवा यहां मिलेंगे. इसके साद फिजा में एक गांजा का गंध भी समान रूप से तैरता मिलेगा. नशा का यहां पूरा वितान बिछा है. जिसने इस मृत्यु बोध की मृगशिरा को पार किया, वहीं इस शहर को अपने में उतार सकता है, अन्यथा यह जगह डूबने के लिए तैयार बैठी है. जीवन में एक बार न्यूयार्क और न्यूयार्क में टाइम्स स्क्वायर नहीं आए, तो जीवन अधूरा है. आधुनिकता, गतिशीलता, विलासिता और जिजीविषा के शिखर को समझने के लिए यह जगह है. जहां आकाश दिखता नहीं, और धरती होती नहीं. टाइम्स स्क्वायर के पास देने के लिए इतना कुछ है कि शायद आप अपनी पूरी छुट्टियां यहीं बिताएंगे! टाइम्स स्क्वायर अद्भुत है, अलौकिक है और अविस्मरणीय है. यहां गगनचुंबी अट्टालिकाओं के मध्य ही जीवन को मुक्ति और मृत्यु के पथ का सारभूत अनुभूति मिलती है. महात्मा बुद्ध का विचार है कि जीवन में ज्ञानबोध के लिए वह व्यक्ति अनुकूल है जो अतिवाद के साथ है. जीवन में माया की इस मृगमरीचिका की सैर जरूरी है ताकि हम उस परम मुक्ति की ओर आरोहण करें.

# जुलाई में नहीं लगाएं ये पौधे

***बरसात होते ही मन बागवानी के लिए मचल जाता है. हमारी सोच होती है कि बरसात में कोई भी पौधा लगाएंगे तो वह बड़े आसानी से लग जाएंगे. लेकिन कुछ ऐसे भी पौधे हैं जिन्हें आप बरसात में नहीं लगा सकते हैं. आइए, जानें कि बरसात में किन पौधों को नहीं लगाएं.***

सूरजमुखी के फूल को अधिक धूप की आवश्यकता होती है जिसके कारण बरसात में ज्यादा पानी होने से यह पौधा नहीं लगता. इस पौधे को मार्च महीने में लगा सकते हैं.

चमेली, रजनीगंधा आदि भी सूखी मिट्टी में लगाए जाते हैं.


शतावरी व पान के बेल भी इस मौसम में लगाने से बचें.




गुड़हल का फूल भी जुलाई की जगह फरवरी-मार्च में लगाएं.

# सफलता के ये सात सूत्र

**जिंदगी में सफलता के लिए कुछ अच्छी चीजों को अपनाना और कुछ बुरी आदतों को छोड़ना होता है. आइए, आज बात करें कि जिंदगी में सफलता के लिए किन आदतों और कदमों की दरकार होती है-**




- **खुद पर विश्वास रखें**
जीवन में सफलता पाने का पहला नियम कहता है कि व्यक्ति को खुद पर भरोसा होना चाहिए. आत्मविश्वास ही आपको कठिन समय से लड़कर लक्ष्य तक पहुंचने का हौसला देगा.
- **लक्ष्य निर्धारण**
किसी काम को करने के लिए सबसे पहले लक्ष्य को निर्धारित करें. ध्यान रखें, बिना किसी लक्ष्य के कोशिश करना अंधेरे में तीर मारने के जैसा होता है.
- **रिस्क लेना**
सफलता उन्हें ही मिलती है जो जिंदगी में रिस्क लेते हैं. बिल गेट्स ने माइक्रोसॉफ्ट बनाने के लिए कॉलेज ड्रॉप किया था. अगर ऐसा नहीं करते तो आज की उपलब्धि नहीं होती.
- **कम्फर्ट जोन से दूर**
सफल लोग कभी कंफर्ट जोन नहीं पसंद करते हैं. उनका मानना होता कि अगर हम आगे बढ़ रहे हैं तो हम हमेशा अपने कम्फर्ट जोन से बाहर रहेंगे.
- **लोग क्या कहेंगे से बेपरवाह**
सफल व्यक्ति कभी यह नहीं सोचता कि दूसरे लोग क्या कहेंगे. हमेशा फोकस लाइफ में आगे बढ़ने पर होता है इसके लिए उन्हें जो सही लगता है, वो वही करते हैं.
- **सकारात्मक सोच**
सकारात्मक सोच आत्मविश्वास में इजाफा करता है. अगर आप असफलता के बारे में सोचने लगेंगे तो निश्चित ही आपका काम प्रभावित होगा.
- **गिरकर उठें**
असफलता और कठिन समय से घबराकर कमजोर नहीं पड़ना है. गिर कर उठने वाले ही सफल होते हैं. लक्ष्य प्राप्ति के नियम कठिन हो सकते हैं लेकिन असंभव नहीं,

इन दिनों मेरी किताब

# चुनिन्दा अशआर की बानगी बेहद ख़ास



इम्तियाज़ अहमद ग़ाज़ी

हाल ही में पुस्तक 'डॉ. मधुबाला सिन्हा के चुनिन्दा अशआर' प्रकाशित हुई है. इसमें डॉ सिन्हा के चुनिन्दा अशआर संग्रहित हैं. आमतौर पर अधिकतर हिन्दी और उर्दू के रचनाकार ग़ज़ल का सृजन कर रहे हैं. मगर किसी भी बड़े से बड़े शायर या कवि की ग़ज़लों के सभी अशआर अच्छे नहीं होते. मीर, ग़ालिब, अकबर या सूर, रहीम, तुलसी आदि हमारे अहद के बड़े शायर और कवि हैं. जब भी बड़ी शायरी की बात हम करतें हैं, तो इनकी नज़ीर पेश करते हैं, मगर इनकी भी सारी रचनाएं बहुत अच्छी नहीं हैं. इन लोगों ने जो लेखन किया है, उनमें बहुत सी रचनाएं कालजयी हैं, मगर सारी रचनाएं कालयजी नहीं हैं. इसी तरह आज के शायर जो ग़ज़लें लिख रहे हैं, इनकी ग़ज़लों के सभी अशआर अच्छे नहीं होते. कई बार तो ऐसा भी होता है कि एक-दो अच्छे अशआर हो जाने पर एक ग़ज़ल पूरी करने के लिए भर्ती के कई शेर कहने पड़ते हैं. ऐसे में पाठक के सामने जब ग़ज़ल आती तो वह एक-दो अच्छे अशआर के बाद बाक़ी के अशआर को पढ़कर बोरियत का एहसास करता है. कहने का आशय यह है कि आज के भाग-दौड़ भरी ज़िन्दगी में लोगों के पास इतना समय नहीं है कि वह आपके भर्ती के ऊबाउ शेर पढे.

डॉ. मधुबाला सिन्हा के चुनिन्दा अशआर में कोशिश की गई है कि पाठकों के सामने चुनिंदा अशआर प्रस्तुत किए जाएं, जिन्हें पढ़कर आनंद का अनुभव करे और समाज की मौजूदा हालात से रूबरू हो. इस किताब में तमाम उल्लेखनीय अशआर हैं. बानगी स्वरूप कुछ अशआर इस प्रकार हैं- उदासी, शाम, तन्हाई, कसक यादों की बेचैनी/मुझे सब सौंपकर सूरज उतर जाता है पानी में', 'लटका दी उलझनों को उसी दीवार पर/कभी जहां हमारी तस्वीर लगा करती थी.', 'इशारों ने दिल से अदावत तो की है/फ़क़त कुछ कहे थे बनाया जो माली.'

इस तरह डॉ. मधुबाला सिन्हा की इस पुस्तक में ढेर सारे शानदार अशआर हैं, जिसे शायरी में दिलचस्पी लेने वाले लोग एक बार ज़रूर पढ़ना चाहेंगे. मूलतः हिन्दी भाषी होने के बावजूद डॉ. सिन्हा ने ग़ज़ल की परंपरा को अपने तौर पर समझने और उसमें डूब जाने का भरसक प्रयास किया है. ऐसे प्रयासों को छूरी और चाकू दिखाने के बजाए प्रशंसा की नज़र से देखे जाने की आवश्यकता है.



पुस्तक का नाम : डॉ. मधुबाला सिन्हा के चुनिन्दा अशआर
कवयित्री : डॉ. मधुबाला सिन्हा,
मूल्य : 40 रुपए,
प्रकाशक : गुफ्तगू पब्लिकेशन, प्रयागराज

रमता जोगी : नियाग्रा फाल्स

# जब धरती पर उतरा नजर आया इन्द्रधनुष




कल्याणी झा

नियाग्रा फॉल्स स्टेट पार्क जाने के लिए हम अपनी कार से निकले. इंडियाना से सात से आठ घंटे में हम वहां पहुंच गए थे. हम ऐसे समय में पहुंचना चाह रहे थे जब शाम और रात दोनों समय की सुंदरता का आनंद ले सके. पार्किंग में जाने से पहले ही दूर से कल-कल करती हुई नदी दिखाई दे रही थी. बहुत दूर ऊंचाई से गिरता हुआ पानी का धुआं सूर्यास्त की लालिमा को अपने में समेटे नारंगी रंग का बेहद खूबसूरत दिख रहा था.

कार पार्क करने के बाद किनारे बनी रेलिंग पर चलते हुए, कुछ-कुछ दूरी पर रुक कर व्यूज देख रहे थे. धीरे-धीरे हम नीचे ढलान पर उतरते गए. जैसे-जैसे हम नजदीक आ रहे थे, व्यूज़ उतना ही रोमांचक लग रहा था. ऊंचाई से गिरता हुआ नदी का पानी और वेग से उठता हुआ धुआं प्रकृति की अप्रतिम संरचना सबका मन मोह रही थी. पूरे वेग से गिरता हुआ पानी बहते हुए आगे जाकर एकदम शांत बहुत धीमी चाल में बह रहा था.

बेटे ने हाथ के इशारे से दिखाते हुए कहा – "उस तरफ कसीनो और होटल दिख रहा है, वह कनाडा है और इस तरफ जहां हम खड़े हैं यह अमेरिका है." लाइट जलते ही पानी कई रंगों में अपनी छटा बिखेरने लगा. हम रेलिंग से ऊपर चढ़ते-चढ़ते आगे बढ़ते हुए रोशनी की सजावट को निहार रहे थे. शाम को यह सी ग्रीन और दूधिया रंग में रंगा जलप्रपात अब नीला, लाल, हरा, गुलाबी कई रंगों से सराबोर रंग-बिरंगा लग रहा था.

रात बिताने के लिए बफेलो शहर का होटल पहले से ही बुक था. दूसरे दिन सुबह नाश्ता करके हम फिर होटल से निकल कर स्टेट पार्क एरिया के पार्किंग में खड़े थे. आज बहू की बहन और बेटा का एक दोस्त भी कनाडा से हमारे साथ घूमने आए जिनके साथ पहले हम नदी के किनारे चलते-चलते वहीं पहुंच गए जहां कल शाम इस अद्भुत जलप्रपात का दीदार कर के गए थे. आज यहां का नजारा एकदम अलग था. ऊपर उठता हुआ धुआं रेलिंग की तरफ पानी का फव्वारा फेंक रहा था. सभी एक साथ ऊपर की तरफ भागे. इस भागदौड़ में हमें बहुत आनंद आया. कुछ पर्यटक छाता खोलकर खड़े थे तो कुछ रेनकोट पहने थे. यहां अचानक काले-काले बादल छा जाते और ऐसा लगता कि घनघोर बारिश होगी, पर फिर बादल छंट जाते. आज बादलों के छंटते ही नीचे नदी पर दो अर्धगोलाकार इन्द्रधनुष बन गए. धरती पर इंद्रधनुष हमने पहले कभी नहीं देखा था. हम नदी किनारे साथ चलते हुए एक खूबसूरत पॉइंट पर पहुंचे जहां बैठने के लकड़ी के बेंच बने हुए थे. रंग -बिरंगे फूल खिले थे. वहां बैठकर हमने अपनी-अपनी मनपसंद फ्लेवर की आइसक्रीम खाई.







नियाग्रा जलप्रपात संयुक्त राज्य अमेरिका और कनाडा की सीमा पर स्थित एक जलप्रपात है. कनाडा के ओंटारियो और अमेरिका के न्यूयॉर्क राज्य की अंतर्राष्ट्रीय सीमा स्थित नियाग्रा नदी पर बना है. यह जलप्रपात न्यूयॉर्क के बफेलो से 27 किलोमीटर उत्तर–पश्चिम और कनाडा के टोरंटो ( ओंटारियो )से 120 किलोमीटर दक्षिण–पूर्व में स्थित है. नियाग्रा जलप्रपात तीन अन्य जलप्रपातों से मिलकर बना है जिसमें से सबसे बड़ा हार्सशू फॉल्स लगभग 790 मीटर चौड़ा है, जबकि एक अन्य अमेरिकन फॉल्स 320 मीटर चौड़ा है. नियाग्रा के शिखर से प्रति सेकंड 700,000 गैलन से अधिक पानी गिरता है. रात में नियाग्रा फॉल्स कलरफुल दिखाई देता है.

## मेड ऑफ मिस्ट और ब्लू, पिंक रेनकोट

नियाग्रा फॉल्स का सबसे रोमांचक सफर 'मेड ऑफ़ मिस्ट' के लिए ऑब्जर्वेशन पुल पर गए. बहुत ऊंचाई पर होने के कारण यहां से जलप्रपात के सभी बिंदु दिखाई दे रहे थे. अर्ध्यगोलाकार रेलिंग के पास खड़े पर्यटक बौने दिख रहे थे. आब्जर्वेशन से हमने देखा कि अमेरिका के पर्यटक नीले रंग के रेनकोट में और कनाडा के पर्यटक गुलाबी रंग के रेनकोट में अलग-अलग नाव पर सवार हैं. वहां लिफ्ट से हम नीचे आए. लंबी लाइन के पीछे खड़े हो गए. हमें नीले रंग का रेनकोट को दिया गया. धीरे-धीरे आगे बढ़ते हुए नाव पर चढ़ गए. नाव आगे बढ़ती जा रही थी. सामने से लौट रहे पर्यटक हाथ हिलाकर अपनी खुशी प्रकट कर रहे थे. हम जलप्रपात के बहुत करीब आ गए थे. हमारे चारों ओर धुंध ही धुंध था. पानी की मोटी-मोटी बूंदें हमें भिगो रही थी. भीगते हुए भी मेरे साथ कई पर्यटकों ने मोबाइल से वीडियो लेना बदस्तूर जारी रखा था. अब मोबाइल हमने अंदर रख लिया, क्योंकि जलप्रताप का शोर और लोगों की रोमांच से भरी आवाज़ मिलकर 700,000 गैलन पानी के गिरने की गर्जना और भयावता को महसूस करने की बारी थी. सचमुच यह कुदरत का करिश्मा है. इस करिश्माई सफर से बाहर निकलते ही रंग-बिरंगे फूलों की सजावट ने मंत्रमुग्ध कर दिया. यहां छोटी-छोटी स्नैक्स की दुकानें, हरे-भरे पेड़-पौधे, बैठने के लिए बेंच साफ-सुथरा रेस्ट रूम था.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

# माही ने केक काटकर मनाया 43वां बर्थडे, साक्षी और सलमान खान रहे मौजूद




जन्मदिन पर केक काटते महेंद्र सिंह धौनी.

संवाददाता। मुंबई/रांची

रांची के राजकुमार महेंद्र सिंह धौनी ने अपना 43वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया. इस खास मौके पर उन्होंने देर रात केक काटकर अपना बर्थडे सेलिब्रेट किया. इस दौरान माही की पत्नी साक्षी सिंह और बॉलीवुड के दबंग सलमान खान मौजूद रहे. साक्षी ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर केक कटिंग का वीडियो शेयर किया है. वीडियो में माही केक कटिंग करते नजर आ रहे हैं. वहीं साक्षी बगल में खड़ी दिख रही है. धौनी ने केक काटकर अपनी पत्नी को खिलाया और साक्षी ने भी अपने पति को केक खिलाया. केक कटिंग के दौरान साक्षी ने एमएस धौनी के पैर छुए. यह नजारा फैंस के दिलों में घर कर गया.





पत्नी साक्षी को केक खिलाते महेंद्र सिंह धौनी. साथ में हैं एक्टर सलमान खान.

### सलमान ने कैप्टन साहब को बर्थडे विश किया

सलमान खान ने भी अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर महेंद्र सिंह धौनी के साथ फोटो शेयर कर जन्मदिन की बधाई दी है. सलमान ने फोटो के साथ कैप्शन में लिखा कि हैप्पी बर्थडे कैप्टन साहब. इसके अलावा गौतम गंभीर, इरफान पठान, डीजे ब्रॉवो, नासिर हुसैन सहित अन्य खिलाड़ियों ने धौनी को जन्मदिन की बधाई दी. बता दें कि धोनी अभी मुंबई में अनंत अंबानी की शादी में शामिल होने गये हैं. वहीं उन्होंने अपने जन्मदिन का केक भी काटा.

## धौनी के घर के बाहर फैंस ने मनाया कैप्टन कूल का जन्मदिन

**रांची।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और कैप्टन कूल महेंद्र सिंह धौनी ने रविवार को अपना 43वां जन्मदिन मनाया. इस खास मौके पर देशभर में उनके प्रशंसक उनका बर्थडे सेलिब्रेट कर रहे हैं. राजधानी रांची में भी फैंस ने माही का जन्मदिन धूमधाम से मनाया. धौनी के फैंस ने सिमलिया स्थित धोनी के घर के बाहर केक काटा और कट आउट पोस्टर पर उनको केक खिलाया. धौनी के फैंस सुबोध कुशवाहा और कुश्माही एकेडमी के कोच बच्चों के साथ पहुंचे थे. उन्होंने कहा कि आज माही का 43वां जन्मदिन है. उनके जन्मदिन पर हम कामना करते हैं कि वह हमेशा खुश रहें और आगे भी क्रिकेट खेलते रहे. वहीं अहमदाबाद से आये एक फैन ने कहा कि वह सिर्फ धौनी को देखने और उनके जन्मदिन मनाने अहमदाबाद से रांची आये हैं. लेकिन उन्हें अफसोस है कि धौनी से मुलाकात नहीं हो पाएगी. हालांकि उन्होंने उम्मीद जतायी कि इस बार नहीं तो अगली बार जरूर उनसे मुलाकात होगी.




धौनी के जन्मदिन पर केक काटते उनके फैंस.

## ब्रीफ खबरें

### कनाडा ओपन के सेफा में हारे राजावत

**कैलगेरी।** प्रियांशु राजावत को यहां पुरुष एकल सेमीफाइनल में फ्रांस के एलेक्स लेनियर के खिलाफ सीधे गेम मे हार का सामना करना पड़ा जिससे कनाडा ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत का अभियान खत्म हो गया. दुनिया के 39वें नंबर के खिलाड़ी राजावत को दुनिया के 37वें नंबर के खिलाड़ी लेनियर के खिलाफ 45 मिनट में 17-21 10-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी. राजावत ने इससे पहले दोनों खिलाड़ियों के बीच एकमात्र मुकाबले में मैड्रिड स्पेन मास्टर्स के क्वालीफिकेशन में लेनियर को हराया था.

### भारत में रग्बी को आगे बढ़ाना है : सेरेवी

**मुंबई।** फिजी के पूर्व दिग्गज खिलाड़ी और अब भारत के कोच वेसाले सेरेवी ने देश में रग्बी को लेकर जागरूकता पैदा करने को अपना पहला लक्ष्य बनाया है. हॉल ऑफ फेम में शामिल 56 साल के सेरेवी को भारत की पुरुष और महिला सेवेन्स रग्बी टीम का मुख्य कोच बनाया गया है. सेरेवी ने पीटीआई से विशेष बातचीत के दौरान कहा, मैं सामान्यतः दुनिया के इस हिस्से में, एशिया में, रग्बी पर ध्यान नहीं देता. लेकिन मैंने दुनिया के इस हिस्से में टीमों को रग्बी खेलते हुए देखा है. हम रग्बी के बारे में जागरूकता लाने की कोशिश कर रहे हैं.

दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में पांच मैच की क्रिकेट श्रृंखला 1-1 से बराबर की

# भारत ने जिंबाब्वे को 100 रन से हराया

एजेंसी। हरारे




- अभिषेक शर्मा ने 46 गेंदों में जड़ा आतिशी शतक
- रिंकू सिंह व गायकवाड़ ने लगाया अर्धशतक

**अभिषेक शर्मा का धुआंधार शतक**

**स्कोर बोर्ड**
भारत : 234/2
जिंबाब्वे : 134/10

जिंबाब्वे के खिलाफ पांच मैचों की टी-20 सीरीज के पहले मुकाबले में मिली अप्रत्याशित हार के एक दिन बाद ही उसी मैदान पर युवा टीम इंडिया की प्रचंड बल्लेबाजी देखने को मिली. उछाल वाली पिच पर एक समय भारत का स्कोर 10 ओवर में 74 रन था. इसके बाद अभिषेक शर्मा ने गियर बदला और फिर रिंकू सिंह का भी तूफान देखने को मिला. इससे टीम ने 2 विकेट पर 234 रन ठोक दिए. जवाब में जिंबाब्वे के विकेट गिरने का सिलसिला पहले ही ओवर में शुरू हो गया. टीम की पारी 19 वें ओवर में 134 रनों पर सिमट गयी. भारत की इस जीत के साथ ही सीरीज 1-1 से बराबर हो गयी है.

**खराब शुरुआत के बाद विस्फोटक बैटिंग :** भारत ने इस मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और टीम इंडिया की शुरुआत एक बार फिर से खराब रही. कप्तान शुभमन गिल ब्लेसिंग मुजारबानी की गेंद पर महज दो रन बनाकर आउट हो गए. पावरप्ले में भारत का स्कोर 36 रन ही था. लेकिन इसके बाद बाएं हाथ के तूफानी ओपनर अभिषेक शर्मा और ऋतुराज गायकवाड़ ने तेज बल्लेबाजी करके खूब रन बटोरे और मेजबान टीम के गेंदबाजों को असहाय कर दिया. इस दौरान अभिषेक शर्मा ने अपना पहला इंटरनेशनल शतक पूरा किया. उन्होंने 47 गेंदों पर 100 रनों की पारी खेली और वेलिंग्टन मसाकाद्ज़ा की गेंद पर आउट हुए. अभिषेक शर्मा ने अपनी विध्वंसक पारी में सात चौके और आठ छक्के लगाए. ऋतुराज गायकवाड़ ने अंत तक नाबाद रहते हुए 47 गेंदों पर 77 रनों की पारी खेली. भारतीय उपकप्तान ने 11 चौके और एक छक्का लगाया. इसके अलावा रिंकू सिंह ने एक बार फिर जबरदस्त फिनिशिंग करते हुए महज 22 गेंदों पर पांच छक्के लगाकर नाबाद 48 रन बनाए.

**नहीं चले जिंबाब्वे के बल्लेबाज :** पहले ही ओवर में जिंबाब्वे के विकेट गिरने का सिलसिला शुरू हो गिया. मुकेश कुमार ने इनोसेंट काइया को बोल्ड किया. लेकिन फिर ब्रायन बेनेट ने तेजी से रन बनाए. तीन ओवर में जिंबाब्वे ने 40 रन बना लिए थे लेकिन फिर मुकेश ने नौ गेंद पर 26 रन बनाने वाले ब्रायन को बोल्ड कर दिया. इसके बाद जिंबाब्वे के विकेट गिरने का सिलसिला शुरू हो गया. चौथे ओवर में आवेश खान दो विकेट लिए. उन्होंने डिओन माइयर्स और कप्तान सिकंदर रजा को आउट किया. वेस्ली मधेवेरे ने जिम्बाब्वे के लिए सबसे बड़ी 43 रनों की पारी खेली लेकिन उन्होंने 39 गेंदों का सामना किया. निचले क्रम में ल्यूक जोंग्वे ने 33 रनों का योगदान दिया. जिंबाब्वे की पारी 19वें ओवर में 134 रनों पर सिमट गई. भारत के लिए मुकेश कुमार और आवेशन खान ने 3-3 विकेट लिए. रवि बिश्नोई के 4 ओवर में सिर्फ 11 रन बने. उन्होंने दो विकेट लिए.

### हैट्रिक सिक्स के साथ शतक पूरा किया शतक

**हरारे।** पांच टी20 मैचों की सीरीज के दूसरे मुकाबले में अभिषेक शर्मा ने जिम्बाब्वे के खिलाफ धमाकेदार बैटिंग करते हुए कमाल कर दिया. डेब्यू मैच में शून्य पर आउट होने वाले अभिषेक शर्मा ने अपने दूसरे ही मैच में अपनी सारी कसर निकाल ली और सिर्फ 46 गेंद में सेंचुरी ठोक कर कई बड़े रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिए. इस तरह अभिषेक ने यह बता दिया कि टीम इंडिया के लिए उनकी उड़ान अब काफी लंबी होने वाली है. जिम्बाब्वे दौरे पर पहली बार टीम इंडिया में जगह पाने वाले अभिषेक शर्मा अपने डेब्यू मैच में खाता नहीं खोल पाए थे. इस कारण उनकी खूब आलोचना भी हो रही थी.

## रोहित की कप्तानी में चैंपियंस ट्रॉफी डब्ल्यूटीसी फाइनल जीतेंगे : शाह

भाषा। नयी दिल्ली



बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने रविवार को कहा कि टी20 विश्व चैंपियन टीम के कप्तान रोहित शर्मा एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और टेस्ट क्रिकेट में भारत की अगुआई जारी रखेंगे. उन्होंने साथ ही भरोसा जताया कि भारत उनकी कप्तानी में अगले साल होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) जीतेगा. कपिल देव और महेंद्र सिंह धोनी के बाद आईसीसी ट्रॉफी जीतने वाले तीसरे भारतीय कप्तान बने रोहित ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है.

शाह ने एक वीडियो संदेश में कहा, अगला चरण डब्ल्यूटीसी फाइनल और चैंपियंस ट्रॉफी है. मुझे रोहित शर्मा की कप्तानी पर पूरा भरोसा है कि हम इन दोनों टूर्नामेंट में चैंपियन बनेंगे. अगले साल पाकिस्तान में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन आठ साल बाद (ब्रिटेन में 2017 के बाद से) किया जाएगा. इस टूर्नामेंट के कार्यक्रम का मसौदा आईसीसी को सौंपा जा चुका है लेकिन बीसीसीआई ने अब तक इसे हरी झंडी नहीं दी है.

जय शाह के इस संदेश ने इन अटकलों पर विराम लग गया है कि क्या रोहित अन्य प्रारूपों में कप्तान की भूमिका छोड़ेंगे? रोहित जब तक कप्तानी नहीं छोड़ते, तब तक भारत को एक बार फिर अलग-अलग प्रारूपों में दो कप्तान देखने को मिलेंगे. रोहित एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय और टेस्ट में अगुआई करते रहेंगे.

## एल्ड्रिन- अंकिता ने ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया

भाषा। नयी दिल्ली

लंबी कूद के एथलीट जेस्विन एल्ड्रिन और 5000 मीटर धावक अंकिता ध्यानी ने रविवार को विश्व रैंकिंग कोटे के जरिये पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया, जिससे भारतीय एथलेटिक्स टीम में सदस्यों की संख्या बढ़कर 30 हो गयी. लंबी कूद के राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी एल्ड्रिन और अंकिता का नाम विश्व एथलेटिक्स द्वारा प्रकाशित नवीनतम सूची में शामिल है. राष्ट्रीय महासंघों ने अंतरराष्ट्रीय संस्था को अपने उन एथलीटों के बारे में सूचित किया, जो कट बनाने के बावजूद विभिन्न कारणों से पेरिस में प्रतिस्पर्धा नहीं करेंगे. इसी तरह का उदाहरण भारत के शीर्ष लंबी कूद के एथलीट एम श्रीशंकर का है.

## अभय ने एशियाई डबल्स स्क्वाश चैंपियनशिप में दो स्वर्ण पदक जीते


भाषा। जोहोर (मलेशिया)



प्रतिभाशाली स्क्वाश खिलाड़ी अभय सिंह ने रविवार को यहां शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई डबल्स स्क्वाश चैंपियनशिप में दोहरे खिताब हासिल किये. एशियाई खेलों में टीम चैंपियनशिप के स्वर्ण पदक विजेता अभय ने वेलावन सेंथिलकुमार के साथ मिलकर पुरुष युगल खिताब जीता. इसके बाद अभय ने अनुभवी जोशना चिनप्पा के साथ मिलकर मिश्रित युगल फाइनल में फतह हासिल की. अभय और वेलावन की शीर्ष वरीय जोड़ी ने पुरुष युगल फाइनल में मलेशिया के ओंग साई हुंग और सियाफिक कमाल की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को 11-4, 11-5 से शिकस्त दी. इसके बाद अभय और जोशना की तीसरी वरीय जोड़ी ने टोंग सेज विंग और टांग मिंग होंग की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी को मिश्रित युगल फाइनल में 11-8, 10-11, 11-5 से हराया. वेलावन ने एक विज्ञप्ति में कहा, मैं अभय के लिए बहुत खुश हूं जिन्होंने इस हफ्ते इतना शानदार प्रदर्शन किया. हमें पूरा भरोसा था और हम बेहतर होते रहे. इस साल पद्मश्री पुरस्कार पाने वाली जोशना ने कहा, भारत के लिए फिर से खेलना मेरे लिए बहुत मायने रखता है क्योंकि मैं घुटने की सर्जरी के कारण पिछले पांच महीनों से खेल से दूर थी. युगल से वापसी करना अच्छा मौका था ताकि मैं पीएसए टूर पर वापसी कर सकूं.

## भारत सरकार द्रविड़ को भारत रत्न से सम्मानित करे : गावस्कर

एजेंसी। मुंबई



महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने राहुल द्रविड़ को सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न देने की मांग की है. द्रविड़ का कोच के रूप में कार्यकाल टी20 विश्व कप फाइनल के बाद समाप्त हो गया था. द्रविड़ ने कार्यकाल टीम को टी20 विश्व कप का चैंपियन बनाने के साथ खत्म किया. द्रविड़ के कोच रहते भारत ने कई उपलब्धियां हासिल की जिसमे विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) और वनडे विश्व कप 2023 का उपविजेता बनना शामिल है. इसके अलावा द्रविड़ के नेतृत्व में टीम ने एशिया कप का खिताब भी जीता था. गावस्कर ने कहा, यह उचित होगा यदि भारत सरकार द्रविड़ को भारत रत्न से सम्मानित करे, क्योंकि वे वास्तव में यही हैं. एक महान खिलाड़ी और कप्तान जिसने वेस्टइंडीज में सीरीज जीती और इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज जीतने वाले तीसरे भारतीय कप्तान बने थे. एनसीए के अध्यक्ष के तौर पर उन्होंने युवा प्रतिभाओं को तराशा और फिर सीनियर भारतीय टीम के कोच बने। साल की शुरुआत में कुछ लोगों को भारत रत्न मिला था जिन्होंने समाज में महत्वपूर्ण योगदान दिया था. यहां तक कि उनके सबसे प्रबल समर्थक भी इस बात से सहमत होंगे कि उनका प्रभाव ज्यादातर उनकी पार्टी और देश के उस हिस्से तक ही सीमित था, जहां से वे आए थे.

उन्होंने कहा, द्रविड़ की उपलब्धि ऐसी है जिसने पूरे देश को खुशी दी है. निश्चित रूप से द्रविड़ देश के सर्वोच्च सम्मान के पात्र हैं.

विंबलडन 2024

## जोकोविच ने प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, ईगा स्वियातेक हारीं

एजेंसी। लंदन



सात बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करते हुए एलेक्सेई पोपिरिन को चार सेट में हराकर विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी, जबकि महिला एकल में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी ईगा स्वियातेक को शिकस्त का सामना करना पड़ा. दुनिया के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी सर्बिया के जोकोविच ने पोपिरिन को 4-6, 6-3, 6-4, 7-6 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया. दूसरी तरफ स्वियातेक को पहला सेट जीतने के बावजूद तीसरे दौर के मुकाबले में गैर वरीय यूलिया पुतिंत्सेवा ने 3-6, 6-1, 6-2 से हराया. इसके साथ ही स्वियातेक का लगातार 21 मैच में जीत का अभियान भी थम गया.

पांच बार की ग्रैंडस्लैम विजेता स्वियातेक को विंबलडन का ग्रास कोर्ट काफी रास नहीं आता है. 2022 में भी एलिज कोर्नेट ने तीसरे दौर में उन्हें हराकर उनके लगातार 37 मैच के विजयी अभियान पर रोक लगायी थी. पुतिंत्सेवा अगले दौर में 2017 फ्रेंच ओपन चैंपियन और 13वीं वरीय येलेना ओस्टापेंका से भिड़ेंगी. महिला एकल में ही 21वीं वरीय एलेना स्वितोलिना ने 10वें नंबर की ओन्स जेब्युर को 6-1, 7-6 से हराया. पुरुष एकल में चौथे वरीय एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने कैमरन नोरी को सीधे सेट में 6-4, 6-4, 7-6 से शिकस्त दी. अमेरिका के 14वें वरीय बेन शेल्टन ने शुक्रवार को स्थगित किए गए मुकाबले में डेनिस शापोवालोव को 6-7, 6-2, 6-4, 4-6, 6-2 से हराकर प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनायी.

यूरो 2024 | पेनल्टी शूटआउट में इंग्लैंड ने 5-3 से जीत दर्ज की

## स्विट्जरलैंड को हराकर इंग्लैंड सेमीफाइनल में

एजेंसी। डसेलडोर्फ (जर्मनी)

इंग्लैंड ने पेनल्टी शूटआउट में स्विट्जरलैंड को हराकर यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो 2024) के सेमीफाइनल में प्रवेश किया. अतिरिक्त समय के बाद भी मुकाबला 1-1 से बराबर रहने के बाद इंग्लैंड ने शूटआउट में 5-3 से जीत दर्ज की. ट्रेंट एलेक्जेंडर-आर्नोल्ड ने जैसे ही इंग्लैंड की ओर से पांचवीं और अंतिम पेनल्टी किक को गोल में पहुंचाया तो टीम के खिलाड़ी और प्रशंसक खुशी से झूम उठे. वर्ष 2021 में यूरो के फाइनल में बुकायो साका की पेनल्टी किक बचाए जाने के कारण इंग्लैंड को हार का सामना करना पड़ा था.



स्विट्जलैंड को हराने के बाद खुशियां मनाते इंग्लैंड के खिलाड़ी .

इससे पहले उन्होंने 80वें मिनट में गोल दागकर मुकाबले को अतिरिक्त समय में खींचा था. एलेक्जेंडर-आर्नोल्ड और साका के अलावा पेनल्टी शूट आउट में इंग्लैंड के लिए कोल पाल्मर, ज्यूड बेलिंघम और इवान टोनी ने भी गोल किए. इंग्लैंड अब फाइनल में जगह बनाने के लिए बुधवार को डोर्टमंड में नीदरलैंड से भिड़ेगा. स्विट्जरलैंड की टीम कभी किसी बड़े टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में नहीं पहुंची है. तीन साल पहले स्पेन

### तुर्की को हराकर नीदरलैंड भी सेमीफाइनल में पहुंचा


नीदरलैंड ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए क्वार्टर फाइनल में तुर्की को 2-1 से हराकर यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप (यूरो 2024) के सेमीफाइनल में जगह बनायी. तुर्की को 35वें मिनट में सामेत अकेदिन ने बढ़त बनायी, जिसके बाद स्टीफन डि व्रिज ने 70वें मिनट में स्कोर 1-1 कर दिया. डि व्रिज के गोल के छह मिनट बाद मर्ट मुल्डुर ने आत्मघाती गोल दागा. जिससे नीदरलैंड ने 2-1 की बढ़त बना ली जो अंत में निर्णायक साबित हुई.

कोपा कप 2024 | सेमीफाइनल में पहुंची उरूग्वे की टीम

## उरूग्वे ने पेनल्टी शूटआउट में ब्राजील को हराया

एजेंसी। लास वेगास

मैनुएल उगार्ते ने पांचवीं और अंतिम पेनल्टी किक पर गोल दागा, जिससे उरूग्वे ने ब्राजील को 4-2 से हराकर कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह सुनिश्चित की. दोनों ही टीमें निर्धारित समय और फिर अतिरिक्त समय में भी गोल करने में नाकाम रहीं. इस मुकाबले में 41 फाउल हुए जो टूर्नामेंट के किसी मुकाबले में सर्वाधिक हैं. इस दौरान सिर्फ चार शॉट ही गोल की तरफ मारे गए. उरूग्वे के नाहिटन नांदेज को रोड्रिगो के खिलाफ खतरनाक टैकल के लिए 74वें मिनट में लाल कार्ड दिखाकर बाहर किया गया, लेकिन ब्राजील की टीम विरोधी टीम के 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने का फायदा नहीं उठा सकी. शूटआउट में गोलकीपर सर्जियो रोशेट ने एडेर मिलिताओ का शॉट रोका, जबकि डगलस लुई की पेनल्टी किक गोल पोस्ट से टकराई जिससे उरूग्वे ने 3-1 की बढ़त दिलायी. गोलकीपर एलिसन बेकर ने चौथे प्रयास में उरूग्वे के जोस मारिया गिमिनेज की पेनल्टी किक रोककर ब्राजील को मुकाबले में बनाए रखा था.



पनामा टीम के साथ मैच के दौरान कोलंबिया का खिलाड़ी .

### पनामा को 5-0 से रौंदकर कोलंबिया सेमीफाइनल में

**ग्लेनडेल (एरिजोना)।** कोलंबिया ने दबदबा बनाते हुए कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पनामा को 5-0 से रौंदकर सेमीफाइनल में जगह बनायी. इस जीत के साथ कोलंबिया ने अपने अजेय अभियान को 27 मैच तक पहुंचा दिया. जॉन कोरडोवा ने आठवें मिनट में जेम्स रोड्रिग्ज की कॉर्नर किक पर हैडर से गोल दागकर कोलंबिया को 1-0 की बढ़त दिलायी. रोड्रिग्ज ने 10 मिनट के भीतर पेनल्टी किक पर एक और गोल दागकर अपनी टीम को आगे किया.

**ब्रीफ खबरें**

### गिरफ्तार शख्स की इलाज के दौरान हुई मौत

**गया ।** गया जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के पंचायती अखाड़ा 7 नंबर बाके गली में मोहल्ले के प्रवीण खातून के घर चोरी की नीयत से 5 जुलाई की देर रात इसी मोहल्ले का मोहम्मद शहजादा घुस गया था. घर में हलचल होने पर गृह स्वामी ने चोर मोहम्मद शहजादा को रंगे हाथ पकड़ लिया. दूसरे दिन सुबह होने पर लिखित आवेदन देकर चोर शहजादा को पुलिस के हवाले कर दिया गया. सिटी एसपी प्रेरणा कुमार ने बताया कि पुलिस के हिरासत में मोहम्मद शहजादा ने पेट में दर्द की शिकायत बताई.

### दलित युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी

**पटना ।** बिहार में अपराधी बेलगाम हो गए है. राज्य में एक के बाद एक आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं. ताजा मामला गौरीचक थाना क्षेत्र का है, जहां एक दलित की पीट पीटकर कर हत्या दी गयी है. बताया जा रहा है कि गोपालपुर के रहने वाले वीरेंद्र दास की पीटकर हत्या कर दी गयी है. हालांकि जब परिजनों को इसकी जानकारी हाथ लगी तो वो घटनास्थल पर पहुंच गए. हादसे के बाद से परिजनों में कोहराम मच गया है. घटनास्थल पर पुलिस पहुंच मामले की जांच कर रही है. वहीं परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है.

### चिराग पासवान मिले सीएम नीतीश कुमार से

**पटना ।** केंद्रीय मंत्री और लोजपा रामविलास के प्रमुख चिराग पासवान ने रविवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात की. उन्होंने सीएम नीतीश कुमार से मिलकर बिहार में चल रहे विकास कार्यों पर चर्चा की. चिराग सरकारी नौकरी के मुद्दे पर भी मुख्यमंत्री से चर्चा की और आगामी नियुक्ति को लेकर किन किन विभागों में काम चल रहा है इसकी जानकारी ली. नरेंद्र मोदी सरकार में मंत्री बनने के बाद चिराग की सीएम नीतीश कुमार से यह पहली मुलाकात है. पासवान ने रविवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट कर सीएम से मुलाकात की तस्वीरें साझा की हैं. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री से उनके आवास पर भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया.

## लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से जिले की नदियां उफान पर

# गांवों में घुसा पानी, भय का माहौल

**संवाददाता । अररिया**




लगातार हो रही मूसलाधार बारिश और नेपाल के जल अधिग्रहण क्षेत्र से छोड़े जा रहे पानी के कारण जिले की नदियां उफान पर है. जिले में बहने वाली परमान, बकरा, नूना, सिंधिया, घाघी, रतुआ, सुरसर आदि नदी और धार पानी से लबालब हो गया है. वहीं नदियों में अचानक आए पानी से नदियां उफान पर है. फलस्वरूप नदी से सटे निचले इलाकों में नदी का पानी फैलने लगा है. कई गांवों में नदी का फैल चुका है जिससे गांव के लोग भय के साये में जीने को विवश है.सबसे ज्यादा उफान पर नूना नदी है. फलस्वरूप सिकटी प्रखंड के सालगुड़ी, कचना, बांसबाड़ी, सिघिया, साहू टोला, पड़रिया, ओलाबाड़ी, दहगामा आदि इलाकों में नदी का पानी फैल गया है.

परमान नदी के कारण जोगबनी नगर परिषद क्षेत्र के कई वार्ड, अमौना, कुसमाहा, पिपरा, कलुआ, बैजनाथपुर, अम्हारा, घोड़ाघाट, रमई, गुरमही, खवासपुर आदि के गांव के निचले इलाकों में नदी का पानी फैल गया है. कई स्थानों पर पानी सड़क के ऊपर से बह रहा है. वहीं कुर्साकांटा प्रखंड के सौरगांव, रहटमीना,लक्ष्मीपुर,जागीर परासी, सिकटिया आदि पंचायतों में भी नदी का पानी लोगों के घरों और आंगन में प्रवेश कर गया है, जिससे लोगों को आवाजाही में भी परेशानी हो रही है. वहीं सैकड़ों एकड़ खेत में लगे फसल पौधे भी डूब गए हैं.

### 24 घंटे में ठनका गिरने से 10 लोगों की हुई मौत

**पटना ।** पिछले 24 घंटे में वज्रपात से नौ जिलों में 10 लोगों की मौत हो गई . बिहार आपदा प्रबंधन विभाग के अनुसार नालन्दा में 02, वैशाली में 01, भागलपुर में 01, सहरसा में 01, रोहतास में 01, सारण में 01, जमुई में 01, भोजपुर में 01 एवं गोपालगंज में 01 व्यक्ति की मौत हुई है . मुख्यमंत्री ने वज्रपात से मौतों पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है . मुख्यमंत्री ने रविवार को ही मृतक के परिजनों को चार-चार लाख रुपये अनुग्रह अनुदान देने के निर्देश दिये हैं .

### रोहतास के कुराईच नहर में डूबीं तीन छात्राओं का शव 16 घंटे बाद बरामद, एक अभी भी लापता

**सासाराम ।** रोहतास जिला के सासाराम मुफ्फसिल थाना अंतर्गत लालगंज कुराईच नहर में धुवां गांव के पास नहर में डूबी चार छात्राओं में से तीन का शव रविवार 7 जून को बरामद कर लिया गया, जबकि चौथी छात्रा की खोज जारी है. एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंच कर खोज कर रही है. शनिवार को स्कूल से वापस आने के क्रम में नहर में पैर धोने गई छात्राएं तेज बहाव में बह गई थी, जिनमें से तीन का शव लगभग 16 घंटे बाद बरामद किया गया है.

### खोले गए बैराज के सभी 56 फाटक

**सुपौल ।** सुपौल कोसी नदी के जल अधिग्रहण क्षेत्र में जारी मानसूनी बारिश ने नदी के जलस्तर को अप्रत्याशित रूप से बढ़ा दिया है. रविवार को बराह क्षेत्र में जल प्रवाह 2,27,300 क्यूसेक तक पहुंच गया और कोसी बराज पर 3,68,680 क्यूसेक हो गया, जिससे कोसी बराज के सभी 56 फाटकों को उठाकर पानी को सीधे डाउनस्ट्रीम में भेजा जा रहा है. यह घटना 2024 की घोषित बाढ़ अवधि के 37वें दिन हुई, जब कोसी बराज के सभी गेट खोले गए. इससे पहले, 14 और 25 अगस्त 2023 को भी सभी गेट खोले गए थे.

### रक्सौल शहर के कई मुहल्ले हुए जलमग्न

**पूर्वी चंपारण ।** नेपाल में लगातार हो रही बारिश से बूढ़ी गंडक की सहायक पहाड़ी नदिया उफान पर है . तिलावे, बंगरी सरिसवा, दुधौरा समेत करीब दर्जन भर नदियों के जलस्तर में बेतहाशा वृद्धि दर्ज की जा रही है . जलग्रहण क्षेत्र में बारिश से पहाड़ से ढलकर पानी अब धीरे-धीरे भारत के मैदानी क्षेत्रों की ओर बढ़ रही है . हालांकि बूढ़ी गंडक लालबेगिया घाट पर निर्धारित खतरे के निशान 63 .195 मीटर से नीचे यानी 59 .80 मीटर पर बह रही है .

## जदयू विधायक गोपाल मंडल का दावा

# बिहार में नीतीश के बिना भाजपा का कोई स्थान नहीं

**संवाददाता । भागलपुर**

बिहार में एनडीए में सब कुछ ठीक नहीं दिख रहा है. गोपालपुर के जदयू विधायक गोपाल मंडल की बातों से कुछ ऐसा ही प्रतीत होता है. बीते दिनों पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्वनी चौबे ने 2025 में बिहार में एनडीए में भाजपा के चेहरा के नेतृत्व में चुनाव लड़ने की बात कही थी. इसको लेकर जदयू विधायक गोपाल मंडल ने अश्विनी चौबे और गिरिराज सिंह पर टिप्पणी की है.

गोपाल मंडल ने कहा कि अश्वनी चौबे क्या हैं. बिहार में भाजपा का स्थान कहां है, पहचान कहां है. ऐसे ही चौबे जी बकबक करते हैं. उनका दिमाग घसक गया है. वो टिक वाला है गिरिराज सिंह वह भी बकबक करते हैं. नीतीश कुमार के नेतृत्व में लोकसभा चुनाव लड़ा तो फूल बहुमत आया.

उन्होंने कहा कि अश्विनी चौबे राज्यपाल बने, कुछ बने जहां का बनेगा वहीं बर्बाद कर देगा. भाजपा नीतीश को साइड करके कहां जाएगी. अगर दम था तो क्यों नहीं अकेले चुनाव लड़े. इन लोगों को बकबक करने की आदत है. नीतीश कुमार को कहता है पलटू दादा नीतीश कुमार बैठे रहते हैं. कभी राजद आ गया सट जाओ कभी भाजपा आ गया तो सट जाओ. वहीं उन्होंने कहा कि 2025 में राजद नहीं सटेगा.

# समस्तीपुर में महिला का युवक पर एसिड अटैक, हालत नाजुक

**संवाददाता । समस्तीपुर**

समस्तीपुर के पूसा थाना क्षेत्र के एक सरकारी विद्यालय में कार्यरत युवक पर एसिड फेंकने का मामला रविवार को प्रकाश में आया है. पुलिस ने झुलसे हालत में युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है. युवक की पहचान महमदा गांव निवासी महेश पोद्दार के पुत्र राजकुमार पोद्दार (38 वर्ष) के रूप में हुई है.

अस्पताल में भर्ती के बाद जख्मी युवक ने बताया कि वह एक सरकारी स्कूल में काम करता है. जहां शनिवार की रात में मीरा मैडम ने उस पर एसिड फेंका है. जिसमें वह बुरी तरह से झुलस गया. हालांकि घटना कहां हुई और कब हुई? इसके बारे में फिलहाल कोई जानकारी नहीं मिल पा रही है. युवक भी घटनास्थल के बारे में कुछ स्पष्ट नहीं बोल पा रहा है. वहीं, घटना की सूचना मिलने के बाद पूसा थाना की पुलिस भी दलबल के साथ सदर अस्पताल के लिए निकल गई. युवक का शरीर लगभग 75 प्रतिशत झुलस गया है. इस वजह से फिलहाल उसकी हालत गंभीर बनी हुई है. जबकि अस्पताल में मौजूद चिकित्सक उसका इलाज कर रहे हैं.

# मोतिहारी में चार साल पूर्व बनी पुलिया हुई ध्वस्त

- करीब दो लाख रुपये की लागत से बनी आरसीसी पुलिया भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गयी

**संवाददाता । मोतिहारी**



लोहरगांव में बनी पुलिया धंस गई

बिहार में पुल और पुलियों के टूटने और गिरने का सिलसिला जारी है. इस बार पूर्वी चंपारण के मधुबन प्रखंड के लोहरगांव गांव में करीब दो लाख रुपये की लागत से बनी आरसीसी पुलिया भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गयी. इस पुलिया का निर्माण 14वीं वित्त आयोग के अनुशंसा पर 2019 में करीब 200000 की लागत से कराया गया था. जो महज कुछ ही घंटे की बारिश में ध्वस्त होकर जमींदोज हो गयी. इस पुलिया के ध्वस्त होने से लगभग 500 से ज्यादा की आबादी सीधे तौर पर प्रभावित हुई है,जिसमे ज्यादातर अनुसूचित जाति और अति पिछड़े समाज के लोग शामिल है. जिनका गांव के अन्य टोलो से संपर्क भंग हो चुका है. लोहारगांवा के लोगों ने कहा कि इस पुलिया के टूट जाने से हम सभी काफी परेशान हैं. पुलिया टूट जाने से एक व्यक्ति की हाथ भी टूट गया है. वहीं अगर पुल निर्माण नहीं हो पाया तो आने वाले दिनों में विशेष कर बरसात के मौसम में हम सभी को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है.

# विकास के लिए मंडल जी को जिताएं : चिराग

**संवाददाता । पूर्णिया**



रुपौली विस क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते चिराग व मांझी .

पूर्णिया के रुपौली विधानसभा को लेकर एक बड़ी जनसभा रुपौली हाई स्कूल में हुई. इस जनसभा में केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान और जीतन राम मांझी पहुंचे. इस जनसभा को संबोधित करते हुए चिराग पासवान ने कहा कि हमारी एनडीए की सरकार एक मजबूत तथा लगातार विकास करने वाली सरकार है. हम लोग मिलकर बिहार के विकास के लिए तत्पर हैं. इस चुनाव में एनडीए के प्रत्याशी कलाधर मंडल जी को जिताकर यहां की बिहार सरकार तथा केंद्र सरकार को मजबूत करेंगे तो हमारा विकास का लक्ष्य आगे बढ़ सकेगा. इस मौके पर जीतन राम माझी ने कहा की विपक्षी लोग क्या काम करते हैं और क्या जंगल राज चलाते है यह सब को पता है. जंगल राज से दूर रहने के लिए एनडीए की सरकार को मजबूत करना जरूरी है. हम लोग लगातार बिहार के विकास के बारे में सोचते हैं और विपक्ष के लोग बिहार के विनाश के बारे में सोचते हैं. भ्रष्टाचार से दूर रहकर बिहार के लिए सभी लोग आगे बढ़े और रुपौली से कलाधर मंडल को तीर छप पर वोट देकर विजयी बनाएं.

**कारोबार**

### सिग्नेचर की बिक्री बुकिंग 3.5 गुना बढ़ा

**नयी दिल्ली ।** रियल एस्टेट कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल की बिक्री बुकिंग अप्रैल-जून की पहली तिमाही में 3.5 गुना होकर 3,120 करोड़ रुपये पर पहुंच गई है. कंपनी की आवासीय परियोजनाओं में भारी मांग की वजह से बिक्री बुकिंग में यह उछाल दर्ज हुआ है. एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी की बिक्री बुकिंग 820 करोड़ रुपये रही थी.

### मई में देश का कोयला आयात 5% बढ़ गया

**नयी दिल्ली ।** देश का कोयला आयात चालू वित्त वर्ष के पहले दो माह में एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 5.3 प्रतिशत बढ़कर 5.22 करोड़ टन रहा है. टाटा स्टील और सेल के संयुक्त उद्यम बी2बी ई-कॉमर्स मंच 'एमजंक्शन सर्विसेज लिमिटेड' के आंकड़ों से यह जानकारी मिली है. इससे पिछले वित्त वर्ष के अप्रैल और मई माह में कोयला आयात 4.96 करोड़ टन रहा था. हालांकि, मई में कोयला आयात मामूली घटकर 2.61 करोड़ टन रहा है.

## रियल इस्टेट इंडस्ट्री को आगामी बजट से तर्कसंगत टैक्स की है उम्मीद

# रियल एस्टेट मार्केट में उछाल, मकानों की मांग बढ़ी

**भाषा । नयी दिल्ली**



**रियल एस्टेट**

- 2023 में निर्माण लागत में 10-20% की वृद्धि हुई है
- इस सेक्टर पर टैक्स की कई मार भी पड़ रही है
- 2022 की तुलना में 2023 में खरीदारी के बारे में पूछताछ में बढ़ोत्तरी हुई है

जिस तरह से आबादी बढ़ रही है, उस तरह से मकान की मांग भी बढ़ रही है. यह स्थिति सिर्फ छोटे शहरों की ही नहीं है, बल्कि मेट्रो सिटीज की भी है. कोरोना काल में मांग में कम रही थी, लेकिन इसके बाद मांग बढ़ी और देश के रियल एस्टेट मार्केट में बड़ा उछाल आया. इस वजह से मकान की कीमतें भी बढ़ी हैं. प्रोजेक्ट की नई लॉन्चिंग भी हो रही है. लेकिन इस सेक्टर पर टैक्स की कई मार भी पड़ रही है. ऐसे में रियल इस्टेट इंडस्ट्री की नजरें आगामी बजट पर टिकी है. इस इंडस्ट्री का कहना है कि सरकार को आगामी बजट में कुछ ऐसे उपाय करने चाहए ताकि इस सेक्टर में टैक्स तर्कसंगत हो सके. इसे लेकर सर्वे भी किया गया है. जिससे इस इंडस्ट्री के कारोबारी सरकार से कई उम्मीदें लगाए हैं.

सर्वे के मुताबिक 53% डेवलपर्स को लगता है कि 2022 की तुलना में 2023 में खरीदारी के बारे में पूछताछ और इससे जुड़ी गतिविधियों में बढ़ोतरी हुई है. बढ़ती इनपुट लागत के बीच 45% डेवलपर्स ने कहा कि 2023 में निर्माण लागत में 10-20% की वृद्धि हुई है. लगभग आधे डेवलपर्स को लगता है कि 2024 में आवासीय मांग स्थिर रहेगी, जबकि 27% को लगता है कि मांग में 25% तक की बढ़त होगी. सर्वे में शामिल 52% डेवलपर्स को उम्मीद है कि 2024 में आवास की कीमतें बढ़ेंगी. 25% डेवलपर्स वैकल्पिक व्यवसाय मॉडल के रूप में प्लॉटेड डेवलपमेंट में संभावना तलाशने के लिए तैयार हैं. इसके बाद ब्रांडेड आवास सेगमेंट है जिसे अपने वैकल्पिक कारोबार के लिए 21% डेवलपर्स ने पसंद किया है. वहीं 80% से ज्यादा डेवलपर्स का मानना है कि आवासीय संपत्तियों के लिए एनआरआई मांग बढ़ेगी. जबकि लगभग 50 फीसदी डेवलपर्स टैक्स व्यवस्था को सरल बनाने या ब्याज दरों में कमी के जरिए लागत में बड़ी कटौती चाहते हैं.

देखा जाए तो पिछले 2-3 सालों में, देश के टियर वन और टियर टू शहरों में रेसिडेंसियल प्रॉपर्टी की मांग में तेजी देखने को मिली है. डेवलपर्स को उम्मीद है कि 2024 में भी यह तेजी जारी रहेगी. क्रेडाई और कोलियर्स द्वारा अप्रैल-मई 2024 के दौरान किए गए डेवलपर सेंटीमेंट सर्वे के मुताबिक सर्वे में शामिल डेवलपर्स में से लगभग आधे 2024 में आवासीय मांग में उछाल आने को लेकर आश्वस्त हैं. मजबूत मांग के बीच, पूरे भारत में लगभग 52% डेवलपर्स को उम्मीद है कि 2024 में आवास की कीमतें बढ़ेंगी. 2023 के दौरान, देश के आठ बड़े शहरों में आवास की कीमतों में औसतन 9% की वार्षिक बढ़त देखने को मिली है. यह रुझान 2024 की पहली तिमाही में 10% वार्षिक ग्रोथ के साथ कायम रहा और साल के बाकी बचे हिस्से में भी तेजी जारी रहने की संभावना है,

क्रेडाई के प्रेसिडेंट बोमन ईरानी का कहना है कि भारत की 2030 तक 7 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की महत्वाकांक्षा इंफ्रास्ट्रक्चर और रियल एस्टेट की क्रांतिकारी शक्ति और प्रभाव से प्रेरित है. पिछली कुछ तिमाहियों में रियल एस्टेट सेक्टर की मजबूत ग्रोथ और इस सेक्टर में हुई खरीद-फरोख्त की मात्रा में बढ़त का असर अर्थव्यवस्था द्वारा दर्ज की गई.

### हिंडनबर्ग ने प्रकाशन से पूर्व ही अदाणी से संबंधित रिपोर्ट साझा की : सेबी

**नयी दिल्ली ।** अमेरिकी शॉर्ट-सेलर हिंडनबर्ग रिसर्च ने अदाणी समूह के खिलाफ अपनी रिपोर्ट की एक अग्रिम प्रति इसके प्रकाशन से लगभग दो महीने पहले न्यूयॉर्क स्थित हेज कोष प्रबंधक मार्क किंग्डन के साथ साझा की थी और समूह की कंपनियों के शेयरों में उतार-चढ़ाव का लाभ उठाया था. सेबी ने यह दावा किया है. सेबी ने हिंडनबर्ग को भेजे अपने 46 पृष्ठ के कारण बताओ नोटिस में विस्तार से बताया है कि कैसे अमेरिकी शॉर्ट सेलर, न्यूयॉर्क के हेज कोष और कोटक महिंद्रा बैंक से जुड़े ब्रोकर को समूह की 10 सूचीबद्ध कंपनियों के शेयरों के मूल्यांकन में रिपोर्ट के प्रकाशन के बाद आई भारी-भरकम 150 अरब डॉलर की गिरावट से लाभ हुआ. वहीं सेबी के इस कारण बताओ नोटिस के जवाब में हिंडनबर्ग ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा है कि यह भारत के सबसे शक्तिशाली व्यक्तियों द्वारा किए गए भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी को उजागर करने वालों को चुप कराने और डराने-धमकाने' का प्रयास है. साथ ही उअदाणी के खिलाफ दांव लगाने के लिए जिस इकाई का इस्तेमाल किया गया.

# एफपीआई ने शेयरों में 7,962 करोड़ रुपये डाले




**नयी दिल्ली ।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने जुलाई के पहले सप्ताह में भारतीय शेयर बाजारों में शुद्ध रूप से 7,900 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है. आर्थिक मोर्चे पर मजबूती के बीच एफपीआई का भारतीय बाजार के प्रति भरोसा बढ़ा है. डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, इसके साथ ही इस साल अबतक शेयरों में कुल एफपीआई निवेश 1.16 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है. आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने इस महीने अबतक (पांच जुलाई तक) शेयरों में शुद्ध रूप से 7,962 करोड़ का निवेश किया है.

# बीते सप्ताह सोयाबीन तिलहन की दर में गिरावट, अन्य में सुधार



**नयी दिल्ली ।** बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में डी-आयल्ड केक की कमजोर मांग की वजह से सोयाबीन तिलहन के दाम में गिरावट आई. दूसरी ओर आयातित सोयाबीन डीगम तेल की जुलाई खेप की कीमत में वृद्धि के कारण बाकी सभी देशी एवं आयातित तेल-तिलहन के दाम में सुधार देखने को मिला. बाजार सूत्रों ने कहा कि जुलाई खेप वाले सोयाबीन डीगम तेल का दाम कांडला बंदरगाह पर 1,040-1,045 डॉलर प्रति टन से बढ़कर 1,080-1,085 डॉलर प्रति टन हो गया है.

**विश्लेषण**

## शेयर बाजार : वर्तमान में शेयर निवेश के लिए चौतरफा धन प्रवाह है, तभी निफ्टी नई ऊंचाइयों को छू रहा है

# घरेलू निवेशकों के मार्केट में प्रवेश का उत्साह, जून में 42.4 लाख नए डीमैट खाते खुले



**शशांक भारद्वाज**
वीपी च्वॉइस ब्रोकिंग

भारतीय शेयर मार्केट में तेजी थकने का नाम ही नहीं ले रही है. निफ्टी नयी ऊंचाइयां बनाते जा रहा है. सप्ताह के पांच व्यापारिक सत्रों में चार में निफ्टी ने नयी ऐतिहासिक ऊंचाइयां बनायी. वास्तविकता यह है कि शेयर निवेश के लिए चौतरफा धन प्रवाह है इसलिए मार्केट में गिरावट आ नहीं रही है. मूल्यांकन के दृष्टिकोण से देखें तो अभी निफ्टी का पीई अनुपात 23.2 है, जो भारतीय अर्थव्यवस्था की शक्तिशाली स्थिति व अच्छी विकास दर के कारण बहुत अधिक नहीं कही जा सकती है. हां,यह 27 -28 पहुंचने लगे, तब मार्केट को अत्यधिक गर्म माना जा सकता है.अर्थात निकट अवधि में 25000 निफ्टी पर मार्केट का मूल्यांकन अत्यधिक सा माना जायेगा. ये वर्तमान निफ्टी 24323 से 667 अंक दूर है. परंतु ,चूंकि भारतीय कंपनियों की आय में अगले पांच वर्षों तक 20 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि का अनुमान है , अतः आर्थिक स्थिति व मूल्यांकन के आधार पर बहुत बड़ी गिरावट की संभावना तो नहीं ही लगती है. विगत सप्ताह निफ्टी में 313 अंकों की बढ़त रही. 24000 के मनोवैज्ञानिक स्तर के ऊपर निफ्टी पूरे सप्ताह बना रहा. लगता है 24000 निफ्टी को एक मानसिक स्वीकृति मिल गयी है. निफ्टी 24000 हो गया, बहुत बढ़ गया ,शेयर बेच लो, ये मनोभाव से मार्केट थोड़ा ऊपर उठ चुका है. वैसे हो सकता है निफ्टी आधारित तथा बड़े शेयरों में प्रतिशत के आधार पर इन स्तरों से बड़ी वृद्धि न दिखें परंतु अन्य बहुत से व्यक्तिगत शेयरों में बड़ी तेजी दिख सकती है.

घरेलू निवेशकों का मार्केट में प्रवेश का उत्साह बना हुआ है. जून में 42.4 लाख नए डीमैट खाते खुले हैं व इनकी कुल संख्या 16.20 करोड़ से अधिक हो गई है. सबसे बड़ी बात यह है कि ये नए डीमैट अकाउंट सक्रिय प्रकृति के हैं.अब इनके माध्यम से 50000 रुपए प्रति खाते का भी निवेश आए तो यह राशि बहुत बड़ी राशि होती है. यह मार्केट के अभी के स्तर पर, किसी गिरावट में भी एक समर्थन,आधार प्रदान करेगी. ब्लूमबर्ग के एक सर्वेक्षण में तो इस वर्ष के अंत तक 26000 निफ्टी की संभावना जताई गई है.

30 वर्ष के कम आयु के निवेशक 5 वर्ष में दुगने हो गए हैं. युवा निवेशकों की जोखिम उठाने की क्षमता भी अधिक होती है.

23 जुलाई को मोदी सरकार 3.0 का पहला बजट आना है. अच्छे बजट की आशा में भी मार्केट शक्तिशाली बना रह सकता है.बजट में आधारभूत संरचनाओं के लिए बड़ा धन आवंटन हो सकता है, आयकर की छूट सीमा बढ़ सकती है. मोदी जी इस बार 240 सीट पर हैं,अतः बहुत कड़ा कोई पग तो नहीं उठाया जाना चाहिए जो किसी मतदाता वर्ग को रूष्ट कर दे .फिर अभी अगले लोकसभा चुनाव 5 वर्ष दूर हैं. अतः चुनावी बजट न हो कर अर्थव्यवस्था को गति,बढ़ावा ही बड़ी प्राथमिकता होगी.

एक बजट पूर्व खरीदारी भी दिखनी चाहिए, विशेषकर उन शेयरों में जिनको बजट से लाभ होने की संभावना है.उसमें खाद,सरकारी उपक्रम,रक्षा,रेलवे क्षेत्र के शेयर हो सकते हैं. इस वर्ष अप्रैल जून अवधि में रियल एस्टेट क्षेत्र में तीन वर्षों में सर्वाधिक 21123 करोड़ रुपए का निवेश हुआ है.इस वर्ष की पहली छमाही में घरों की बिक्री 11 प्रतिशत बढ़ 10 वर्षों के शिखर पर है. ये भारतीयों की अच्छी आय ,आय में वृद्धि का परिचायक है.अन्य संबंधित उद्योगों को भी इसका बड़ा लाभ मिलता है.

अर्थव्यवस्था का विकेंद्रीकरण भी हो रहा है. स्टार्टअप्स तथा वैश्विक दक्षता केंद्र ने पिछले 5 वर्षों में 8 करोड़ जीविका सृजित की है.यह संपन्न भारत की दिशा में एक महत्वपूर्ण पग है. निफ्टी के इन अपेक्षाकृत ऊंचे स्तरों पर भी विदेशी निवेशक निवेश कर रहें हैं.पिछले सप्ताह विदेशी संस्थागत निवेशकों ने नकद संभाग में 6874 करोड़ रुपए के शेयर क्रय किए , एफपीआई ने 7962 करोड़ की खरीद की.घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 385 करोड़ रूपए के शेयर बेचे यद्यपि उनकी बिकवाली विदेशी निवेशकों के क्रय की तुलना में नगण्य सी ही रही. पूरे विश्व में ब्याज दरों में कमी का युग शीघ्र ही प्रारंभ होने की संभावना बलवती हो रही है.अमेरिका में मुद्रास्फीति कम होने की स्थिति हो रही है.भारत ने भी वस्तुओं तथा सेवाओं की मुद्रास्फीति 4 प्रतिशत से कम है जबकि रेपो रेट 6.5 प्रतिशत है.ऐसे में यहां रेपो रेट में एक प्रतिशत तक की कमी होनी ही चाहिए. विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में ब्याज दरों में कमी का क्रम प्रारंभ होने पर बहुत बड़ी राशि ब्याज की प्रतिभूतियों से इक्विटी की ओर आयेगी. प्रसिद्ध अमेरिकी अर्थशास्त्री मार्टिन वुल्फ के अनुसार वर्ष 2047 में भारत उच्च मध्यम आय का राष्ट्र बन जायेगा. भारत एक बड़ी जनसंख्या का देश है.अतः इन दोनों के मिश्रण के प्रभाव से एक बड़ी आर्थिक महाशक्ति हो जाएगा.यह अगले 25 वर्षों में अर्थव्यवस्था तथा शेयर मार्केट को आशातीत ऊंचाइयों पर ले जायेगा.अतः दीर्घ अवधि में तो दोनो का भविष्य अत्यंत उज्जवल है. भारत में निर्धनता भी 2011 -12 के 21.2 प्रतिशत की तुलना में 2022 -24 में 8.5 प्रतिशत आ गई है.संपन्नता शेयरों में निवेश बढ़ाती है. पीएमआई सूचकांक मई के 57.5 प्रतिशत की तुलना में जून में बढ़कर 58.3 प्रतिशत हो गया जो अच्छी आर्थिक गतिविधियों का संकेत है. जून में जीएसटी संग्रह 1.74 लाख करोड़ रहा है.अब सरकार का गठन हो चुका तो इसमें इस स्तरों से अच्छी वृद्धि दिख सकती है. म्यूचुअल फंड से अच्छी आय का क्रम बना हुआ है.इस वर्ष 117 नए कोष आए थे जिन्होंने अभी तक 31.9 प्रतिशत प्रतिफल दिया है. यह बैंक ब्याज से कई गुणा अधिक है. इससे एमएफ के निवेश का उत्साह बना रहेगा और बढ़ेगा.

भारतीय अर्थव्यवस्था के इसी वर्ष 4 ट्रिलियन डॉलर के पार होने की संभावना बन गई है.ऐसे में भारतीय शेयर मार्केट का पूंजीकरण 5 ट्रिलियन डॉलर हो सकता है. क्रूड का महंगा होना तथा बने रहना थोड़ी चिंता का विषय है.ईरान में सत्ता परिवर्तन हुआ है,कट्टरपंथी हारे हैं,उदारपंथी जीते है.इससे ईरान पर आर्थिक प्रतिबंध कम हो सकते,विश्व में तनाव कम हो सकता है.यह क्रूड के मूल्यों में भी बड़ी गिरावट ला सकता है. मानसून में अभी कमी है परंतु इसकी भरपाई की बात कही जा रही है. भारतीय शेयर मार्केट में के पारंपरिक नियम, नए निवेशकों के व्यवहार के तरीके ,सोच आदि में परिवर्तन आ चुका है.पुरातनपंथी अवधारणाएं तिरोहित हो रहीं हैं. अतः उसी परिपेक्ष्य में शेयर मार्केट,अपने निवेश को लें. एसएंडपी के भारत की साख बढ़ाने की संभावना बतायी है, यदि राजकोषीय घाटा गिर कर 4 प्रतिशत हो जाता है. यह भारत में बड़ा निवेश आकर्षित करेगा.

# देवी-देवताओं के 'पहांडी' अनुष्ठान के साथ पुरी सहित देशभर में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकली







**पुरी/कोलकाता।** भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा का पारंपरिक 'पहांडी' अनुष्ठान रविवार पूर्वाह्न करीब 11 बजे शुरू हुआ. जब भगवान सुदर्शन को सबसे पहले देवी सुभद्रा के रथ 'दर्पदलन' तक ले जाया गया, तो पुरी मंदिर के सिंहद्वार पर घंटियों, शंखों और मंजीरों की ध्वनियों के बीच श्रद्धालुओं ने 'जय जगन्नाथ' के जयकारे लगाए. भगवान सुदर्शन के पीछे-पीछे भगवान बलभद्र को उनके 'तालध्वज रथ' पर ले जाया गया. सेवक भगवान जगन्नाथ और भगवान बलभद्र की बहन देवी सुभद्रा को विशेष शोभा यात्रा निकालकर 'दर्पदलन' रथ तक लाए. अंत में, भगवान जगन्नाथ को घंटियों की ध्वनि के बीच एक पारंपरिक शोभा यात्रा निकालकर 'नंदीघोष' रथ की ओर ले जाया जाएगा. रविवार को भगवान जगन्नाथ की वार्षिक रथ यात्रा में शामिल होने के लिए तीर्थ नगरी पुरी में लाखों श्रद्धालु उमड़े. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी रथ यात्रा में शामिल होंगी. यह 53 साल बाद दो दिवसीय यात्रा होगी. ग्रह-नक्षत्रों की गणना के अनुसार, इस साल दो-दिवसीय यात्रा आयोजित की गई है. आखिरी बार 1971 में दो-दिवसीय यात्रा का आयोजन किया गया था. इसके साथ ही देश के अलग-अलग शहरों में भी भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई. कोलकाता में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस्कॉन रथ यात्रा के दौरान रथ की रस्सियां खींचीं. मौके पर भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया.

## ब्रीफ खबरें

### पाकिस्तान को 5 अरब डॉलर का निवेश मिलेगा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान को अगले तीन साल में पेट्रोलियम और गैस भंडार की खोज और विकास के लिए स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय कंपनियों से पांच अरब डॉलर का निवेश मिलने की उम्मीद है. इससे नकदी संकट से जूझ रहे देश को बहुमूल्य विदेशी मुद्रा की बचत होगी और ईंधन की ऊंची कीमतों की मार झेल रहे आम आदमी को राहत मिलेगी. प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में तेल एवं गैस खोज और उत्पादन क्षेत्र की कंपनियों के प्रतिनिधिमंडल के साथ शनिवार को हुई बैठक में यह घोषणा की गई. पाकिस्तान में पेट्रोलियम और गैस की खोज के लिए पांच अरब डॉलर के निवेश से लगभग 240 स्थानों पर खुदाई की जाएगी.

### बीएमडब्ल्यू की टक्कर से एक महिला की मौत

**मुंबई।** मुंबई के वर्ली इलाके में रविवार सुबह एक बीएमडब्ल्यू कार ने एक दुपहिया वाहन को टक्कर मारी दी, जिससे उस पर सवार एक महिला की मौत हो गयी. वर्ली पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि महिला की पहचान कावेरी नखवा (45) के तौर पर की गयी है. वह एनी बेसेंट रोड पर अपने पति प्रदीप के साथ दुपहिया वाहन से जा रही थीं तभी बीएमडब्ल्यू कार के चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया. उन्होंने बताया, 'कावेरी नखवा सड़क पर गिर गयीं. आसपास से गुजर रहे लोगों ने पुलिस को घटना के बारे में सूचना दी. उन्हें सरकारी नायर हॉस्पिटल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया.

### प्रसिद्ध अमेरिकी फिल्म निर्माता लैंडोउ का निधन

**लॉस एंजिलिस।** प्रसिद्ध अमेरिकी फिल्म निर्माता और ऑस्कर पुरस्कार विजेता जॉन लैंडोउ का निधन हो गया. वह 63 साल के थे. लैंडोउ ने निर्देशक जेम्स कैमरन के साथ मिलकर फिल्म ''टाइटैनिक'' और ''अवतार'' सीरीज पर काम किया था. डिज्नी एंटरटेनमेंट के सह-अध्यक्ष एलन बर्गमैन ने शनिवार को एक बयान जारी कर लैंडोउ के निधन की जानकारी दी. हालांकि, यह नहीं बताया कि मृत्यु किस कारण हुई. बर्गमैन ने कहा, 'जॉन दूरदर्शी थे, जिनकी असाधारण प्रतिभा और जुनून ने कुछ अविस्मरणीय कहानियों को बड़े पर्दे पर जीवंत कर दिया. फिल्म जगत में उनके उल्लेखनीय योगदान ने एक अमिट छाप छोड़ी है.

## मूसलाधार बारिश से असम समेत कई राज्यों की नदियां उफान पर, बाढ़ जैसे हालात

# आठ राज्यों में आफत बनी अतिवृष्टि

**लगातार न्यूज नेटवर्क। नयी दिल्ली**

देशभर में मानसून ने दस्तक दे दी है. हर जगह बरसात हो रही है. जहां पर बहुत भीषण गर्मी थी, वहां पर भी बारिश की बूंदों से राहत है. लेकिन कई ऐसे इलाके हैं, जहां पर बारिश का कहर भी नजर आना शुरू हो गया है. मूसलाधार बारिश और बाढ़ की चपेट में देश के कई राज्य हैं. उत्तराखंड, हिमाचल, असम में नदियां उफान पर हैं. महाराष्ट्र, गुजरात मॉनसूनी बारिश में डूबे हैं. राजस्थान और मध्य प्रदेश में इस बार भी बारिश आफत बन कर टूटी है. यूपी में पिछले दो दिन से बारिश ने रफ्तार पकड़ ली है. देश में हर साल बारिश और बाढ़ से करीब 7 करोड़ लोग प्रभावित होते हैं. पिछले 65 सालों से हर साल औसतन बाढ़ में 2130 लोग मारे जाते हैं. एक लाख 20 हजार जानवर मरते हैं. 82.08 लाख हेक्टेएयर खेती बर्बाद होती है. इस साल भी हालात ऐसे ही बन रहे हैं. हालांकि अभी तक जन-धन के नुकसान का आकलन नहीं किया जा सका है.

## असम में बाढ़ की स्थिति गंभीर, 29 जिलों में 24 लाख लोग प्रभावित

**एजेंसी। गुवाहाटी**



असम में रविवार को भी बाढ़ की स्थिति गंभीर बनी रही और करीब 24 लाख लोग इस प्राकृतिक आपदा से प्रभावित हुए हैं. आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी. राज्य भर में ब्रह्मपुत्र समेत कई प्रमुख नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं. सूत्रों ने बताया कि इस साल बाढ़, भूस्खलन और तूफान के कारण अबतक 70 लोगों की मौत हो चुकी है. केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने बाढ़ की स्थिति का जायजा लेने के लिए असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा से बात की और कहा कि राष्ट्रीय आपदा मोचन बल और राज्य आपदा मोचन बल प्रभावित लोगों को बचाने तथा राहत प्रदान करने के लिए युद्ध स्तर पर काम कर रहे हैं. इस बीच, पुलिस ने बताया कि बृहस्पतिवार को गुवाहाटी में एक नाले में गिरे आठ वर्षीय लड़के का शव शहर के राजगढ़ इलाके से बरामद हुआ है. उसके माता-पिता ने गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में शव की पहचान की. राज्य में 29 जिले बाढ़ से प्रभावित हैं. इनमें धुबरी में सबसे अधिक 7.95 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हुए हैं. इसके साथ ही कछार और दरांग जिले भी बाढ़ से बहुत अधिक प्रभावित हुए हैं, दोनों जिलों में डेढ़-डेढ़ लाख लोग बाढ़ में फंसे हुए हैं. कुल 577 राहत शिविरों में 53 हजार से अधिक लोगों ने शरण ले रखी है. जोरहाट से धुबरी तक ब्रह्मपुत्र समेत प्रमुख नदियां कई स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं. बुरहीदेहिंग, दिखोउ, दिसांग, धनसिरी, जिया भराली, कोपिली, बराक और संकोष नदियां भी विभिन्न स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं. बाढ़ से मवेशी भी प्रभावित हुए हैं, जबकि फसलों को भी नुकसान पहुंचा है. राज्य में विभिन्न स्थानों से सड़कों, पुलों समेत बुनियादी ढांचों के क्षतिग्रस्त होने की भी सूचना है.

### गुजरात और महाराष्ट्र में पानी का प्रकोप बढ़ा

भारी बारिश की वजह से गुजरात पानी-पानी हो गया है. मॉनसून के भीषण जलप्रहार से सूरत जैसा शहर मानो तालाब में तब्दील हो गया है. सड़कें जैसे दरिया बन गई हैं. बाढ़ जैसे हालात हैं और जिंदगी बेहाल है. सूरत के आसपास से गुजरने वाली नदियां उफान पर हैं. पानी गांव और शहरों में घुस गया है. बालेश्वर गांव टापू जैसा नजर आने लगा है. पानी के प्रकोप की ऐसी तस्वीरें लोगों को डरा रहीं हैं. जूनागढ़ में मानो शहर के अंदर समंदर घुस आया हो. लगातार बारिश से ओजत नदी और बांध ओवरफ्लो हो गए हैं. जूनागढ़ के 30 से ज्यादा गांव टापू में तब्दील हो गए हैं. सूरत, अहमदाबाद, गांधीनगर, कच्छ, भरूच जैसे शहर बारिश से बेहाल हैं. उधर, मुंबई में भी रविवार को आफत वाली बारिश शुरू हो गई है.

### राजस्थान और एमपी में बड़ी नदियां उफान पर

मध्य प्रदेश और राजस्थान में इस बार मॉनसून देरी से पहुंचा. पांच दिन देरी से वहां पर बरसात की शुरुआत हुई. लेकिन जैसे ही बारिश की शुरुआत हुई जयपुर में घंटे के भीतर 3.1 इंच बारिश हो गई. जिस वजह से पूरे शहर में गाड़ियां तैरती हुई नजर आईं. इस बार मौसम विभाग का पूर्वानुमान कहता है कि राजस्थान में औसत से अधिक बरसात हो सकती है. चंद घंटे की बारिश ने टोंक में सैलाब ला दिया और पूरा शहर दरिया बन गया. भारी बारिश की वजह से राजस्थान की कई छोटी बड़ी नदियां उफान पर हैं.

### उत्तरप्रदेश का भी हाल बुरा

यूपी में भी मॉनसून ने जोर पकड़ना शुरू कर दिया है. मथुरा में इतनी बारिश हुई कि सड़कों पर पानी भर गया. नए बस स्टैंड के पास जलभराव में स्कूल बस और एंबुलेंस फंस गईं. पहले बच्चों को ट्रैक्टर-ट्रॉली से बाहर निकला गया. फिर बुल्डोजर बुलाकर एंबुलेंस को खींचकर निकाली गयी.

### रिसॉर्ट में फंसे 49 लोगों को एनडीआरएफ ने बचाया

**मुंबई।** ठाणे जिले में भारी बारिश के कारण जलमग्न हुए एक रिसॉर्ट में फंसे 49 लोगों और पालघर के 16 ग्रामीणों को रविवार को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया. राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के एक अधिकारी ने बताया कि टीम ने रिसॉर्ट में फंसे लोगों को बचाने के लिए नावों और 'लाइफ जैकेट' का इस्तेमाल किया. जिला आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के प्रमुख विवेकानंद कदम ने कहा कि वसई में साईवान स्थित चालिसपाड़ा में खेतों में काम कर रहे ग्रामीणों का समूह पास के तानसा बांध में जलस्तर बढ़ने के बाद इलाके में आई बाढ़ के कारण फंस गया.

## एबी-पीएमजेएवाई का होगा विस्तार दोगुना होंगे लाभार्थी और कवर राशि

- प्रस्तावों को मंजूरी मिलने पर 12,076 करोड़ रुपये का अतिरिक्त खर्च आएगा

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

केंद्र सरकार अपनी प्रमुख आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के लाभार्थियों की संख्या आगामी तीन साल के दौरान दोगुना करने पर गंभीरता से विचार कर रही है. सरकार शुरुआत में 70 साल से अधिक उम्र के सभी लोगों को इसके दायरे में लाने और बीमा कवरेज को बढ़ाकर 10 लाख रुपये प्रति वर्ष करने पर मंथन कर रही है. आधिकारिक सूत्रों ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि यदि प्रस्तावों को मंजूरी दी जाती है तो राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण के अनुमान के अनुसार, सरकारी खजाने पर प्रति वर्ष 12,076 करोड़ रुपये का अतिरिक्त खर्च आएगा. सूत्रों ने कहा, 'अगले तीन वर्षों में एबी-पीएमजेएवाई के तहत लाभार्थियों की संख्या दोगुना करने पर चर्चा हो रही है, जिसे लागू किया गया तो देश की दो-तिहाई से अधिक आबादी को स्वास्थ्य कवर मिलेगा.

### लगभग 30 प्रतिशत आबादी स्वास्थ्य बीमा से है वंचित

नीति आयोग की अक्टूबर 2021 में प्रकाशित रिपोर्ट में कहा गया था कि लगभग 30 प्रतिशत आबादी स्वास्थ्य बीमा से वंचित है, जो भारतीय आबादी में स्वास्थ्य बीमा कवरेज में अंतर को उजागर करती है. लगभग 20 प्रतिशत आबादी सामाजिक स्वास्थ्य बीमा और निजी स्वैच्छिक स्वास्थ्य बीमा के माध्यम से कवर की जाती है, जो मुख्य रूप से उच्च आय समूहों के लिए तैयार की गई है. पीएमजेएवाई में मौजूदा कवरेज अंतराल और योजनाओं के बीच व्याप्ति (ओवरलैप) के कारण स्वास्थ्य कवर से वंचित वास्तविक आबादी अधिक है.


## जम्मू-कश्मीर दो मुठभेड़ में मारे गए छह आतंकवादी, दो जवान हुए शहीद

**एजेंसी। श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में हुई दो मुठभेड़ों में छह आतंकवादी मारे गए और दो जवान शहीद हो गए.अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी. उन्होंने बताया, मोदरगाम मुठभेड़ स्थल से दो आतंकवादियों के शव बरामद किए गए जबकि चिन्नीगाम स्थल से रविवार को चार शव बरामद किए गए. कुलगाम जिले के दो गांवों में शनिवार को मुठभेड़ शुरू हुई थी. उन्होंने बताया कि आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में एक पैरा कमांडो समेत दो सैन्यकर्मियों ने अपने प्राण न्यौछावर कर दिए. अभियान के बारे में बताते हुए जम्मू-कश्मीर के पुलिस महानिदेशक आरआर स्वैन ने कहा कि इतनी बड़ी संख्या में आतंकवादियों का सफाया करना एक बड़ी उपलब्धि है. उन्होंने कहा, निस्संदेह सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में यह एक बड़ा मील का पत्थर है. ये सफलताएं वास्तविक रूप से और संदेश के लिहाज से भी बहुत सार्थक हैं. अभियान की सफलता इस बात का संकेत है कि जम्मू-कश्मीर में आतंक के खात्मे की लड़ाई अपने अंजाम तक पहुंचेगी.

## गृह मंत्रालय ने कोलकाता के पुलिस आयुक्त पुलिस उपायुक्त के खिलाफ कार्रवाई शुरू की

**एजेंसी। कोलकाता**



अफवाह फैलाकर पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के कार्यालय को कथित तौर पर बदनाम करने के लिए कोलकाता के पुलिस आयुक्त विनीत गोयल और एक डीसीपी के खिलाफ गृह मंत्रालय ने अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की है. केंद्र सरकार के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी. उन्होंने कहा कि गृह मंत्रालय ने यह कार्रवाई पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस द्वारा गोयल और कोलकाता पुलिस उपायुक्त (मध्य) इंदिरा मुखर्जी के संबंध में उस रिपोर्ट के सौंपे जाने के बाद शुरू की है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि वे 'इस तरह काम कर रहे हैं, जो एक लोक सेवक के लिए पूरी तरह से अनुचित है.' उन्होंने कहा कि बोस ने जून के अंतिम सप्ताह में गृह मंत्री को सौंपी अपनी रिपोर्ट में इस मुद्दे को उठाया है कि कोलकाता पुलिस के अधिकारी चुनाव के बाद हुई हिंसा के पीड़ितों को उनसे मिलने की अनुमति नहीं दे रहे हैं, जबकि उन्होंने इसके लिए उन्हें जरूरी अनुमति दे दी थी. अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, 'गृह मंत्रालय ने बंगाल के राज्यपाल बोस द्वारा प्रस्तुत विस्तृत रिपोर्ट के आधार पर आईपीएस अधिकारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की है.' पत्र की प्रतियां चार जुलाई को राज्य सरकार को भेज दी गई थीं. अधिकारी ने बताया कि बंगाल के राज्यपाल ने राजभवन में तैनात अन्य पुलिस अधिकारियों पर अप्रैल-मई 2024 के दौरान एक महिला कर्मचारी द्वारा लगाए गए मनगढ़ंत आरोपों को बढ़ावा देने का भी आरोप लगाया.

## भारत-ऑस्ट्रिया के द्विपक्षीय संबंधों में नई शुरुआत

**मोदी बोले**

- ऑस्ट्रिया की यात्रा पर संबंधों को मजबूत बनाने, सहयोग के नये रास्ते तलाशने पर होगी चर्चा

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारत और ऑस्ट्रिया के राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे होने के मौके पर इस मध्य यूरोपीय देश की यात्रा करना वास्तव में सम्मान की बात है. उन्होंने उम्मीद जताई कि उनकी इस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच संबंधों को प्रगाढ़ करने तथा सहयोग के नये रास्ते तलाशने पर चर्चा होगी. प्रधानमंत्री मोदी ने यह बात ऑस्ट्रिया के चांसलर कार्ल नेहमर के उस सोशल मीडिया पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए कही, जिसमें कहा गया है कि वह दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अगले सप्ताह वियना में स्वागत करने के लिए बहुत उत्सुक हैं. नेहमर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा था, "यह यात्रा एक विशेष सम्मान है क्योंकि यह 40 से अधिक वर्षों में किसी भारतीय प्रधानमंत्री की मेरे देश की पहली यात्रा है. यह इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि हम भारत के साथ राजनयिक संबंधों के 75 साल पूरे होने का जश्न मना रहे हैं." उन्होंने कहा, "हमें अपने द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ़ करने और कई भू-राजनीतिक चुनौतियों पर बेहतरीन सहयोग के बारे में बात करने का अवसर मिलेगा."

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मास्को की 'बेहद अहम यात्रा' को लेकर उत्सुक है रूस : क्रेमलिन

**मॉस्को।** रूस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मॉस्को की 'बेहद अहम यात्रा' को लेकर उत्सुक है और वह इस यात्रा को रूस तथा भारत के संबंधों के लिए अति महत्वपूर्ण मानता है. रूस के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय 'क्रेमलिन' के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने शनिवार को यह बात कही. रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे और वह आठ एवं नौ जुलाई को मॉस्को में रहेंगे. विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को नयी दिल्ली में इस उच्च स्तरीय यात्रा के बारे में जानकारी दी थी और कहा था कि दोनों नेता दोनों देशों के बीच बहुआयामी संबंधों की संपूर्ण समीक्षा करेंगे तथा आपसी हितों के समकालीन क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे.

**रिपोर्ट** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गांधीनगर के अध्ययन में हुआ चिंताजनक खुलासा

# उत्तर भारत में दो दशकों में घट गया 450 घन किमी भूजल

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



उत्तर भारत में साल 2002 से लेकर 2021 तक लगभग 450 घन किलोमीटर भूजल घट गया और निकट भविष्य में जलवायु परिवर्तन के कारण इसकी मात्रा में और भी गिरावट आएगी. एक नये अध्ययन में यह दावा किया गया है. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) गांधीनगर में सिविल इंजीनियरिंग और पृथ्वी विज्ञान के 'विक्रम साराभाई चेयर प्रोफेसर' और अध्ययन के मुख्य लेखक विमल मिश्रा ने बताया कि यह भारत के सबसे बड़े जलाशय इंदिरा सागर बांध की कुल जल भंडारण मात्रा का करीब 37 गुना है. शोधार्थियों ने अध्ययन के दौरान यह पता लगाया कि पूरे उत्तर भारत में 1951-2021 की अवधि के दौरान मानसून के मौसम (जून से सितंबर) में बारिश में 8.5 प्रतिशत कमी आई. इस अवधि के दौरान इस क्षेत्र में सर्दियों के मौसम में तापमान 0.3 डिग्री सेल्सियस बढ़ गया है.

**6-12 प्रतिशत की कमी आने का अनुमान :** अध्ययन के अनुसार, 'जलवायु परिवर्तन के कारण मानसून के दौरान बारिश की कमी और उसके बाद सर्दियों में अपेक्षाकृत तापमान अधिक रहने से भूजल पुनर्भरण में लगभग 6-12 प्रतिशत की कमी आने का अनुमान है.' मिश्रा ने कहा, 'इसलिए हमें अधिक दिनों तक हल्की वर्षा की आवश्यकता है.' भूजल के स्तर में परिवर्तन मुख्य रूप से मानसून के दौरान हुई वर्षा तथा फसलों की सिंचाई के लिए भूजल का दोहन किये जाने पर निर्भर करता है. अध्ययन में यह भी पाया गया कि सर्दियों के दौरान मिट्टी में नमी में कमी आना पिछले चार दशकों में काफी बढ़ गई है, जो सिंचाई की बढ़ती मांग की संभावित भूमिका का संकेत देती है.

### कम बारिश बनी चुनौती

हैदराबाद स्थित राष्ट्रीय भूभौतिकी अनुसंधान संस्थान के शोधार्थियों के दल ने कहा कि मानसून के दौरान कम बारिश होने और सर्दियों के दौरान तापमान बढ़ने के कारण सिंचाई के लिए पानी की मांग बढ़ेगी और इसके कारण भूजल पुनर्भरण में कमी आएगी, जिससे उत्तर भारत में पहले से ही कम हो रहे भूजल संसाधन पर और अधिक दबाव पड़ेगा. 2022 की सर्दियों में अपेक्षाकृत गर्म मौसम व मानसून में कम बारिश का भी अध्ययन किया.

## अध्यक्ष पद के लिए चुनाव 'जीवंत और फलते-फूलते' लोकतंत्र का उदाहरण

- लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने सदन में व्यवधान को बताया अनुचित

**एजेंसी। कोटा/बूंदी**



ओम बिरला ने लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए हुए दुर्लभ चुनाव को एक 'जीवंत और फलते-फूलते लोकतंत्र' का उदाहरण बताते हुए कहा है कि सहमति और असहमति इसका हिस्सा हैं. बिरला ने अध्यक्ष पद के लिए विपक्षी उम्मीदवार के. सुरेश के खिलाफ ध्वनिमत से जीत हासिल की थी. विपक्ष ने भाजपा के बिरला के खिलाफ कांग्रेस के सुरेश को नामित करके चुनाव कराने पर जोर दिया था, हालांकि उसने मत विभाजन के लिए दबाव नहीं डाला था. बिरला ने 'पीटीआई-भाषा' के साथ एक साक्षात्कार में नयी सरकार के गठन के बाद इसके पहले सत्र के दौरान लोकसभा में हुए व्यवधान को अनुचित बताया और कहा कि संसद में तथा सड़कों पर होने वाली बहसों में अंतर होना चाहिए. कट्टरपंथी सिख उपदेशक अमृतपाल सिंह और आतंकी वित्तपोषण मामले में आरोपी इंजीनियर रशीद के जेल में रहते हुए क्रमशः पंजाब के खडूर साहिब और जम्मू-कश्मीर के बारामूला से निर्दलीय के रूप में सदन के लिए चुने जाने पर लोकसभा अध्यक्ष ने कहा कि दोनों सदस्यों को जनता ने चुना है. लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए हुए दुर्लभ चुनाव के बारे में पूछे जाने पर बिरला ने कहा कि यह 'जीवंत और फलते-फूलते लोकतंत्र' का उदाहरण है. इस पद के लिए पिछला चुनाव 1976 में हुआ था. अठारहवीं लोकसभा का पहला सत्र 24 जून से तीन जुलाई तक चला था.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - सुरजीत सिंह, स्थानीय संपादक - दीपक कुमार अम्बष्ठ*. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - JHAHIN/2023/84487 ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)